राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 253
लखनऊ, शनिवार 16 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





घायल डीजे संचालक की उपचार के दौरान मौत 10

आज के विद्यार्थी कल के जागरूक नागरिक व राष्ट्र के भविष्य निर्माता : सतीश महाना 03


## भारत-यूएई के बीच सात विषयों पर सहमति

### पांच अरब डॉलर के निवेश की घोषणा

एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूएई यात्रा के दौरान 7 अहम विषयों पर सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच सामरिक रक्षा साझेदारी के ढांचे पर समझौता हुआ। ऊर्जा क्षेत्र में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तथा तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) आपूर्ति से जुड़े समझौतों पर सहमति बनी। गुजरात के वाडिनार में शिप रिपेयर क्लस्टर स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा भारतीय अवसंरचना क्षेत्र, आरबीएल बैंक और सम्मान कैपिटल में 5 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा की गई।



विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत और यूएई के बीच रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तथा अबूधाबी नेशनल ऑयल कंपनी से जुड़े समझौते का उद्देश्य भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना है। इससे भारत को कच्चे तेल और एलपीजी की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित होगी। यह समझौता भविष्य में वैश्विक संकट या तेल कीमतों में उतार-चढ़ाव के दौरान भारत को राहत देने में मदद करेगा।

एलपीजी आपूर्ति सहयोग समझौते के तहत यूएई भारत को दीर्घकालिक आधार पर तरलीकृत पेट्रोलियम गैस उपलब्ध कराएगा। इससे भारत की घरेलू गैस जरूरतों को पूरा करने में सहायता मिलेगी। यह समझौता ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने के साथ दोनों देशों की आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी को भी मजबूत करेगा।

भारत और यूएई के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी ढांचे का उद्देश्य रक्षा उद्योग सहयोग को बढ़ाना है। इसके तहत दोनों देश रक्षा तकनीक साझा करने और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे। इससे क्षेत्रीय सुरक्षा और दोनों देशों के सामरिक संबंध मजबूत होंगे। वाडिनार में शिप रिपेयर क्लस्टर स्थापित करने का समझौता भारत के समुद्री और औद्योगिक क्षेत्र को नई गति देगा। इससे जहाज मरम्मत उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और 'मेक इन इंडिया' अभियान को मजबूती मिलेगी। इस परियोजना से स्थानीय स्तर पर रोजगार और निवेश के अवसर भी बढ़ेंगे। जहाज निर्माण और मरम्मत क्षेत्र में कौशल विकास सहयोग का उद्देश्य भारतीय युवाओं को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण देना है। इससे भारत में शिपबिल्डिंग और शिप रिपेयर क्षेत्र के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार होंगे।

भारत में एआई सुपर कंप्यूटिंग क्लस्टर स्थापित करने के समझौते के तहत यूएई की तकनीकी कंपनी भारत में अत्याधुनिक डेटा सेंटर और सुपर कंप्यूटर क्षमता विकसित करेगी। इससे भारत के कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अनुसंधान और डिजिटल नवाचार मिशन को गति मिलेगी तथा तकनीकी क्षेत्र में नई संभावनाएं खुलेंगी।

यूएई के भारत में 5 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा भारतीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को बड़ा समर्थन देगी। यह निवेश सड़क, बंदरगाह, ऊर्जा और औद्योगिक क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देगा। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी और भारत की विकास गति को मजबूती मिलेगी।

### प्रधानमंत्री ने की यूएई पर हमलों की निंदा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह दिवसीय विदेश प्रवास के दौरान भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह अबूधाबी पहुंचे। यह उनकी पांच देशों की यात्रा की शुरुआत है। वे आगे नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली जायेंगे। प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में यूएई पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा, यूएई को जिस तरह से निशाना बनाया गया है, वह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय एकता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए यूएई के राष्ट्रपति की ओर से उठाए गए कदमों का स्वागत किया। उन्होंने कठिन समय में यूएई में रहने वाले भारतीय प्रवासियों को दी गई देखभाल के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने आश्वासन दिया कि भारत हर परिस्थिति में यूएई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है और आगे भी खड़ा रहेगा। शांति और स्थिरता की बहाली के लिए भारत हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में युद्ध का प्रभाव आज पूरी दुनिया में देखा जा रहा है। भारत ने हमेशा मुद्दों के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति को महत्व दिया है। हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य है कि होर्मुज स्वतंत्र और खुला रहे। इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करना आवश्यक है।

## पेट्रोल-डीजल तीन रुपये प्रति लीटर महंगा

### दो रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाए गए सीएनजी के दाम

एजेंसी, नई दिल्ली।




पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमत में 3-3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। सीएनजी के दाम भी दो रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाए गए हैं। नई दरें आज से लागू हो गई हैं। करीब चार साल बाद पेट्रोल-डीजल की कीमत में इजाफा किया गया है।

दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये से बढ़कर 97.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 87.67 रुपये से बढ़कर 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गई है। कोलकाता, मुंबई और चेन्नई जैसे महानगरों में भी ईंधन की कीमतों में उछाल आया है। कोलकाता में पेट्रोल 3.29 रुपये बढ़कर अब 108.74 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है।

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल 3.14 रुपये बढ़कर 106.68 रुपये प्रति लीटर में मिल रहा है। दक्षिण भारत के बड़े शहर चेन्नई में पेट्रोल के दामो में 2.83 रुपये का उछाल आया है और नई कीमत 103.67 रुपये प्रति लीटर हो गई है। कोलकाता में डीजल की कीमत में 3.11 रुपये का इजाफा हुआ है। वहां एक लीटर डीजल 95.13 रुपये में मिल रहा है। मुंबई में भी डीजल 3.11 रुपये महंगा होकर 93.14 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है।

चेन्नई में डीजल की कीमत में 2.86 रुपये का इजाफा किया गया है। वहां डीजल अब 95.25 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। दिल्ली के प्रीत विहार स्थित भारत पेट्रोलियम के पंप पर एक ग्राहक ने इस पर कहा कि हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं? ये सभी चीजें दूसरे देशों से आती हैं। इनका उत्पादन यहां नहीं होता। इसलिए सरकार जो भी कदम उठा रही है, वह देश के हित में है। पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ने पर विपक्ष हमलावर है। कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि महंगाई मैन ने जनता पर हंटर चलाया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि आगे बढ़ना है, तो साइकिल ही विकल्प है। विशेषज्ञों का कहना है कि पेट्रोल-डीजल और सीएनजी की कीमत में यह बढ़ोतरी कच्चे तेल की बढ़ती वैश्विक कीमतों के कारण ईंधन बेचने वाली कंपनियों को लगातार हो रहे नुकसान के बीच की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत लगभग 106 डॉलर प्रति बैरल है।

## सीएम योगी की महराजगंज को बड़ी सौगात

### नौतनवा व फरेंदा में 208 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

जनपद के विकास को नई गति देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नौतनवा पहुंचकर नौतनवा एवं फरेंदा विधानसभा क्षेत्र के लिए 208.40 करोड़ रुपये की 79 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति-पत्र, प्रमाण पत्र तथा टूल किट वितरित कर आत्मनिर्भर भारत और सशक्त समाज के संकल्प को मजबूती प्रदान की।



मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से नौतनवा पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। हेलीपेड से उतरने के बाद वे सबसे पहले नौतनवा विधायक ऋषि त्रिपाठी के नव-निर्मित आवास के गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद वे सीधे कार्यक्रम स्थल पहुंचे और वहां विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और जनता को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु सदर विधायक जयमंगल कनौजिया, पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह , पूर्व विधायक फरेंदा बजरंग बहादुर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, नगर पालिका अध्यक्ष बृजेश मणि त्रिपाठी सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। स्टॉल निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया और महिलाओं व बच्चों से संवाद किया। इसके पश्चात उन्होंने नौतनवा और फरेंदा विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित विकास कार्यों का शिलान्यास एवं पूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा पूर्वांचल के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

### 42 विकास कार्यों का सीएम ने किया शिलान्यास

सीएम योगी ने कुल 171.52 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 42 विकास कार्यों का शिलान्यास किया, जबकि 36.88 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुए 37 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं में सड़क, शिक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं, जिनसे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी और जनता को सीधे लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आई। मुख्यमंत्री जेड प्लस सुरक्षा व्यवस्था के बीच कार्यक्रम स्थल पहुंचे। कार्यक्रम स्थल से लेकर भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र तक सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

## नीट-यूजी की 21 जून को होगी दोबारा परीक्षा 14 जून तक जारी होंगे एडमिट कार्ड : प्रधान

एजेंसी, नई दिल्ली।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने घोषणा की है कि नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी और छात्रों को 14 जून तक प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे।






श्री प्रधान ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगले वर्ष से नीट परीक्षा ओएमआर शीट के बजाय कंप्यूटर आधारित मोड में कराई जाएगी। साथ ही इस बार दोबारा परीक्षा देने वाले छात्रों को अपनी सुविधा के अनुसार परीक्षा शहर चुनने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाएगा, ताकि उन्हें यात्रा और अन्य परेशानियों का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि तीन मई को आयोजित परीक्षा के बाद सात मई को कुछ शिकायतें सामने आई थीं, जिसके बाद सरकार ने तत्काल जांच शुरू कर दी। जांच में 12 मई तक यह स्पष्ट हो गया कि गेस पेपर के नाम पर असली प्रश्नपत्र के सवाल बाहर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि सरकार नहीं चाहती कि शिक्षा माफिया की वजह से किसी मेहनती और ईमानदार छात्र का भविष्य प्रभावित हो।

उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। परीक्षा माफियाओं के खिलाफ सरकार की लड़ाई जारी रहेगी और इस बार जांच एजेंसियां पूरी सख्ती से कार्रवाई करेंगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों को कठोर दंड भुगतना पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं से सावधान रहने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में फर्जी खबरें बड़ी चुनौती बन चुकी हैं, इसलिए छात्र और अभिभावक केवल सरकार या एनटीए की ओर से जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। श्री प्रधान ने कहा कि एनटीए हर साल करोड़ों छात्रों की परीक्षाएं आयोजित करता है और जीरो एरर सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा कि छात्रों के हितों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाया जाएगा।

### केरल में दस्तक देगा मानसून, आईएमडी ने जताई समय से पहले संभावना

एजेंसी, नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को अपने पूर्वानुमान में कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के 26 मई को केरल में दस्तक देने की संभावना है। आमतौर पर केरल में मानसून की शुरुआत एक जून के आसपास होती है, जिसके बाद यह उत्तर की ओर बढ़ते हुए देश के बाकी हिस्सों में पहुंचता है। इसके साथ ही देश में मानसून मौसम (जून से सितंबर) की शुरुआत मानी जाती है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले वर्ष मानसून की शुरुआत 24 मई को हुई थी।


REQUIRED
EX SERVICE MAN
@MAHANANDPUR TOLL PLAZA
M/S GAGAN KUMAR
INTERESTED CANDIDATE CONTACT AT TOLL PLAZA
Mob. No. 6392115525





# बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



जिला पंचायत सभागार में बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य आगामी मानसून एवं संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु किए जाने वाले कार्यों, प्रस्तावों तथा व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा कर प्रभावी रणनीति तैयार करना।

बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र ने की। इस दौरान विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पाण्डेय, विधायक मेहनौन विनय कुमार द्विवेदी, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, विधायक करनैलगंज अजय सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, सांसद प्रतिनिधि गोण्डा रमाशंकर मिश्र, सांसद प्रतिनिधि कैसरगंज संजीव सिंह, विधायक मनकापुर प्रतिनिधि वेद प्रकाश दूबे, जिला अध्यक्ष भाजपा अकबाल बहादुर तिवारी अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

- बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं, प्रस्तावों एवं सुझावों को किया प्रस्तुत

बैठक में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बाढ़ पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर समय रहते सभी आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने तटबंधों, नालों एवं जल निकासी व्यवस्था की नियमित निगरानी, संवेदनशील गांवों में राहत शिविरों की पूर्व पहचान, नावों एवं राहत सामग्री की उपलब्धता, साथ ही स्वास्थ्य एवं पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए।

जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं, प्रस्तावों एवं सुझावों को रखा गया। उन्होंने तटबंधों की मरम्मत, जलभराव की समस्या, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति तथा समय पर राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किए जाने पर विशेष जोर दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के समन्वय से ही बाढ़ जैसी आपदा से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि बाढ़ नियंत्रण से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा कानून-व्यवस्था एवं राहत कार्यों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर आवश्यक तैयारियों की जानकारी दी गई।

बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि प्राप्त सुझावों एवं प्रस्तावों के आधार पर कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र अमल में लाई जाएगी, ताकि बाढ़ की स्थिति में जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सके और आमजन को सुरक्षित रखा जा सके।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संत लाल पटेल, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, समस्त उपजिलाधिकारीगण, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीपीआरओ, सीवीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एक्सईएएन बाढ़ खण्ड जय सिंह, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गश्त कर रहे बाइक सवार दो सिपाहियों को कार ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

गोंडा, समृद्धि न्यूज।




कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र में तैनात सिपाही हिमांशु प्रजापति और अनिल कुमार गुप्ता बाइक पर सवार होकर बृहस्पतिवार की देर रात्रि में क्षेत्र में गश्त कर रहे थे।तभी एक कार ने टक्कर मार दिया जिस से दोनो घायल हो गए।

घायल अवस्था में इलाज के लिए कर्नल गंज सी एस सी पर ले गए। हालत खराब होने पर दोनो सिपाही को मेडिकल कालेज के लिए रेफर किया गया है। हालत में सुधार न होने पर दोनों सिपाहियों को लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया है। कर्नल गंज कोतवाली में तैनात सिपाही हिमांशु प्रजापति और अनिल गुप्ता दोनो अपने क्षेत्र के गोनवा गांव में बाइक से गश्त कर रहे थे । तभी पीछे से तेज रफ्तार एक कार ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार सिपाही दोनों सिपाही सड़क पर ही गिर गए । काफी देर तक सड़क पर ही घायल अवस्था में पड़े हुए थे। आस पास के लोगों ने इस की सूचना कोतवाली कर्नल गंज को दिया। सूचना पर थाना प्रभारी नरेंद्र प्रताप राय दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। और घायल सिपाहियों को इलाज के लिए कर्नल गंज सी एस से पर ले कर गए। दोनों की हालत गम्भीर होने पर लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

## कुत्ते के हमले से मासूम घायल, अस्पताल में भर्ती



बहराइच, समृद्धि न्यूज़। जिले के फखरपुर इलाके में एक पांच वर्षीय मासूम पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। बच्चा अपने घर के बाहर खेल रहा था, तभी कुत्ते ने उसे काट लिया। परिवार के सदस्यों ने बच्चे को बचाया और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना इंदुर ग्राम में हुई। पांच वर्षीय अंकुश अपने घर के सामने खेल रहा था। अचानक एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। बच्चे की चीख सुनकर उसकी मां अनीता और परिवार के अन्य सदस्य डंडे लेकर दौड़े, जिसके बाद कुत्ता भाग गया। हमले में मासूम अंकुश की पीठ और कंधे पर गहरे घाव हो गए। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल ले गए, जहां हिंसक जानवरों के हमले में घायल लोगों के लिए बने विशेष वार्ड में उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि बच्चे की हालत खतरे से बाहर है। घायल बच्चे की मां अनीता ने बताया कि गांव में आवारा कुत्तों की संख्या काफी बढ़ गई है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से इन कुत्तों को पकड़ने और उनकी बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### अव्यवस्थित टैक्सी स्टैंड बना जाम का कारण

गोंडा, समृद्धि न्यूज़। प्रशासन नगर पालिका द्वारा चिन्हित टैंपो टैक्सी स्टैंड के विपरीत शहर के बीचो बीच में वाहन खड़ा करने के संबंध में रफीक रैनी राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी युवजन सभा द्वारा आपका ध्यान आकर्षित किया जाता है कि प्रशासन नगर पालिका द्वारा नगर पालिका टैक्सी / टैंपो स्टैंड के लिए चिन्हित ठहराव स्थल किया गया है लेकिन ठेकेदार द्वारा में शहर में चौक बाजार तरबगंज रोड, झंझरी ब्लॉक उतरौला रोड पर यश मय स्कूल के पास थॉमसन इंटर कॉलेज के पास अवैध तरीके से वहां रुकवा कर नगर पालिका की वसूली कर रहे हैं और ठहराव स्थल कहीं भी नहीं बनवाया है जिससे यकीनन पूरे शहर में यातायात बाधित होती है और अवसर जाम ट्रैफिक लगता है जिससे राहगीर, बच्चे, मरीज एवं एंबुलेंस को जाने में कठिनाइयां होती है आपसे सादर अनुरोध है कि इस विषय पर गंभीरता से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की कृपा करें जिससे यातायात व्यवस्था बाधित न हो।

### पेड़ गिरने से ग्रामीण की हुई थी मौत



बहराइच, समृद्धि न्यूज।महसी तहसील के चांदपारा गांव में तेज आंधी के दौरान पेड़ की डाल गिरने से घायल हुए ग्रामीण तेजराम की गुरुवार को मौत हो गई। इस घटना के बाद प्रदेश के कृषि मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने महसी विधायक सुरेश्वर सिंह के साथ मृतक के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की मुलाकात के दौरान प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अधिकारियों को मृतक के परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव और उप जिलाधिकारी महसी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। मृतक तेजराम फेरी लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी, दो बेटे और एक बेटी हैं। वह परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। तेज आंधी के कारण पीपल के पेड़ की डाल गिरने से उनकी मौत हुई थी।

- प्रभारी मंत्री ने परिजनों से की मुलाकात, आर्थिक सहायता देने के दिए निर्देश

### 25 हजार का इनामी नेपाली तस्कर गिरफ्तार



बहराइच, समृद्धि न्यूज़। भारत-नेपाल सीमा पर मोतीपुर पुलिस ने 25 हजार के इनामी नेपाली मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह तस्कर दो सप्ताह पूर्व पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था। बीते 30 अप्रैल को मोतीपुर थाना क्षेत्र के बलई गांव में सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस नेपाल से आने-जाने वालों की जांच कर रही थी। इसी दौरान नेपाल के बांके जिले के कोहलपुर निवासी टेक बहादुर नेपाली को 18 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा गया था। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां वह पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया था। इस घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। शुक्रवार को मोतीपुर थाना प्रभारी आनंद चौरसिया को मुखबिर से सूचना मिली कि फरार तस्कर फुट्टा चौराहा जंगल बलईगांव के पास मौजूद है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में ले लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि पकड़े गए नेपाली तस्कर को पुनः पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय भेजा जा रहा है।

### नि:शुल्क विद्युत चालित चाक योजना के लिये आवेदन आमंत्रित



बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रजापति (कुम्हार) समाज के पारंपरिक कारीगरों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने एवं उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नि:शुल्क विद्युत चालित चाक उपलब्ध कराए जाने की योजना संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत मिट्टी के बर्तन, खिलौने, मूर्तियां आदि बनाकर स्वरोजगार करने वाले प्रजापति (कुम्हार) समाज के 18 वर्ष से 55 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक एवं पात्र महिला एवं पुरुष अभ्यर्थियों को नि:शुल्क विद्युत चालित चाक प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी योजना के ई-पोर्टल www.upmatikalaboard.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के उपरांत अभ्यर्थियों को नवीनतम फोटो, आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र, आय/जाति/निवास प्रमाण-पत्र तथा राशन कार्ड की छायाप्रति सहित समस्त आवश्यक अभिलेख दिनांक 30 मई 2026 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, निकट-टानी धर्मशाला, नौशहरा, जनपद-बलरामपुर में जमा करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों का चयन जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। अधिक जानकारी हेतु अभ्यर्थी मोबाइल नंबर 9580503170 एवं 9839920756 पर संपर्क कर सकते हैं।

## चलती कार में लगी आग, चालक की सूझबूझ से सभी यात्री सुरक्षित

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



बहराइच नानपारा मार्ग पर मटेरा थाना क्षेत्र में दोपहर एक चलती कार में अचानक आग लग गई। चालक की सूझबूझ से कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, इस घटना में कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। यह घटना मटेरा थाना क्षेत्र के चरसडा माफी गांव के पास हुई। लखीमपुर जनपद के धौराहा थाना क्षेत्र स्थित गुलरिया गांव निवासी फय्याज अपनी इनोवा कार से दो अन्य लोगों के साथ बहराइच जा रहे थे। चरसडा माफी गांव के पास पहुंचने पर वाहन में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। आग देखते ही चालक फय्याज ने तुरंत कार को सड़क किनारे रोका और उसमें सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना की सूचना मिलने पर उप निरीक्षक गोपाल तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचित किया। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। मटेरा चौकी प्रभारी ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि इस हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

## पुलिस गश्त पर उठे सवाल, खिड़की से घुसे चोरों ने 8 लाख का जेवर किया पार

- देर रात मुंडन कार्यक्रम से लौटा परिवार, सुबह देखा तब पता चली चोरी की घटना

बहराइच, समृद्धि न्यूज।





विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र में हुई सनसनीखेज चोरी ने पुलिस की रातभर की गश्त और सुरक्षा दावों की पोल खोल दी है। बुड़नी चौराहे के पास भलुहिया गांव में चोरों ने घर की छोटी सी खिड़की को रास्ता बनाया और लाखों रुपये के सोने के जेवरात लेकर ऐसे फरार हो गए, जैसे उन्हें कानून का जरा भी डर न हो।

सबसे शर्मनाक बात यह रही कि परिवार घर के बाहर सोता रहा, चोर अंदर अलमारी साफ करते रहे और इलाके की पुलिस गश्त कहीं दिखाई तक नहीं दी। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और लोग खुलकर कह रहे हैं कि अगर रात में पुलिस सक्रिय रहती, तो इतनी बड़ी वारदात होना आसान नहीं था।

पीड़ित संदीप कुमार के अनुसार परिवार देर रात रिश्तेदारी से मुंडन कार्यक्रम से लौटकर आया था। थकान के चलते सभी लोग घर के बाहर सो गए। इसी बीच रात करीब 1 बजे से 2 बजे के बीच बदमाश घर में घुस गए। चोर सीधे उस जगह पहुंचे जहां सोने के जेवर रखे थे और करीब 8 लाख रुपये के आभूषण समेट ले गए। हैरत की बात यह है कि घर के बाकी सामान को हाथ तक नहीं लगाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई साधारण चोरी नहीं, बल्कि पूरी रेकी के बाद की गई सुनियोजित वारदात है। सुबह जब संदीप कुमार की पत्नी खुशबू घर के अंदर पहुंचीं तो अलमारी खुली देख चीख निकल गई। देखते ही देखते गांव में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने के बाद धनुहीं चौकी और विशेश्वरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक चोर काफी दूर निकल चुके थे। अब पुलिस सीसीटीवी और पुराने अपराधियों का रिकॉर्ड खंगालने की बात कह रही है, जबकि ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि आखिर चोरी रोकने की जिम्मेदारी किसकी थी। इस घटना के बाद गांव में दहशत के साथ पुलिस के प्रति नाराजगी भी बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि अगर हालात ऐसे ही रहे, तो आम आदमी अपने घर में भी सुरक्षित नहीं रहेगा।

## बैडमिंटन कोर्ट के सौन्दर्यीकरण कार्य का डीएम ने किया लोकार्पण

- इन्दिरा स्टेडियम की व्यवस्थाओं तथा खेल गतिविधियों का लिया जायज़ा
- फुटबाल कैम्प के नियमित खिलाड़ियों को वितरित किया किट

बहराइच, समृद्धि न्यूज।





इन्दिरा गांधी स्पोर्टस स्टेडियम बहराइच के बहुउद्देशीय हाल में स्थित बैडमिंटन कोर्ट एवं छत के सौन्दर्यीकरण कार्य का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल की उपस्थिति में सब जूनियर बालिका खिलाड़ी के हाथों फीता कटवाकर लोकार्पण किया गया। डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन बहराइच के आग्रह पर जिलाधिकारी के निर्देश पर विनियमित क्षेत्र अन्तर्गत विकास शुल्क से कार्यदायी संस्था उ.प्र. लघु उद्योग निगम लि. निर्माण खण्ड-4, देवीपाटन मण्डल द्वारा बैडमिंटन कोर्ट के सौन्दर्यीकरण का कार्य किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर इन्दिरा स्टेडियम में मौजूद डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन बहराइच के अध्यक्ष मनीष मल्होत्रा, सचिव मनोज गुप्ता, संरक्षक अशोक मातनहेलिया, वरिष्ठ पदाधिकारी बिपिन चन्द्र अग्रवाल, भागवत शुक्ला, बैडमिंटन संघ के सचिव राकेश सिंह, बैडमिंटन खिलाड़ी राना अनिल सिंह, अनुतोष कमल, अमरेंद्र, लोकेश तोलानी ने डीएम का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि कोर्ट का सौन्दर्यीकरण हो जाने से जिले के खिलाड़ियों विशेषकर युवा खिलाड़ियों को अभ्यास करने में सुविधा होगी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा इन्दिरा स्टेडियम में खेला इण्डिया के तहत संचालित फुटबाल कैम्प में नियमित आने वाले खिलाड़ियों को किट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्रीड़ाधिकारी आनन्द श्रीवास्तव द्वारा सभी आगन्तुकों का आभार ज्ञापित किया गया। लोकार्पण के पश्चात डीएम श्री त्रिपाठी ने इन्दिरा स्टेडियम का भ्रमण कर संचालित किये जा शिविरों तथा खेल गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए अन्य अवस्थापनाओं को दुरूस्त कराये जाने के निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर क्रीड़ाधिकारी, उप क्रीड़ाधिकारी अनुपमा धानुक, जीवन रक्षक रोहित सिंह, फुटबाल प्रशिक्षक खेलो इण्डिया सेन्टर विनोद कुमार मौजूद रहे।

## सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी की टिप्पणी पर जिले में विरोध

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



- ब्राह्मण संगठनों ने की कार्रवाई की मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन

समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर आक्रोश फैल गया है। इस टिप्पणी के विरोध में आज बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और भाटी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि राजकुमार भाटी ने हाल ही में ब्राह्मण समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज से जुड़े रोहित दीक्षित ने कहा कि ब्राह्मण हमेशा से सनातन धर्म और समाज को जोड़ने का कार्य करते रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाटी की टिप्पणी उनकी मानसिकता को दर्शाती है। दीक्षित ने चेतावनी दी कि यदि राजकुमार भाटी के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो पूरे प्रदेश में ब्राह्मण समाज के लोग सड़कों पर उतरकर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान जिलाधिकारी कार्यालय पर बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

## सांसद ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



- सरस्वती विद्या मंदिर में मेधा सम्मान समारोह आयोजित

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

बहराइच के सांसद आनंद गोंड ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में यशवेंद्र विक्रम सिंह, राजकिशोर, अजय, डॉ. सगुणा वर्मा, प्रेम जालान और प्रमोद डालमिया मौजूद रहे। विद्यालय परिवार और अभिभावकों ने छात्रों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की।समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के प्रबंधक कमलेश कुमार अग्रवाल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य विजय बहादुर सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया, जबकि राजेंद्र कुमार मिश्र ने कार्यक्रम का संचालन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भजन प्रस्तुति ने समारोह को और आकर्षक बनाया। हाईस्कूल में जनपद स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विनायक शुक्ला और सातवां स्थान प्राप्त करने वाले प्रथम यज्ञसेनी को सम्मानित किया गया।

इंटरमीडिएट में जनपद में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले आदेश श्रीवास्तव और पांचवां स्थान प्राप्त करने वाली प्राची शुक्ला को भी सम्मान मिला। इनके अतिरिक्त जाह्नवी, महिमा, प्रज्ञा, आशुतोष, आदर्श, प्रशांत, अंकित, सचिन, अनामिका, पियूष और राहुल सहित कई अन्य छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को भी सांसद ने सम्मानित किया।

## नशे की लत से होने वाले दुष्प्रभावों से कराया अवगत

रेहराबाजार/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



गांवों को नशामुक्त एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से विकास खंड क्षेत्र के ग्राम सभा इटवा रघुनाथपुर व ग्वालियर ग्रंट में अधिकारियों द्वारा चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अवैध शराब रोकथाम एवं नशे की लत से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

जागरूकता अभियान के दौरान डीसी मनरेगा सुशील कुमार अग्रहरि, बीडीओ बिमला चौधरी, प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश सिंह, बीईओ रमेश वर्मा, सीडीपीओ राकेश कुमार वर्मा एवं एडीओ पंचायत इरफान उल्ला खां ने कहा कि नशे की लत व्यक्ति के सामाजिक, मानसिक, आर्थिक व शारीरिक जीवन को प्रभावित करती है। इससे परिवारों में तनाव बढ़ता है तथा समाज में असुरक्षा का माहौल उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि शराब की लत एक सामाजिक बुराई है, जिसे जनसहयोग से समाप्त करना आवश्यक है।

अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। साथ ही अवैध शराब की सूचना तत्काल प्रशासन व पुलिस को देने की बात कही।

इस दौरान संतोष कुमार सिंह, पिंकू सिंह, एडीओ कृषि रणधीर सिंह, एडीओ प्रदीप जैशील सहित ग्रामीण रामजस, रामबरन, मनोज कुमार, रामलाल, कामता, राजमती, बड़का, शीला, सुखराम, रामसूरत व अलखराम समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## गैस वितरण में अनियमितता पर बड़ी कार्रवाई

### यादव भारत गैस एजेंसी के प्रोपराइटर एवं प्रबंधक सहित तीन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

बी पी त्रिपाठी

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। यादव भारत गैस, हरिहरगंज द्वारा घरेलू एलपीजी गैस वितरण व्यवस्था में अनियमितता पाए जाने पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए यादव भारत गैस ग्रामीण वितरक सेखुई कला के प्रोपराइटर, प्रबंधक एवं एक अन्य व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

हरिहरगंज बाजार निवासी श्री असद अली द्वारा थाना कोतवाली देहात में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि उनके दिवंगत पिता मो0 जलील के नाम संचालित घरेलू गैस कनेक्शन में अनधिकृत रूप से मोबाइल नंबर बदलकर अन्य व्यक्तियों को गैस सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस एवं आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांच कराई गई। जांच में पाया गया कि गैस एजेंसी के प्रबंधक एवं संबंधित व्यक्तियों द्वारा कूटरचना करते हुए वास्तविक उपभोक्ता के स्थान पर अनधिकृत व्यक्ति का मोबाइल नंबर दर्ज कर घरेलू गैस सिलेंडरों की डिलीवरी दी गई। जांच के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि मो. जलील की मृत्यु वर्ष 2023 में ही हो चुकी थी, इसके बावजूद संबंधित गैस कनेक्शन पर लगातार सिलेंडरों की डिलीवरी की जाती रही। संयुक्त जांच टीम द्वारा इस कृत्य को आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उ.प्र. द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (वितरण एवं विनियमन) आदेश-2000 के प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया। तत्पश्चात यादव भारत गैस ग्रामीण वितरक सेखुई कला के प्रोपराइटर दिनेश यादव, गैस एजेंसी के प्रबंधक आलोक यादव एवं हिमांशु कसौधन निवासी हरिहरगंज बाजार के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 सहित संबंधित धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता, कूटरचना अथवा उपभोक्ताओं के हितों के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## डीएम ने एप आधारित उर्वरक वितरण व्यवस्था का लिया जायजा

- कृषकों से संवाद कर प्राप्त किया फीडबैक, पारदर्शिता एवं सुगम वितरण व्यवस्था पर दिया जोर
- सहकारी समिति प्रेमनगर में डीएम ने कृषकों को वितरित किए नि:शुल्क सदस्यता कार्ड

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन द्वारा विकास खंड तुलसीपुर अंतर्गत सहकारी समिति कौवापुर एवं सहकारी समिति प्रेमनगर का निरीक्षण कर उर्वरक वितरण व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एप आधारित उर्वरक वितरण प्रणाली की समीक्षा करते हुए वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं कृषक सुविधा सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित कृषकों से संवाद कर एप के माध्यम से उर्वरक वितरण की व्यवस्था का फीडबैक प्राप्त किया। कृषकों द्वारा वितरण प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बताए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान स्टॉक पंजिका, वितरण पंजिका एवं खारिज पंजिका का गहन अवलोकन किया तथा अभिलेखों को अद्यतन एवं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उर्वरकों के वितरण में पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए ताकि कृषकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने निर्देशित किया कि जिन कृषकों को उर्वरक प्राप्ति संबंधी मैसेज भेजा गया है, उनकी सूची सहकारी समिति परिसर में सार्वजनिक रूप से चस्पा की जाए, जिससे वितरण प्रक्रिया में और अधिक पारदर्शिता बनी रहे एवं कृषकों को आवश्यक जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके।

इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा सहकारी समिति प्रेमनगर में कृषकों को समिति का सदस्य बनने पर नि:शुल्क सदस्यता कार्ड भी वितरित किए गए। उन्होंने कृषकों को सहकारी समितियों से जुड़कर विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।

निरीक्षण के एआर कोऑपरेटिव , ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर प्रतीक नरेश व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी एवं समिति के कर्मचारी उपस्थित रहे।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, शनिवार 16 मई, 2026



# सीएम आज करेंगे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास

▸ केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री व प्रदेश के खेल मंत्री भी रहेंगे मौजूद



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

16 मई गोरखपुर की उपलब्धियों की श्रृंखला में स्वर्णाक्षरों में दर्ज होने जा रही है। खेल अवस्थापना सुविधाओं के लिहाज से गोरखपुर का नाम वैश्विक स्तर पर उल्लिखित कराने तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों हेतु बड़ा प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का भूमि पूजन और शिलान्यास करेंगे।

393 करोड़ रुपये की लागत वाले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के शिलान्यास समारोह में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव मौजूद रहेंगे।

गोरखपुर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद प्रशासन की तरफ से ताल नदोर में उपलब्ध कराई गई जमीन पर 24 दिसंबर 2025 से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। औपचारिक शिलान्यास होने से पूर्व, सरकार की तरफसे जारी परियोजना लागत की प्रथम किश्त 63.39 करोड़ रुपये से काम आगे बढ़ रहा है। कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड एक भवन के अनुसार अब तक करीब सात प्रतिशत काम हुआ है।

स्टेडियम का निर्माण 23 दिसंबर 2027 तक पूरा कर लिया जाएगा। गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को गोरखपुर के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हैं। उनका कहना है कि इंटरनेशनल स्टेडियम के बन जाने से गोरखपुर आने वाले समय में विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर और खेल के अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के लिए भी जाना जाएगा। गोरखपुर में बन रहा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम 46 एकड़ क्षेत्रफल में आकार लेगा। 30 हजार दर्शक क्षमता का यह स्टेडियम 'ग्राउंड प्लस टू फ्लोर' के हिसाब से बनेगा। इसके मेन ग्राउंड पर खिलाड़ियों के लिए 7 प्लेइंग पिच और 4 प्रैक्टिस पिच होगी। स्टेडियम के पूर्वी और पश्चिमी स्टैंड में प्रत्येक में 14,490 दर्शक बैठ सकेंगे।

नार्थ पैवेलियन 208 वीआईपी व 382 मीडियाकर्मियों और साउथ पैवेलियन 1708 वीवीआईपी व वीआईपी के लिए होगा। रात्रिकालीन मैच भी हो सकें, इसके लिए मेन स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय मानक के चार हाई मास्ट लाइट की व्यवस्था रहेगी।

# आज के विद्यार्थी कल के जागरूक नागरिक व राष्ट्र के भविष्य निर्माता : सतीश महाना

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ लोकतांत्रिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव भी जरूरी है। आज के विद्यार्थी कल के जागरूक नागरिक और राष्ट्र के भविष्य निर्माता हैं, इसलिए, उनमें लोकतांत्रिक मूल्यों तथा संविधान के प्रति सम्मान की भावना होना अत्यंत आवश्यक है।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना कानपुर के विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था, संसदीय परंपराओं की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से कानपुर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों विवेकानंद विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, अशोका एजुकेशन सेंटर तथा पूर्णचंद्र विद्यानिकेतन के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ उत्तर प्रदेश विधानसभा का शैक्षिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही, सदन की व्यवस्था, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को निकट से देखा और समझा। श्री महाना ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से आत्मीय संवाद करते हुए विधानसभा की कार्यप्रणाली, विधायी प्रक्रिया, जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारियों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण मंच है, जहाँ जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाती है तथा प्रदेश के विकास से संबंधित नीतियों और कानून बनाए जाते हैं। शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों में जागरूकता, नेतृत्व क्षमता तथा उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। विद्यार्थियों को अनुशासन, सकारात्मक सोच तथा निरंतर अध्ययन के महत्व के बारे में प्रेरित किया।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने 28 लाख के गुम मोबाइल लौटाए

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ पुलिस के सर्विलांस सेल पूर्वी जोन और विभिन्न थानों की सीईआईआर रिकवरी टीम ने 101 गुम मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की कुल कीमत करीब 28 लाख रुपए आंकी गई है। ये मोबाइल सिर्फ लखनऊ ही नहीं बल्कि दूसरे जिलों और अन्य राज्यों से भी ट्रेस कर बरामद किए गए। शुक्रवार को पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन डॉ. दीक्षा शर्मा ने सभी मोबाइल उनके असली मालिकों को सौंपे। लंबे समय बाद अपना फोन वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खिल उठे। नागरिकों ने लखनऊ पुलिस की सर्विलांस और रिकवरी टीम की सराहना की। यह अभियान पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सिंह सेंगर के निर्देशन में चलाया गया। संयुक्त पुलिस आयुक्त अपर्णा कुमार और बबलू कुमार की निगरानी में पूर्वी जोन की टीम लगातार सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी सर्विलांस की मदद से गुम मोबाइल ट्रेस कर रही है।पुलिस के मुताबिक पूर्वी जोन के अलग-अलग थानों से मोबाइल गुम होने की शिकायतें मिली थीं। इसके बाद सर्विलांस सेल और सीईआईआर रिकवरी टीम ने तकनीकी जांच शुरू की। अथक प्रयास के बाद विभिन्न कंपनियों के 101 मोबाइल फोन बरामद कर लिए गए। मोबाइल पाने वाले लोगों ने पुलिस टीम को सम्मानित किए जाने की मांग भी की। इस अभियान में सर्विलांस सेल और गोमतीनगर, चिनहट, गुडंबा और बीबीडी थाने की टीमों की अहम भूमिका रही।

### कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने पर कैटरर्स व्यापारियों का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ कलेक्ट्रेट का उत्तर प्रदेश टेंट कैटरर्स एंड डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन ने घेराव करके जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यापारियों ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी और 18 : जीएसटी टैक्स को लेकर नाराजगी जताई। जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि गैस सिलेंडर की कीमतों में अचानक हुई वृद्धि से आम जनता के साथ-साथ व्यापारियों पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। पहले लगभग 350 रुपये और फिर लगभग 10 दिन बाद 973 रुपये की बढ़ोतरी की गई। साल 2026 की बात करें तो कमर्शियल गैस सिलेंडर में लगभग 1500 से अधिक की बढ़ोतरी हो चुकी है, जिससे व्यापारियों की कमर टूट गई। इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ की 5 महीने के भीतर इतना पैसा बढ़ा हो। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष विजय कुमार ने कहा कि प्रशासन की ओर से व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है, जिससे सरकार के प्रति रोष बढ़ रहा है। आज पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालयों पर व्यापारी जिलाधिकारियों के माध्य से ज्ञापन भेज रहे हैं। यह ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंच रहा है, जिसके जरिए हम लोगों की सबसे हम मांग यही है कि गैस के दामों में कमी की जाए। विजय कुमार ने कहा कि दूसरी अहम मांग है कि टेंट कारोबारियों की गाड़ियों को नो एंट्री से राहत दी जाए। लगातार व्यापारी इस चीज से परेशान हैं कि शादी-विवाह और अन्य सामाजिक आयोजनों में टेंट की गाड़ियां आम जनता की सुविधा के लिए चलती हैं, लेकिन ट्रैफिक पुलिस द्वारा उन्हें रोककर परेशान किया जाता है। इस संबंध में कई बार उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन दिए गए, लेकिन कुछ समय बाद फिर कार्रवाई शुरू हो जाती है। व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार को कुचला, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के आलमबाग इलाके में गुरुवार देर रात सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा तालकटोरा रोड पर कॉटन मिल और बालाजी मंदिर के बीच हुआ। स्कूटी सवार युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान आनन्द शुक्ला के रूप में हुई है। वह पारा थाना क्षेत्र के दौदा खेड़ा का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक रात करीब एक बजे हादसे की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जांच के दौरान पुलिस ने ट्रक नंबर यूके 07सीए 9804 को बरामद कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि चालक की तलाश जारी है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### शकुंतला विश्वविद्यालय कुलपति साइकिल से पहुंचे ऑफिस, ऊर्जा संरक्षण का दिया संदेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीएम मोदी के फ्यूल संरक्षण का असर अब उत्तर प्रदेश के संस्थानों और अधिकारियों के कामकाज में भी दिखाई देने लगा है। शुक्रवार को डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह साइकिल से अपने कार्यालय पहुंचे। खास बात यह रही कि उनके अंगरक्षक ने भी साइकिल से ही उनका स्कॉट किया। कुलपति ने विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर से प्रशासनिक भवन तक साइकिल चलाकर एक सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया। कुलपति प्रो.संजय सिंह का यह अंदाज परिसर में चर्चा का विषय बना रहा। रास्ते में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उन्हें साइकिल पर देखकर अभिवादन किया। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि यह पहल ऊर्जा संरक्षण, फिटनेस और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। कुलपति ने भी कहा कि छोटी दूरी तय करने के लिए साइकिल सबसे बेहतर और पर्यावरण अनुकूल साधन है। इससे न केवल ईंधन की बचत होती है, बल्कि स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है।

# आयुष्मान योजना में धांधली, 200 निजी अस्पतालों पर कार्रवाई

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और जवाबदेह बनाने की दिशा में लगातार बड़े कदम उठा रही है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने वाले निजी चिकित्सालयों पर बड़ी कार्रवाई की गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश हैं कि योजना के लाभार्थियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना देश के आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्गों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की एक महत्वपूर्ण योजना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में इसे



▸ 100 निजी अस्पतालों के भुगतान पर रोक, योजना से निलंबित

अधिक प्रभावी, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के लिए समय-समय पर सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी दिशा में अस्पतालों की सूचीबद्धता और गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रिया को और अधिक सख्त बनाया गया है। योगी सरकार द्वारा अस्पताल इम्पैनलमेंट मॉड्यूल पोर्टल के माध्यम से सूचीबद्ध अस्पतालों का सत्यापन निर्धारित मानकों के आधार पर किया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत अस्पतालों के लिए 35 महत्वपूर्ण मानकों को पूरा करना अनिवार्य किया गया है। नेशनल हेल्थ अथॉरिटी और स्टेट हेल्थ एजेंसी की ओर से ई-मेल, दूरभाष, संदेश, पत्राचार और वर्चुअल बैठकों के माध्यम से अस्पतालों को हर स्तर पर सहायता दी गई। इसका सकारात्मक परिणाम यह रहा कि अब तक 95 प्रतिशत से अधिक अस्पताल सफलतापूर्वक एचईएम 2.0 पोर्टल पर माइग्रेट हो चुके हैं। कुछ निजी अस्पतालों ने निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी नहीं की। योगी सरकार की ओर से उन्हें कई बार अवसर दिए गए, लेकिन इसके बावजूद करीब 200 निजी चिकित्सालयों ने मानकों के अनुरूप प्रक्रिया पूरी नहीं की। इनमें आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज, अमेठी, अमरोहा, आजमगढ़, बागपत, बांदा, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बिजनौर, बुलंदशहर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, फर्रुखाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, गोंडा, गोरखपुर, हरदोई, हाथरस, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर नगर, कुशीनगर, ललितपुर, लखनऊ, मथुरा, मऊ, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, प्रतापगढ़, संतकबीरनगर, सुल्तानपुर, वाराणसी, शाहजहांपुर, जालौन, मिर्जापुर, अंबेडकरनगर, रामपुर और सोनभद्र सहित कई जिलों के अस्पताल शामिल हैं। सीएम योगी के निर्देश पर ऐसे अस्पतालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 100 अस्पतालों का भुगतान रोक दिया गया है, जबकि करीब 100 अन्य अस्पतालों को योजना से निलंबित कर दिया गया है। इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड प्रणाली को भी चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। इससे मरीजों का स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेगा और इलाज की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और तेज होगी।

# मंत्री दानिश आजाद ने छोड़ी कार बुलेट से पहुंचे कार्यालय

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद आज बुलेट से अपने कार्यालय पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पेट्रोल-डीजल की बचत करने की अपील पर उन्होंने ऐसा किया। उनका पीएसओ और पीएस दूसरी बाइक से कार्यालय पहुंचे। उनके अंगरक्षक और पीएसओ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर उन्होंने ऐसा किया।



इस मौके पर दानिश आजाद ने कहा कि हम सभी लोगों को देश हित में कम से कम पेट्रोल-डीजल खर्च करना चाहिए। मंत्री दानिश आजाद अपने सरकारी आवास 17 विक्रमादित्य मार्ग से हुसैनगंज स्थित बापू भवन कार्यालय तक पहुंचे। करीब 2 किलोमीटर की दूरी उन्होंने बुलेट से तय किया। एक बुलेट पर दानिश आजाद सवार थे। दूसरी बाइक से पीएसओ और पीएस उनके पीछे-पीछे चल रहे थे। दानिश आजाद ने इस दौरान लोगों को हेलमेट लगाने और सेफराइडिंग का भी संदेश दिया। राज्य मंत्री दानिश आजाद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से ईंधन बचाने की अपील की है। यह हम सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि उसका अधिक से अधिक पालन करें।

# इज़राईल हमले में शहीद आयतुल्लाह खामेनाई की याद में मजलिस




लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी स्थित गोलागंज स्थित देश की मशहूर संस्था तंज़ीमुल मकातिब में आयोजित आगामी आज और कल दो दिनी सेमीनार शहीद आयतुल्लाह अली खामेनाई को लेकर संस्था के सेकरेट्री मौलाना सैयद सफी हैदर ने पत्रकार वार्ता कर होने वाले कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। मौलाना ने आगे बताया कि इज़राईल के हमले में शहीद आयतुल्लाह अली खामेनाई की याद में सैकड़ों कार्यक्रम एवं मजालिस हो रही हैं, लेकिन यह कार्यक्रम थोड़ा अलग हट कर रखा गया है।

शहीद आयतुल्लाह पर उनकी याद में दो दिवसीय सेमीनार उनके जीवन के हर पहलु पर रौशनी डाली जायगी। इस कार्यक्रम में देश के उलमा-ए-किराम के अलावा देश के मशहूर पत्रकार,बुद्धजीवी व सभी धर्मों के धर्म गुरु भाग ले रहे हैं।

जिसमें आयतुल्लाह अब्दुल मजीद हकीम इलाही, मौलाना सैय्यद कल्बे रूशैद, मौलाना कलीम अशरफ़ जाएसी, पंडित विजय शर्मा,सरदार परमजीत सिंह, भंते दीपांकर माहराज, सुशील जी, पॉस्टर शिबू थॉमस, सरदार प्रितपाल सिंह सलूजा,डॉ. कुलदीप भार्गव, सैयद आसिम वक़ार, कुर्बान अली, डॉ. लक्ष्मण सिंह, डॉ. ग्रीश शर्मा, प्रोफेसर रमेश दीक्षित, सोशलिस्ट लीडर संदीप पाण्डेय, पूर्व जज बी डी नक़वी, प्रोफ़ेसर नदीम अशरफ़, डॉ. सुनीलम, वरिष्ठ पत्रकार अशोक पाण्डेय, मौलाना सैय्यद काज़िम मेंहदी, मौलाना सय्यद शाबिउल हसन, मौलाना शमीमुल हसन आदि के आने की स्वीकृति प्राप्त होगई है। पत्रकार वार्ता में संस्था के सेकरेट्री के अलावा मौलाना सैय्यद मुमताज़ जाफ़र एवं मौलाना तहज़ीबुल हसन मौजूद रहे।

# महंगाई का झटका : आगे बढ़ना है तो साइकिल ही विकल्प : अखिलेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

आज सुबह देश की जनता को महंगाई का एक बड़ा झटका लगा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि के साथ-साथ संपीड़ित प्राकृतिक गैस के दाम भी बढ़ गए हैं। बढ़ोतरी ने आम आदमी के बजट को और अधिक प्रभावित किया है।

महंगाई के झटके पर समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने तंज कसा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा है कि यदि आगे बढ़ना है तो साइकिल ही एकमात्र विकल्प है।लखनऊ में पेट्रोल की कीमत में 2 रुपये 84 पैसे और डीजल की कीमत में 3.01 रुपये की वृद्धि हुई है। अब पेट्रोल की कीमत 97.55



रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 90.82 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इसके अलावा, सीएनजी के दामों में भी बढ़ोतरी की गई है। लखनऊ में सीएनजी की कीमत में 2 रुपये की वृद्धि की गई है, जिससे अब इसकी कीमत 98 रुपये प्रति किलो हो गई है। ग्रीन गैस लिमिटेड के एजीएम प्रवीण सिंह ने बताया कि लखनऊ, अयोध्या, सुल्तानपुर, उन्नाव और आगरा में सीएनजी के पुराने दाम लागू रहेंगे। सीएनजी के दाम पहले ही 2 रुपये बढ़ाए जा चुके थे। दिल्ली में भी सीएनजी की कीमत में 2 रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गई है, जिससे अब इसकी नई कीमत 79.09 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। यह वृद्धि तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है।

### सपा प्रमुख का दुःख बांटने लखनऊ पहुंचा आजम परिवार



समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान की पत्नी और उनके बेटे ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की. सपा चीफ ने मुलाकात की तस्वीरें भी साझा कीं। सपा चीफने तस्वीरें साझा करते हुए लिखा-दुख में सब साथ हैं। सपा चीफसे मिलने के लिए आजम की पत्नी तंजीन फातिमा और उनके बड़े बेटे अदीब आजम खान पहुंचे।आजम परिवार ने सपा संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव के बेटे प्रतीक यादव के निधन के बाद अखिलेश यादव से मुलाकात की।

# भाजपा महिला मोर्चा ने कलेक्ट्रेट घेरा, सपा सांसद पर भड़कीं

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ कलेक्ट्रेट में भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन नरेंद्र मोदी के खिलाफ समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा की गई टिप्पणी के विरोध में किया गया। प्रदर्शन के दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। सपा सांसद माफी मांगो और शर्म करो के नारे लगाए। और सांसद अजेंद्र सिंह लोधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई।

पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया और मीडिया प्रभारी चेतना पांडे ने विरोध जताते हुए सांसद को बर्खास्त करने



की मांग की। चेतना पांडे ने कहा कि सपा सांसद का बयान पार्टी के चरित्र को दर्शाता है। यह लोग न तो प्रधानमंत्री का सम्मान करते हैं और न इनके यहां महिलाओं के लिए सम्मान जैसा शब्द है। हमारी मांग है कि सार्वजनिक मंच से देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ इस तरह की निम्नस्तरीय भाषा का प्रयोग न केवल प्रधानमंत्री का अपमान है, बल्कि यह देश की लोकतांत्रिक मर्यादाओं पर चोट है। सांसद द्वारा अपशब्दों का प्रयोग करना उनकी कुंठा और सपा की विकास विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। मांग है कि मौजूदा विधायक को तत्काल पार्टी से बर्खास्त किया जाए और उनकी सदस्यता भी रद्द की जाए। पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि सपा सांसद अपने बयान के लिए बिना शर्त देश और प्रधानमंत्री से माफी मांगें। साथ ही उनके ऊपर संसद के उच्च सिद्धांतों के उल्लंघन को लेकर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। संयुक्ता भाटिया ने कहां की प्रधानमंत्री के अपमान से पूरे देश के लोग आहत हैं और उनमें नाराजगी है।

### हेल्दी इंडिया, हमदर्द इंडिया-स्वास्थ्य जागरूकता अभियान की शुरुआत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हमदर्द लेबोरेटरीज, ने आज लखनऊ से हेल्दी इंडिया, हमदर्द इंडिया – स्वास्थ्य जागरूकता अभियान की शुरुआत की। इस पहल के तहत, 30 दिनों का एक अभियान पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के 30 शहरों को कवर करेगा, जिसमें जागरूकता अभियान, वेलनेस इंटरैक्शन, बीएमआई चेक-अप और सामुदायिक गतिविधियाँ शामिल होंगी। अभियान का पहला चरण लखनऊ से शुरू हो चुका है और यह कानपुर, बांदा, प्रयागराज, वाराणसी, आजमगढ़, गोरखपुर, बस्ती, फैजाबाद और सीतापुर को कवर करेगा। इसके बाद पटना और भागलपुर से इसी तरह की पहल शुरू की जाएगी।

# अफेयर के शक में पत्नी को उतारा मौत के घाट

▸ ट्रॉली बैग में शव भरकर फेंका

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में अफेयर के शक में युवक ने पत्नी की हत्या कर दी। शव को ट्रॉली बैग में भरकर इंदिरा डैम के पास फेंक दिया। इसके बाद थाने पहुंचकर पत्नी के लापता होने की सूचना दी। बार-बार बयान बदलने पर पुलिस को उस पर शक हुआ। कड़ाई से पूछताछ में उसने पत्नी की हत्या करने की बात कबूल की। उसकी निशानदेही पर शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर युवक गिरफ्तार कर लिया।

घटना चिनहट की है। मृतका की पहचान 24 वर्षीय यास्मीन पत्नी अल्ताफ उर्फ कल्लू के रूप में हुई है। सब्जी कारोबारी मोहम्मद सईदद मूल रूप से सीतापुर के रहने वाले हैं। करीब 8 साल से चिनहट में परिवार के साथ रहते हैं। उनकी बेटी यास्मीन की 6 साल पहले चिनहट के अल्ताफ उर्फ कल्लू से शादी हुई थी। दोनों की 1 बेटी और 1 बेटा है। 14 मई की सुबह करीब 8 बजे अल्ताफ चिनहट थाने पहुंचा। पुलिस को पत्नी यास्मीन के लापता होने की सूचना दी। पुलिस ने उससे यास्मीन के बारे में कुछ सवाल किए तो उसने कई बार बयान बदले। इस पर पुलिस को उस पर शक हुआ। पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की। इस पर उसने बताया- मुझे शक था कि यास्मीन का करीबी रिश्तेदार से अफेयर है। इसको लेकर हम दोनों का अक्सर विवाद होता था। 13 मई की रात में भी हम दोनों का इसी बात को लेकर विवाद हुआ। 14 मई की तड़के करीब 4 बजे मैंने गला दबाकर यास्मीन की हत्या कर दी। उसके शव को ट्रॉली बैग में भर दिया। पुलिस की पूछताछ में अल्ताफ ने बताया कि हत्या करने के करीब एक घंटे बाद शव को ट्रॉली बैग में भरकर चिनहट बाजार आया। ई-रिक्शा बुक करके इंदिरा डैम गया। वहां ई-रिक्शा से उतर गया। बैग को इंदिरा डैम के किनारे ले जाकर झाड़ियों में फेंक दिया। इसके बाद वापस घर आ गया। घरवालों को यास्मीन के लापता होने की सूचना दी। घरवालों ने पुलिस से शिकायत करने को कहा, तो चिनहट थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचा।अल्ताफ ने हत्या की बात कबूल कर ली तो पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता मोहम्मद सईद ने बताया कि दामाद अल्ताफ और उसके परिवार वालों ने बेटी की हत्या की है। हत्या करने के बाद अल्ताफ घर आया और कहा कि यास्मीन भाग गई है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस ने बताया कि सईद की तहरीर पर आरोपी अल्ताफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# 75 जिलों की सभी गोशालाओं में होगी कृषि सखियों की तैनाती

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश में गो संरक्षण को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पहली बार इतने बड़े स्तर पर व्यापक और संगठित मॉडल पर काम शुरू होने जा रहा है। योगी सरकार अब गो संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तीकरण और जैविक खेती से जोड़कर नए रोजगार मॉडल के रूप में विकसित करने जा रही है। इसके लिए योगी सरकार ने मास्टर प्लान तैयार किया है, जिसके तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों की साढ़े सात हजार से अधिक गोशालाओं में कृषि सखियों की तैनाती की जाएगी। यूपी आजीविका मिशन की महिलाओं को विशेष भूमिका सौंपी जा रही है। योगी सरकार की योजना है कि ग्रामीण क्षेत्र की माताएं और बहनें गो संरक्षण में भी सहभागी बनें और गोशालाओं को आत्मनिर्भरता व समृद्धि के केंद्र के रूप में विकसित करें। यूपी गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि योगी सरकार की रणनीति के अनुसार प्रदेश की सभी गोशालाओं को रोजगार और जैविक कृषि के मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। गोशालाओं से निकलने वाले गोबर का उपयोग बड़े पैमाने पर जैविक खाद तैयार करने में होगा। इसके लिए महिलाओं के माध्यम से खाद निर्माण इकाइयां संचालित की जाएंगी। इससे एक ओर जहां गो संरक्षण को मजबूती मिलेगी, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। खासतौर पर महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह अभियान मील का पत्थर साबित हो सकता है। उत्तर प्रदेश आजीविका मिशन से जुड़ी कृषि सखियां इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत बनेंगी। योगी सरकार का उद्देश्य है कि गो संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ते हुए इसे स्थायी आर्थिक गतिविधि के रूप में विकसित किया जाए। यही वजह है कि इस अभियान में महिलाओं की भूमिका केवल सहयोगी नहीं बल्कि नेतृत्वकारी होगी।

# रेनियो फार्मा लखनऊ में लॉन्च, यूपी व उभरते क्षेत्रीय बाजारों में बेहतर स्वास्थ्यसेवा तक बढ़ाई पहुंच

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

अगली पीढ़ी की फार्मास्यूटिकल कंपनी रे नियो फार्मा ने आज औपचारिक रूप से लखनऊ में अपना कामकाज शुरू कर दिया है। कंपनी उत्तर प्रदेश तथा आसपास के टियर II और टियर III बाजारों में गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने के अपने संकल्प को और मजबूत कर रही है।

यह घोषणा शहर में हुई प्रेस मीट के दौरान की गई। कंपनी की नेतृत्व टीम ने इस दौरान कंपनी के लंबे समय के स्वास्थ्य विजन, क्षेत्रीय विकास योजना और मरीज-केंद्रित देखभाल पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही।

रे नियो फार्मा बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए मजबूत वितरण नेटवर्क, विश्वसनीय डॉक्टर




पार्टनरशिप और उभरते स्वास्थ्य बाजारों में निरंतर दवा उपलब्धता सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। रे नियो फार्मा 90 से अधिक फॉर्मुलेशन्स का एक बड़ा पोर्टफोलियो पेश कर रही है, जिसमें एक्यूट और क्रॉनिक दोनों प्रकार की थेरेपी शामिल हैं। साथ ही कंपनी उन्नत फॉर्मुलेशन्स की एक बढ़ती पाइपलाइन पर भी काम कर रही है। कंपनी का पोर्टफोलियो प्रमुख थेरेपी क्षेत्रों को कवर करता है, जिनमें एंटीबायोटिक्स, एंटी-डायबिटिक केयर, गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल (पेट संबंधी) उपचार, दर्द और ऑर्थोपेडिक प्रबंधन, श्वास संबंधी और एलर्जी केयर, कार्डियक थेरेपी तथा डर्मेटोलॉजी शामिल हैं।

अमित पाटनी, फाउंडर, रे नियो फार्मा ने कहा कि लखनऊ उत्तर प्रदेश के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे इस भौगोलिक क्षेत्र के मरीजों के लिए भी एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र है। इस क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी जरूरतें लगातार बढ़ रही हैं, खासकर पुरानी बीमारियों के प्रबंधन, किफायती उपचार और उपचार की निरंतरता को लेकर। रे नियो फार्मा में हमारा फोकस डॉक्टर्स और स्वास्थ्य सेवा के हितधारकों के साथ मजबूत साझेदारी बनाना तथा उभरते बाजारों में गुणवत्तापूर्ण दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

# स्वगणना में शाहजहांपुर चौथे स्थान पर, एडीएम बोले गौरव की बात

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पंडित राम प्रसाद बिस्मिल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में जनगणना 2027 के अंतर्गत स्वगणना कार्यक्रम का आयोजन एडीएम वित्त एवं राजस्व व जिला जनगणना अधिकारी अरविंद कुमार की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सकों, एमडी एवं एमएस डॉक्टरों ने सहभागिता की। इस दौरान उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक संख्या में स्वगणना करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया गया। एडीएम ने बताया कि जनगणना 2027 के अंतर्गत स्वगणना का कार्य 7 मई 2026 से 21 मई तक किया जाना निर्धारित है। नागरिक ऑनलाइन पोर्टल पर लॉगिन कर आसानी से अपनी स्वगणना कर सकते हैं। स्वगणना के मामले मे जनपद शाहजहांपुर चौथे स्थान पर है। जो जनपद के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम में जनगणना 2027 की प्रक्रिया के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि जनगणना का प्रथम चरण मकान गणना एवं मकान सूचीकरण 22 मई से 20 जून तक संचालित किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण व्यक्ति गणना 9 फरवरी से 28 फरवरी तक संपन्न कराया जाएगा। अधिकारियों ने जनगणना को देश के विकास एवं जनकल्याण से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए सभी नागरिकों से इसमें सक्रिय सहभागिता करने की अपील की।



## जनगणना देश के विकास एवं जनकल्याण को देगी दिशाः अरविंद



**शाहजहांपुर।** पुलिस लाइन में आज स्वगणना कार्यक्रम का आयोजन एडीएम वित्त एवं राजस्व व जिला जनगणना अधिकारी अरविंद कुमार की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। पुलिस पर्सनल को स्वगणना के संबंध में प्रशिक्षित किया गया तथा उनके द्वारा जनगणना 2027 के अंतर्गत ऑनलाइन स्वगणना भी करवाई गई। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि स्वगणना का कार्य 7 मई से 21 मई तक किया जाना है, जिसके अंतर्गत नागरिक पोर्टल पर लॉगिन करते हुए स्वगणना का कार्य कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि जनपद पूरे उत्तर प्रदेश में चैथे स्थान पर है, जोकि जनपद के लिए गौरव का विषय है। एडीएम वित्त ने स्वगणना में सक्रिय भागीदारी करने तथा अधिक से अधिक लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। जनगणना 2027 की प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी दी गई। जनगणना का प्रथम चरण मकान गणना एवं मकान सूचीकरण 22 मई से 20 जून तक संचालित किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण व्यक्ति गणना 9 फरवरी से 28 फरवरी तक संपन्न कराया जाएगा। अधिकारियों ने जनगणना को देश के विकास एवं जनकल्याण से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए सभी नागरिकों से इसमें सक्रिय सहभागिता करने की अपील की।

## एडीएम वित्त ने ग्रामीणों से कराई स्वगणना, जनगणना का बताया महत्व

**शाहजहांपुर।** जनगणना 2027 जनगणना से जनकल्याण अन्तर्गत ग्राम पंचायत ददरौल के ग्रामवासियो की स्वगणना अभियान 7 मई 21 मई हेतु एक बैठक विकास खण्ड सभागार में बुलाई गई। अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी ददरौल अमित कुमार द्वारा की गई तथा मुख्य अतिथि के तौर पर एडीएम वित्त अरविन्द कुमार ने प्रतिभाग किया। उन्होंने देश के विकास में एवं जनकल्याण की योजनाओं के निर्माण में जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुये बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकान कि गणना एवं मकान सूचिकरण 22 मई से 20 जून तक, द्वितीय चरण में 9 फरवरी से 28 फरवरी तक व्यक्तियों की गणना किया जाना है, जिसमें सभी ग्रामवसियों को राष्ट्रहित में बढ़ चढ़ कर सहयोग करना आवश्यक है। बैठक में उपस्थित ग्रामवसियों को स्वगणना अन्तर्गत वेबसाईट पर अपने मोबाईल से पंजीकरण करते हुये अपने परिवार की जानकारी फीड करने हेतु विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में उपस्थित ग्रामवसियों से स्वगणना कराई गई। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य रामू शर्मा, एडीओ पंचायत अरविन्द शर्मा, सहायक विकास अधिकारी ब्रजेश श्रीवास्तव, अनिल सिंह, निशा कुशवाहा, बबीता रानी पंचायत सचिव, ब्लाक मिशन मैनेजर आशीष कुमार, राधवेन्द्र कुमार, रजत, शिवराज, पवन कुमार एवं ग्रामसभा ददरौल के ग्रामवासी आदि लोग मौजूद रहे।



## खुटार-बंडा वासियों को टोल से राहत दिलाने की मांग, विधायक ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**पुवायां, शाहजहांपुर।** विधायक चेतराम एडवोकेट ने खुटार और बंडा क्षेत्र के लोगों को दोहरे टोल टैक्स से राहत दिलाने के लिए जिला अधिकारी को मांगपत्र सौंपा है। विधायक ने मांग की है कि सबली और हिटौटा टोल प्लाजा पर शुल्क अदा करने वाले वाहन चालकों को महानंदपुर टोल प्लाजा पर टोल भुगतान से मुक्त किया जाए। विधायक द्वारा दिए गए पत्र में कहा गया है कि ब्लॉक बंडा के निवासी जिला मुख्यालय आने-जाने के दौरान सबली टोल प्लाजा पर टोल टैक्स जमा करते हैं, जबकि ब्लॉक खुटार के लोग हिटौटा टोल प्लाजा पर शुल्क अदा करते हैं। इसके बावजूद जिला मुख्यालय की ओर जाने वाले वाहन चालकों से महानंदपुर में हाल ही में शुरू हुए नए टोल प्लाजा पर भी टैक्स वसूला जा रहा है। इससे क्षेत्रीय लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक ही मार्ग पर कम दूरी में बार-बार टोल वसूली आम जनता के लिए परेशानी का कारण बन रही है। खासकर नौकरीपेशा, व्यापारियों, किसानों और मरीजों को जिला मुख्यालय तक पहुंचने में आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने जिला प्रशासन से मांग की कि स्थानीय निवासियों और नियमित आवागमन करने वाले वाहन चालकों को इस समस्या से राहत दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। विधायक चेतराम ने कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से इस समस्या को लेकर परेशान है और जनहित को ध्यान में रखते हुए टोल व्यवस्था में राहत मिलना आवश्यक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर पर उचित कार्रवाई कराएगा।

## जरूरतमद कन्या की शादी में सहयोग प्रदान किया



**शाहजहांपुर।** लायन क्लब शक्ति शाहजहांपुर की अध्यक्ष लायन ललिता यादव ने बताया कि क्लब के द्वारा इस वर्ष चार कन्याओं की शादी में मदद की गई। कुछ दिन पहले मेरे पास एक महिला का फोन आया था, जिसमें बताया गया की लड़की के पिता नहीं है और बहुत ही जरूरतमंद है उसको मदद की आवश्यकता है। तो क्लब के द्वारा एक धर्मशाला में जरूरत का सामान,मिक्सी, कंबल, बेडशीट, साड़ी, सूट, मेकअप का सामान घड़ी, क्राकरी का सामान तथा रुपए देकर उसकी मदद की गई तथा कन्या के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसको आशीर्वाद दिया गया। उन्होंने बताया कि हमारा क्लब लगातार जरूरतमंद लोगों की सहायता कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। प्रोग्राम में अध्यक्ष लायन ललिता यादव ,कोषाध्यक्ष लायन प्रियंका बियानी, चार्टर अध्यक्ष लायन गुरजीत कौर, लायन मनदीप कौर, शुभांगी गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## रेडक्रॉस के कार्यालय में हुई स्वगणना



**शाहजहांपुर।** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी कार्यालय में जिलाधिकारी की मंशानुसार और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के दिशा निर्देश पर जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवम सूचना अधिकारी वीरेंद्र कुमार के द्वारा रेडक्रॉस के सचिव डॉ. विजय जौहरी की स्वगणना कराई गई, तत्पश्चात रेडक्रास कार्यालय में जनपद के विभिन्न विकासखंडों से आए लोगों ने भी अपनी अपनी स्वगणना अपने मोबाइलों के माध्यम से जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी के निर्देशन में की। जिला स्वास्थ्य शिक्षा और सूचना अधिकारी ने बताया कि जनपद में स्वगणना का कार्य चल रहा है सभी लोग अपने मोबाइल से पंजीकृत लिंक के माध्यम से स्वगणना में अपेक्षित जानकारी भर कर पूर्ण करें। स्वगणना कर्मी आपके दरवाजे पर पहुंचकर स्वगणना कराने में आमजन का सहयोग कर रहें है। स्वगणना प्रत्येक नागरिक के लिए महत्वपूर्ण और आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक अपने परिवार के मुखिया के द्वारा स्वगणना में आवश्यक रूप से भाग ले और अपने मोबाइलों से स्वगणना कर्मचारियों के सहयोग से स्वगणना पूर्ण करें और एस ई आईडी प्राप्त करें और जब प्रगणक घर घर जनगणना को आयेंगे तो प्रगणक को यह आईडी देना होगी। रेडक्रॉस के सचिव डॉ विजय जौहरी ने कहा कि रेडक्रॉस इस उद्देश्य में अपनी सहयोगी भूमिका का निर्वहन करेगी। ऊं दिव्यांग कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने भी स्वगणना के कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर आशीष श्रीवास्तव, मीनू मिश्रा, बालकृष्ण पाण्डेय, ब्रजेश गुप्ता, रवि बाबू, निधि, सोनकली, मुरारीलाल राठौर और जनपद के विभिन्न ब्लॉकों से आए लोग लोग मौजूद रहे। अंत में डॉ विजय जौहरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### लाठी-डंडों के बाद निकाला तमंचा, वीडियो वायरल

**मदनापुर, शाहजहांपुर।** गांव सिकंदरपुर कला में दबंगई और तमंचे के बल पर हमला करने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। वायरल वीडियो में एक युवक तमंचा ताने दिखाई दे रहा है। ग्राम सिकंदरपुर कला निवासी सुरजीत पुत्र ओमवीर सिंह ने प्रभारी निरीक्षक थाना मदनापुर को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 14 मई की शाम गांव के ही एक युवक ने उसके साथ गाली-गलौज की थी। आरोप है कि अगले दिन 15 मई की सुबह जब वह खेत पर जा रहा था, तभी उक्त युवक का पुत्र ट्रैक्टर लेकर आया और उसे देखते ही गालियां देने लगा। सुरजीत के अनुसार विरोध करने पर आरोपी लाठी-डंडों के साथ बुला लिया और हमला बोल दिया। इसी दौरान शोर सुनकर बचाने पहुंचे उसके चाचा हरीश पर युवक ने तमंचा तान दिया। घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें युवक हाथ में तमंचा लिए नजर आ रहा है। ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले को लेकर गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस तहरीर और वायरल वीडियो के आधार पर जांच में जुटी हुई है। समृद्धि न्यूज वायरल वीडियो की पुष्टि नही करता है।

### जर्मनी, इजराइल और जापान में होगी बंपर भर्ती, कर सकेंगे यूपी के बेरोजगार आवेदन

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के बेरोजगार युवक-युवतियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए एक बड़ी पहल की है। अब जिले के युवा जर्मनी, इजराइल और जापान जैसे देशों में नर्स और केयरगिवर के पदों पर सरकारी पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर शानदार वेतन प्राप्त कर सकते हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्णय अनुसार, इन भर्तियों के लिए सेवायोजन विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी इस पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराकर आवेदन कर सकते हैं। ध्रिक्तियों का विवरण और वेतन ध्भर्ती प्रक्रिया के तहत अलग-अलग पदों के लिए निर्धारित योग्यता और आकर्षक वेतनमान है। सभी पात्रताधारी अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल पर जाकर अपना ऑनलाइन आवेदन सुनिश्चित कर सकते हैं। भर्ती से संबंधित अधिक जानकारी या किसी भी तकनीकी सहायता के लिए अभ्यर्थी टोल-फ्री नंबर 155330 पर संपर्क कर सकते हैं या व्यक्तिगत रूप से जिला सेवायोजन कार्यालय, शाहजहांपुर में जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ध्यह जिले के युवाओं के लिए वैश्विक मंच पर करियर बनाने का एक बेहतरीन मौका है।

### भाकियू संस्थापक चैधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्य तिथि पर हवन पूजन का दी श्रद्धांजलि



**तिलहर-शाहजहांपुर।** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक और किसानों के मसीहा चैधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 15 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने हवन-पूजन कर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी । और दिवंगत चैधरी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया । इस मौके पर फलों का वितरण भी किया गया। शुक्रवार को चीनीमिल मैदान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि चैधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों और ग्रामीण समाज के अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने हमेशा अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और किसानों को संगठित कर उन्हें सम्मान दिलाने का कार्य किया। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि किसान हितों की रक्षा, किसानों की समस्याओं के समाधान और गांव-गरीब की आवाज को बुलंद करने के लिए संगठन निरंतर संघर्ष करता रहेगा। सभा में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की गई तथा सरकार से गन्ना भुगतान, बिजली, खाद-बीज एवं फसलों के उचित मूल्य की मांग उठाई गई। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर किसान मसीहा को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान तहसील अध्यक्ष गेंदन लाल वर्मा , दिनेश चंद सक्सेना , हरिओम यादव, राजपाल यादव, बदन सिंह यादव, महेश वर्मा, नरेंद्र राजपूत, अनिल गंगवार, रामदुलारे मौर्य, रमेश शर्मा, वेदपाल गुर्जर, वीरपाल वर्मा, विनोद गंगवार, पूसेराम वर्मा समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाइकों की सामने सामने भिंड़त, एक घायल

**पुवायां, शाहजहांपुर।** शुक्रवार को नगर के मोहल्ला तकिया निवासी अरुण कुमार पुत्र जयनारायण अपनी बाइक की सर्विस कराने के लिए निगोही रोड़ पर गए थे। बाइक की सर्विस कराने के बाद वह वापस बाइक से घर आ रहे थे। तभी एसडीएम मोड के पास एक बाइक चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक चालक बाइक छोड़कर मौके से भाग निकला। अरुण को गम्भीर चोटें आईं। राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से उसे सीएचसी भिजवाया लेकिन चोटे गम्भीर होने के कारण उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लेकिन परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर गए।

## पूर्व विधायक रोशन लाल ने सत्तापक्ष पर लगाएं गंभीर आरोप

- सत्ता पक्ष के दबाव में एआरटीओ ने दर्ज कराई गलत तरीके से एफआईआर

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




शहर के बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां, पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा के साथ प्रेस वार्ता की। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने स्थानीय भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके इशारे पर ही स्कूल प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनके सुभद्रा देवी महेश चंद्र इंटर कॉलेज की बस रोज की तरह गुरुवार को स्कूल स्टाफ को लेकर शहर आ रही थी। आरोप है कि विधायक आवास के पास एक ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बस में टक्कर मार दी, जिससे बस पलट गई और उसमें सवार 16 लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक की गलती होने के बावजूद पुलिस ने उनकी तहरीर पर कार्रवाई नहीं की, बल्कि स्कूल प्रबंधक, प्रधानाचार्य और बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोप लगाया कि बस चालक को थाने में बैठा लिया गया, लेकिन उस पर लगाई गई धाराओं की जानकारी तक नहीं दी गई। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि भाजपा विधायक हादसे के समय अपने आवास के पास मौजूद थीं, लेकिन बाहर निकलकर घायलों की मदद तक नहीं की। उल्टा स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई करा दी गई। रोशन लाल वर्मा ने नगर पंचायत निगोही में सफाईकर्मियों द्वारा गोली मारने की धमकी दिए जाने का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत कार्यालय के अंदर धमकी देने का वीडियो मौजूद है, लेकिन एक मंत्री और विधायक के दबाव के चलते कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पंचायत निगोही का करीब आठ करोड़ रुपये का बजट लंबित पड़ा है और विकास कार्य नहीं होने दिए जा रहे हैं। साथ ही एक मंत्री के करीबी नामित सभासद पर संरक्षण देने और माहौल खराब करने के आरोप भी लगाए। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रशासन पर राजनीतिक दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। उन्होंने कहा कि उनकी संपत्ति और कार्यों की किसी भी स्तर पर जांच कराई जा सकती है, लेकिन राजनीतिक द्वेष के चलते उन्हें और उनके समर्थकों को परेशान किया जा रहा है। इस मौके पर सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा नेता राधे श्याम यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी, सपा जिला सचिव अनिल भास्कर, रानू खान, रफी खान, पवन कुमार वर्मा, अजीत यादव, सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि रहे।

## एबीवीपी नगर इकाई ने विरोध-प्रदर्शन कर पुतला फूंका

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शाहजहांपुर विभाग के विभाग संयोजक हर्षिल ठाकुर ने कार्यकर्ताओं के साथ छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के विरोध में नगर में प्रदर्शन करते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का पुतला दहन किया।प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य आशुतोष मिश्रा ने कहा कि लगातार सामने आ रही पेपर लीक की घटनाओं से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है।परिषद ने मांग की कि पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए तथा परीक्षाओं की पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित की जाए। नगर मंत्री वैभव मिश्रा ने कहा कि छात्र-छात्राएं दिन-रात मेहनत करके प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाएं उनकी मेहनत और विश्वास को तोड़ने का कार्य कर रही हैं।परिषद केंद्र सरकार एवं संबंधित विभागों से परीक्षा प्रणाली को मजबूत करने की मांग करती है। इस अवसर पर नगर इकाई के कार्यकर्ता दिव्यांश अग्रवाल, सारांश गुप्ता, राहुल राठौर,




राहुल गंगवार, अली खान, दीपक मिश्रा, संदीप वर्मा, शुभम गुप्ता, शिवांग शुक्ला, आयुष गुप्ता आदि बड़ी संख्या में छात्र व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पौष्टिक आहार किट किया वितरित

**शाहजहांपुर।** डालमिया भारत फाऊंडेशन एंड डालमिया चीनी मिल निगोही के द्वारा गोद लिए गए 50 क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार किट का वितरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निगोही में किया गया। जिसमें डालमिया चीनी मिल यूनिट हेड रंगा प्रसाद, एचआर हेड आदित्य गुप्ता, जिला क्षय रोग अधिकारी डा. उमेंद्र राठौर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एमओआईसी नितिन चैधरी, डीपीपीएमसी आरती सिंह, डीपीसी सिद्धार्थ, नीरज कुमार, प्रोग्राम ऑफिसर सरोज कुमार मिश्र आदि उपस्थित रहे।




## वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण शीघ्र कराने की अपील

**शाहजहांपुर।** वक्फ संपत्तियों को भारत सरकार द्वारा संचालित 'उम्मीद' पोर्टल पर दर्ज कराने के लिए समय कम बचा है क का ट्रिब्यूनल द्वारा 6 जून अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित समय-सीमा के भीतर जिन वक्फ संपत्तियों का ऑनलाइन पंजीकरण नहीं हो पाएगा, उन्हें भविष्य में विभिन्न कानूनी व प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। जानकारी के अनुसार अब भी बड़ी संख्या में वक्फ संपत्तियां ऐसी हैं, जिनका इंद्राज तकनीकी कारणों, आवश्यक दस्तावेजों की कमी अथवा जानकारी के अभाव में नहीं हो सका है। प्रशासन और वक्फ बोर्ड ने सभी मुतवल्लियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना शीघ्र ही अपनी-अपनी वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण 'उम्मीद' पोर्टल पर पूर्ण कर लें। पोर्टल पर पंजीकरण से वक्फ संपत्तियों का डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित होगा, जिससे अवैध कब्जों पर रोक लगाने, संपत्तियों के संरक्षण, विकास एवं पारदर्शी प्रबंधन में सहायता मिलेगी। साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद या दस्तावेजी समस्या से बचा जा सकेगा। पोर्टल में पंजीकरण के समय वक्फनामा, खसरा-खतौनीध्राजस्व अभिलेख, नक्शा, फोटो व अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य है। यदि किसी मुतवल्ली को पंजीकरण प्रक्रिया में कठिनाई आती है, तो वे संबंधित वक्फ कार्यालय या सहायता केंद्र से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने मुतवल्लियों से कहा है कि वे 6 जून से पूर्व अपनी वक्फ संपत्तियों का इंद्राज सुनिश्चित कराएं, ताकि वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और विधिसम्मत व्यवस्था कायम रह सके। अगर किसी को कोई दिक्कत हो रही हो तो वह मदरसा नुरुल हुदा बिजलीपूरा में कायम हेल्प सेंटर में राब्ता कर सकता है।

## पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का किया गया आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- शस्त्रों से फायरिंग कराई गई तथा उनकी दक्षता, निशानेबाजी एवं शस्त्र संचालन क्षमता का किया परीक्षण

पुलिस लाइन में साप्ताहिक शुक्रवार परेड का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी सौरभ दीक्षित द्वारा परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर एसपी ग्रामीण सहित अन्य अधिकारी,कर्मचारीगण उपस्थित रहे। परेड के दौरान एसपी सौरभ दीक्षित द्वारा परेड में सम्मिलित अधिकारी, कर्मचारियों की शारीरिक दक्षता, अनुशासन, टर्नआउट एवं ड्रिल संबंधी गतिविधियों का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया तथा परेड को और अधिक प्रभावी एवं अनुशासित बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण उपरान्त एसपी द्वारा पुलिस लाइन परिसर में



संचालित शाखाओं, कार्यालयों, बैरकों, भोजनालय, शस्त्रागार, परिवहन शाखा एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अस्वस्थ पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण एवं समुचित उपचार हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही निलम्बित चल रहे पुलिसकर्मियों की उपस्थिति की जाँच करते हुए निर्धारित नियमों एवं विभागीय निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त पुलिस बल की त्वरित प्रतिक्रिया, समन्वय एवं आपदा,आपातकालीन परिस्थितियों में कार्यकुशलता परखने हेतु मॉक ड्रिल भी कराई गई। निरीक्षण के दौरान उपस्थित कुछ अधिकारी,कर्मचारियों से शस्त्र संचालन का अभ्यास कराते हुए विभिन्न शस्त्रों से फायरिंग कराई गई तथा उनकी दक्षता, निशानेबाजी एवं शस्त्र संचालन क्षमता का परीक्षण किया गया। साथ ही शस्त्रों के सुरक्षित रख-रखाव, उपयोग एवं आपात स्थिति में प्रभावी संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी द्वारा परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, शस्त्रों की स्थिति, वाहनों की उपलब्धता एवं अनुशासन का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं को उच्च गुणवत्ता के साथ बनाए रखने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही समस्त पुलिस बल को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार बनाए रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु प्रेरित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### जमीन बैनामा रोकने गए भाई ने स्टाम्प कागजात फाड़े, मचा हड़कंप

**तिलहर-शाहजहांपुर।** जमीन बिक्री के लिए स्टांप पेपर पर लिखे गए बैनामा के कागजात अधिवक्ता के विस्तर पर फाड़ देने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्टाम्प फाड़ने वाले को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक गांव ताहरपुर निवासी रामकिशन अपने हिस्से की जमीन बिक्री का बैनामा करने शुक्रवार को तहसील आए थे। एक अधिवक्ता के चेंबर में बैनामा के कागजात पूर्ण किए जाने के दौरान ही राम किशन का भाई गुलफान पहुंच गया। और जमीन बेचने का विरोध करने पर दोनों भाइयों के बीच विवाद होने लगा। शोर शराबा सुन भरी भीड़ एकत्र हो गई। रामकिशन का आरोप है कि इसी दौरान उसके भाई गुलफान ने उसके हाथ से बैनामे के कागज और स्टांप लेकर फाड़ दिए। घटना से तहसील परिसर में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। सूचना पर कोतवाल प्रिंस शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी गुलफाम को हिरासत में ले लिया। गुलफान ने बताया कि रामकिशन की पत्नी काजल दिल्ली के एक अस्पताल में नौकरी करती है। काजल ने फोन कर उन्हें जमीन बिकने से रोकने के लिए कहा था। इसी को लेकर वह अपने भाई रामकिशन को समझाने तहसील पहुंचे थे। लेकिन जब वह नहीं माने तो खींचा तानी में कागज फट गए। फिलहाल समाचार भेजे जाने तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

### मृतक के परिजनों से मिले पुवायां विधायक चेतराम



**बंडा-शाहजहांपुर।** विधायक चेतराम गुरूवार को बण्डा के ग्राम भौरखेड़ा जिगनिया निवासी मृतक मनोज कुमार गंगवार के परिजनों से मिले व ईश्वर से दिवंगत आत्म की शांति के लिए प्रार्थना की। ब्लॉक बण्डा की बजाज हिंदुस्तान चीनी मिल मकसूदापुर इकाई में कार्यरत गन्ना सुपरवाइजर मनोज गंगवार ने कथित मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। परिजनों ने विधायक से घटना के बाद मिले सुसाइड नोट और परिजनों के आरोपों के आधार पर कठोर कार्यवाही की मांग की है। परिजनों के अनुसार, पिछले कुछ समय से मिल के उच्च अधिकारियों ने मृतक का मानसिक उत्पीड़न किया जिस कारण मनोज को आत्महत्या करने के लिए विवश होना पड़ा। घटना के बाद घर में शोक का माहौल है। इस पूरे मामले में नामजद एफआईआर होने के बावजूद भी दोषी मिल अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही ना होना खेद की बात है जिस पर विधायक ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मृतक की पत्नी द्वारा थाना बंडा में दी गई तहरीर के आधार पर चीनी मिल प्रबंधन के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की। विधायक चेतराम ने कहा कि बजाज चीनी मिल के जो भी दोषी अधिकारी होंगे उनको किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा, उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही कराऊंगा ताकि भविष्य में मिल अधिकारियों द्वारा किसी भी कर्मचारी का शोषण ना हो और ना ही ऐसी घटना की पुनरावृत्ति हो।

### डिवाइडर पर चढ़कर पलटा ट्रक, चालक बाल-बाल बचा



**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** कटरा जलालाबाद रोड स्थित फीलनगर मोड़ के पास देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि ट्रक चालक बाल बाल बच गया। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। ट्रक चालक सतेंद्र सिंह भदौरिया निवासी बहुड़ापुर थाना बहुड़ापुर, ग्वालियर महाराष्ट्र से पेपर रद्दी लादकर लालकुआं जा रहा था। चालक ने बताया कि वह अकेले ही ट्रक चला रहा था, क्योंकि हेल्पर छुट्टी पर गया हुआ था। रात करीब 12:40 बजे फीलनगर मोड़ के पास अचानक नींद की झपकी आ जाने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। ट्रक के पलटने से सड़क पर यातायात प्रभावित हुआ, हालांकि बाद में स्थिति सामान्य कर दी गई। चालक पूरी तरह सुरक्षित बताया जा रहा है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज नगर के लक्ष्मी नगर मोहल्ला निवासी गोधन कश्यप की पत्नी लक्ष्मी देवी 35 वर्ष की संदीप परिस्थितियों में मौत हो गई है वह काफी समय से मानसिक रोग से परेशान थी जिनका लगभग 1 साल से अधिक से बरेली से इलाज चल रहा था अभी कुछ दिन पहले वह अपने मायके गई हुई थी परिवार वालों के मुताबिक दो दिन पहले ही वह अपने मायके से आई थी रात गोधन अपने कुछ दोस्तों के साथ जैतीपुर किसी समारोह में गए हुए थे वापस आए तो उन्होंने कमरे का दरवाजा खटखटाया काफी देर तक दरवाजा खट्टा में के बावजूद भी डेट नहीं खुला तो वह पड़ोस की छत से अंदर जाए तो वह मृत अवस्था में पड़ी हुई थी सूचना पर मायके से लोग आए और उन्होंने थाने में शिकायत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतका का अपने पीछे तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गई। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य के अनुसार मृतका के द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी मौके पर पुलिस टीम भेज कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है रिपोर्ट आने के बाद विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

### जमींदार घराने की शारदा देवी का असामयिक निधन



**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर के प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी साहू मनोज कुमार गुप्ता की माता श्रीमती शारदा देवी 90 पत्नी स्व साहू शांति स्वरूप गुप्ता का शुक्रवार (आज) सुबह साढ़े दस बजे मोहल्ला दातागंज स्थित निज निवास पर असामयिक निधन हो गया। जिनका शाम बजे सरऊ श्मशानघाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि बेटे साहू मनोज कुमार गुप्ता ने दी। गौरतलब है कि एक पखबाड़े पूर्व उनकी तबियत खराब होने पर बरेली के मिशन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां से बाद में बरेली स्थित रहेलखंड अस्पताल में दाखिल कराया गया। डॉक्टरों द्वारा जबाव दे दिए जाने पर गुरुवार शाम उन्हें निज निवास पर लाया गया। जिन्हें देखने के लिए नगर के तमाम गणमान्य उनके घर पहुंचे। शुक्रवार सुबह करीब दस बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। शाम पांच बजे उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंत्येष्टि में फ्यूचर ग्रुप के चेयरमैन मुकेश गुप्ता, पूर्व चेयरमैन देवेंद्र गुप्ता, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष हितेश गुप्ता रिंकू, व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, सराफा व्यापारी अशोक रस्तोगी, युवराज सिंह, प्रदीप गुप्ता, अजीत गुप्ता, प्रतीक गर्ग समेत तमाम व्यापारी शामिल रहे।

### करंट लगने से महिला और युवक की दर्दनाक मौत





**खुदागंज, शाहजहांपुर।** थाना खुदागंज क्षेत्र के गांव हसनापुर में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। घर के पास लगे नल में उतरे करंट की चपेट में आने से महिला और युवक की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी रत्ना देवी पत्नी श्यामपाल (48 वर्ष) घर के पास लगे नल पर पानी भरने गई थीं। बताया जा रहा है कि नल में लगे मोटर में अचानक करंट उतर आया, जिसकी चपेट में आते ही वह गंभीर रूप से झुलस गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इसी दौरान बाहर से घर लौट रहे विवेक सिंह पुत्र सोनपाल (21 वर्ष) ने अपनी ताई रत्ना देवी को बचाने का प्रयास किया। जैसे ही वह उन्हें छुड़ाने के लिए आगे बढ़ा, तेज करंट ने उसे भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। हादसे में विवेक गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे इलाज के लिए बरेली ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने दोनों को बचाने की भरसक कोशिश की, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। इस दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि विवेक सिंह अपने परिवार का बड़ा बेटा था और आईटीआई का छात्र था। उसके परिवार में मां नीतू देवी और दो छोटी बहनें हैं। वहीं रत्ना देवी के परिवार में उनका 16 वर्षीज्य बेटा सचिन है। हादसे के बाद दोनों परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### महंगाई के विरोध में हाथ में तख्तियां लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल

**शाहजहांपुर।** महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा व पश्चिम जोन की प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी के निर्देशानुसार जनपद की महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अर्चना कटारिया ने पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़ाए जाने के विरोध में गर्रा रोड एलआईसी के पास पेट्रोल पंप पर सैकड़ों महिलाओं के साथ जोरदार प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि जबसे भाजपा सरकार बनी है, जनता महंगाई की मार से परेशान है। हर 6 महीने के बाद भाजपा सरकार किसी न किसी चीज के दाम बढ़ा देती है। जब 2014 में कांग्रेस की सरकार थी, उस समय सोने कीमत 30-40 हजार के बीच में थी। जो आज बढ़कर 1 लाख 60 हजार के बीच में और गैस सिलेंडर कांग्रेस सरकार में 450 रूपये में मिलता था। वह आज 1100 में मिलता है, पेट्रोल 54 रुपए में था 105 रुपए में हो गया है। भाजपा सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दामों में 3 रुपए बढ़ाकर जनता को एक और महंगाई की बोझ से डाल दाब दिया। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ने कहा चींटी के जब पर निकलते है। तब वह समाप्ति की और होती है, भाजपा सरकार में किसान आत्माएं हत्या कर रहा है, युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से मोनी, सीमा, बितौली, नसीम बानो, रूबी, जितेंद्री मिश्रा, ज्योति यादव, गीता वाल्मीकि, मीना अग्रवाल आदि सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रही।

# ऑटो पलटने से एक की मौत, एंबुलेंस व्यवस्था पर उठे सवाल

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के कटरा-खुदागंज मुख्य मार्ग पर गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहीं समय पर एंबुलेंस न पहुंचने को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब 3:10 बजे कटरा से खुदागंज की ओर सवारियां लेकर आ रहा एक डग्गामार ऑटो थाना क्षेत्र के गांव फत्तेपुर के पास अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। बताया जा रहा है कि ऑटो के सामने अचानक एक जानवर आ गया, जिसे बचाने के प्रयास में चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो सड़क पर काफी दूर तक घिसटता चला गया। इस हादसे में खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी 56 वर्षीय मुस्तकीम खान उर्फ बाबू खान पुत्र अच्छन खान गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि वह किसी निजी कार्य से तहसील तिलहर गए थे और वापस लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। बाबू खान अपने परिवार के मुखिया थे। उनके परिवार में 6 बच्चे हैं, जिनमें 2 बेटियां और 4 बेटे शामिल हैं। एक बेटी की शादी हो चुकी है। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में चिंता और दुख का माहौल छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस सेवा को फोन किया, लेकिन आरोप है कि खुदागंज क्षेत्र की कोई भी एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। काफी देर इंतजार के बाद भी सहायता न मिलने से लोगों में आक्रोश फैल गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि समय रहते एंबुलेंस पहुंच जाती, तो शायद घायल की जान बचाई जा सकती थी। बाद में पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि खुदागंज क्षेत्र में एंबुलेंस सेवाएं अक्सर समय पर उपलब्ध नहीं रहतीं और अधिकांश हादसों में कटरा क्षेत्र से एंबुलेंस बुलानी पड़ती है, जिससे कीमती समय बर्बाद हो जाता है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन से क्षेत्र में एंबुलेंस व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। हादसे के बाद लोगों ने कटरा-खुदागंज मार्ग पर खड़े रहने वाले आवारा जानवरों, सड़क किनारे अव्यवस्थित वाहनों और तेज रफ्तार डग्गामार ऑटो संचालन को भी दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बताया। ग्रामीणों का कहना है कि ओवरलोड सवारियां और तेज गति से वाहन चलाना आए दिन हादसों को न्योता दे रहा है, लेकिन संबंधित विभाग इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। मौके पर पहुंची खुदागंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में खन्नौत नदी पुल के पास गुरुवार दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत मानवता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव जमुनिया निवासी अब्दुल सलाम (25) और कल्लू (58) गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे शाहजहांपुर से दवाई लेकर बाइक से अपने घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक सिधौली स्थित खन्नौत नदी पुल के पास चार पहिया वाहन और बाइक में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग मौके पर दौड़ पड़े और घायलों को संभाला। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली ले जाया गया। वही चार पहिया वाहन चालक का कहना है की बाइक सवार ने हीं पीछे से टक्कर मारी है।

## नागरिकों ने ईओ कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा



**तिलहर-शाहजहांपुर।** व्याप्त गंदगी व मामूली बरसात में जलभराव होने से आहत नागरिकों ने नगर पालिका पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए ईओ को ज्ञापन सौंपा। ईओ ने शीघ्र सफाई का दिया आश्वासन देकर शांत कराया। शुक्रवार दोपहर को नगर के मोहल्ला निजामगंज के दर्जनों निवासी नगर पालिका परिसर स्थित ईओ के कार्यालय पहुंचे और नारेबाजी कर विरोध जताया। नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा समस्या को ना सुने जाने के चलते करीब आधे घंटे तक यहां पर नागरिकों ने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। शोर शराबा सुनकर ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने समस्या लेकर आए लोगों को अपने कार्यालय में बुलाकर उनकी समस्या को सुना। समस्या से पीड़ित संजीव कुमार ने बताया कि नालियों का पानी निकास न होने के चलते गलियों में भर गया है। अब घरों के अंदर भी घुस रहा है। संजीव कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों को अपने घरों में रहना दुश्वार हो गया है। दिए गए ज्ञापन पर नीतू, गिरिजा देवी, मोहित, रूपा, लीलावती, रेखा, शोभित, अनीता, मोहित के हस्ताक्षर शामिल हैं। ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने सफाई निरीक्षक राजीव कुमार को निर्देशित किया कि वह पंपिंग सेट लगाकर गलियों में भरा हुआ पानी निकलबाने की व्यवस्था करें और नालियों की सफाई भी कराना सुनिश्चित करें।

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी का पुलिस ने कराया डीएनए टेस्ट

**तिलहर-शाहजहांपुर।** विगत माह भगा कर ले जाई गई नाबालिग लड़की को दो युवकों द्वारा स्थान बदल बदलकर रख कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर डीएनए टेस्ट कराए जाने के बाद जेल भेज दिया। गौर तलब है कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से अप्रैल माह में 16 वर्षीय नाबालिग लड़की भगा ले जाने की पीड़ित पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कांट थाना क्षेत्र के गांव अकर्रा रसूल पुर निवासी युवक आकाश वर्मा के उनके गांव में आने जाने के दौरान पहचान बढ़ाने के बाद उसकी नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का आरोप लगाया गया था। रिपोर्ट में चार दिन आकाश के घर तथा चार दिन उसके साथी गौरव के यहां रखने के बाद हनुमत धाम के समीप कमरा लेकर रखने के दौरान बेटी के बच निकलने का जिक्र किया गया। पुलिस ने पीड़िता के कोर्ट में बयान कराए जाने के साथ ही आरोपी अकड़ वर्मा को हिरासत में ले लिया। गुरुवार को सीएचसी में आकाश का डीएनए टेस्ट कराया गया। शुक्रवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उधर चर्चा है कि आरोपी आकाश को कई दिन चैकी पर हिरासत में रखने के बाद जेल भेजा गया।

## डीएम ने किया सामूहिक सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का शुभारंभ

▸ प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को 25, 20,15 हजार का दिया पुरस्कार

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद स्तरीय सामूहिक सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का दून इंटरनेशनल सभागार में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता, डायट प्राचार्य सोनिया गुप्ता व प्रधानाचार्या शमा जैदी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में 8 मई को विभिन्न ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में से कुल 18 विजेता टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। निर्णायक मंडल में संजय कुमार मौर्य प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कॉलेज कांट, नम्रता लता, आर्य महिला पीजी कॉलेज, रोहित सिंह दून इंटरनेशनल स्कूल रहे। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में राजकीय हाईस्कूल पिपरौला प्रथम, आर्य महिला इण्टर कॉलेज द्वितीय व प्राथमिक विद्यालय मठिया पुवायां तृतीय स्थान पर रहीं ,शेष विकास खंडों की विजेता 15 टीमों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विजेता टीमों को क्रमशः रुपए 25000, 20000, 15000 व शेष 15 विकास खंडों की विजेता टीमों को रुपए 5000 की धनराशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्यालय के निदेशक डा. जसमीत साहनी, सन्देश श्रीमाली, नेहा मिश्रा, शिप्रा, इशिका शुक्ला, कोमल सिक्का, विशाल, सुशान्त, जिला समन्वयक राजन प्रजापति, डा. ब्रजेश कुमार, सत्यपाल सिंह, गौरव सक्सेना, विपिन कुमार श्रीवास्तव व नितिश कुमार आदि का सहयोग रहा।

### जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में राजकीय हाईस्कूल पिपरौला प्रथम



**शाहजहांपुर।** जिला प्रशासन द्वारा जनपद स्तरीय सामूहिक सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन दून इंटरनेशनल के सभागार में किया गया। शुभारम्भ डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता, डायट प्राचार्य सोनिया गुप्ता व प्रधानाचार्या शमा जैदी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उक्त जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में 8 मई को विभिन्न ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में से कुल 18 विजेता टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। निर्णायक मंडल में संजय कुमार मौर्य, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कॉलेज कांट, नम्रता लता, आर्य महिला पीजी कॉलेज,रोहित सिंह दून इंटरनेशनल स्कूल रहे। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में राजकीय हाईस्कूल पिपरौला प्रथम, आर्य महिला इण्टर कॉलेज द्वितीय व प्राथमिक विद्यालय मठिया पुवायां तृतीय स्थान पर रहीं ,शेष विकास खंडों की विजेता 15 टीमों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विजेता टीमों को क्रमशः रुपए 25000, 20000, 15000 व शेष 15 विकास खंडों की विजेता टीमों को रुपए 5000 की धनराशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्यालय निदेशक डा. जसमीत साहनी, सन्देश श्रीमाली, नेहा मिश्रा, शिप्रा, इशिका शुक्ला, कोमल सिक्का, विशाल, सुशान्त, जिला समन्वयक राजन प्रजापति, डा. ब्रजेश कुमार, सत्यपाल सिंह, गौरव सक्सेना, विपिन कुमार श्रीवास्तव व नितिश कुमार आदि का सहयोग रहा।

## गोल्डन फ्लॉवर पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

**खुटार, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गोल्डन फ्लॉवर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बना रहा। छात्रों की सफलता पर शिक्षकों एवं अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय की छात्रा सिया गुप्ता ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अक्षांश राज वर्मा ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अहम पटेल ने 89.2 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। तनु साहू ने 87.8 प्रतिशत अंक पाकर चैथा स्थान हासिल किया, जबकि प्रतिभा सागर ने 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों की इस सफलता को उनकी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। विद्यालय के डायरेक्टर हरदेव सिंह सिद्धू ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों के कठिन परिश्रम और शिक्षकों की लगन का प्रतिफल है। उन्होंने उम्मीद जताई कि छात्र भविष्य में भी इसी तरह विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। निदेशक नवदीप सिंह सिद्धू ने कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए लगातार प्रयासरत है और छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानाचार्य राजकुमार साहू ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपप्रधानाचार्य ममता राजपूत सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं स्टाफ ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

### इफको की एक जम्बो रैक प्राप्त

**शाहजहांपुर।** जनपद में इफको की एक जम्बो रैक प्राप्त हुई है। जिसमें 3194.640 मीट्रिक टन यूरिया है। 20 प्रतिशत जनपद की अन्य सहकारी समितियों एवं 80 प्रतिशत सहकारिता विभाग की सहकारी समितियों को उपलब्धता डीएम द्वारा कराई गयह है। उक्त यूरिया का वितरण कराने को डीएम को पत्रावली प्रेषित की जा चुकी है। जल्द ही वितरण जनपद की सहकारी समितियों को कर दिया जाएगा। साथ ही जनपद की समितियों में यूरिया की उपलब्धता 3041.00 मीट्रिक टन है तथा 3500.00 मीट्रिक टन यूरिया पीसीएफ बफर में सुरक्षित है। इसी प्रकार 489.00 मीट्रिक टन डीएपी वितरण हेतु सभी समितियों को वितरण हेतु प्रेषण किया जा चुका है तथा शेष 4118.00 मीट्रिक टन डीएपी पीसीएफ बफर में सुरक्षित है। जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा सभी समितियों पर आवश्यकतानुसार व प्राथमिकतानुसार उपलब्ध कराकर निरन्तर वितरण कराया जा रहा है।

## टोल प्लाजा का बैरियर गिरने से टूटा कार का शीशा

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ 50 किलोमीटर दायरे में दो-दो टोल प्लाजा, वाहन चालकों की आर्थिक स्थिति पर डाल रहे प्रभाव




पुवाया शाहजहांपुर मार्ग पर बने टोल प्लाजा पर आए दिन समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं जिसके चलते वाहन चालकों को कड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। टोल प्लाजा पर कहीं जाम की स्थिति बनती है तो कहीं बैरियर गिरने से कार के शीशे टूट जाते हैं। वही 50 किलोमीटर के दायरे में दो टोल प्लाजा से क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

तहसील क्षेत्र के महानंदपुर गांव के पास बने टोल प्लाजा को 8 मई को शुरू किया गया है। जिस दिन से टोल प्लाजा शुरू किया गया है उसी दिन से प्रतिदिन कोई ना कोई समस्या का सामना वाहन चालकों को करना पड़ रहा है। पुवायां खुटार बंडा से जनपद जाने वाले वाहन चालकों को सुबह और शाम व्यस्त समय में आधे से एक घंटे तक जाम से जूझना पड़ता है। शुक्रवार को टोल प्लाजा की लेन में लगी कार शुल्क देने के बाद जब आगे बढ़ी तो टोल प्लाजा का बैरियर उठने के बाद अचानक कार की शीशे पर गिर गया। जिससे कार का शीशा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके बाद टोल प्लाजा कर्मचारी और वाहन चालक के बीच काफी नौंक झोंक हुई। वाहन चालकों का कहना है कि आधी अधूरी तैयारी के साथ चालू किया गया टोल प्लाजा वाहन चालकों के लिए मुसीबत का सबब बनता जा रहा है। घंटो लाइन में खड़े रहने के बाद वाहन चालक जाम से निकल पा रहे हैं। वहीं बंडा से आने वाले यात्रियों का कहना है कि 50 किलोमीटर के अंदर ही दो टोल प्लाजा का शुल्क देना जेब पर भारी पड़ रहा है। बंडा से निकलते ही गांव सबली के पास एक टोल प्लाजा स्थित है। शाहजहांपुर-पलिया हाईवे एवं पुवायां-बंडा रोड पर लगभग 50 किलोमीटर के दायरे में दो टोल प्लाजा स्थापित किए जाने से वाहन चालकों की जेब पर आर्थिक भार पड़ रहा है। शाहजहांपुर-पलिया हाईवे पर ग्राम महानंदपुर के पास तथा पुवायां-बंडा रोड के सबली क्षेत्र में स्थापित टोल प्लाजा के कारण आम जनता को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। बंडा, खुटार और पुवायां से प्रतिदिन तहसील, जिला मुख्यालय और न्यायालय संबंधी कार्यों के लिए लगातार आवागमन किया जाता है। ऐसे में कम दूरी के भीतर दो-दो टोल प्लाजा होने से बार-बार टोल शुल्क देना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक एवं मानसिक परेशानी बढ़ गई है। वहीं बंडा, पुवायां और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को भी इस व्यवस्था से असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जिससे क्षेत्र में विरोध और असंतोष लगातार बढ़ रहा है।

## खुटार में विद्युत समाधान कैंप आयोजित, 19 शिकायतों में 4 का मौके पर निस्तारण

**खुटार, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।**



मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निर्देश पर शुक्रवार को खुटार विद्युत विभाग परिसर में उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विशेष समाधान कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने पहुंचकर बिजली संबंधी शिकायतें दर्ज कराईं। कैंप के दौरान कुल 19 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के संबंध में अधिकारियों ने बताया कि उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर आगामी सात दिनों के भीतर कराया जाएगा। इस दौरान एसडीओ, अवर अभियंता (जेई) समेत विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा करने और विभाग द्वारा लगाए जा रहे समाधान कैंपों का लाभ उठाने की अपील की। विभाग की इस पहल से उपभोक्ताओं में संतोष दिखाई दिया। लोगों ने समस्याओं के समाधान के लिए लगाए गए कैंप की सराहना की।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार किसान की मौत

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना खुटार क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर हुए सड़क हादसे में साइकिल सवार किसान की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। क्षेत्र के गांव मलिका निवासी बटेश्वर सिंह पुत्र शिव प्रताप शुक्रवार को करीब दो बजे साइकिल से खेत से घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि मलिका मोड़ के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रही मोटरसाइकिल ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बटेश्वर सिंह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। सूचना मिलने पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने वालों पर एक्शन ले ड्रग इंस्पेक्टरः जिलाधिकारी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड कानून व्यवस्था,नारकोटिक्स, आबकारी एवं अभियोजन विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई।डीएम ने आबकारी विभाग की कार्रवाइयों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कच्ची शराब बनने एवं अवैध मदिरा बिक्री पर रोक लगाई है। नारकोक्टिस सेल के द्वारा जनपद स्तर पर एनडीपीएस के अन्तर्गत की गयी कार्यवाहियां की समीक्षा की। आबकारी एवं औषधि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सम्बन्धित तहसीलों के उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम कर अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करके कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने औषधि निरीक्षक को निर्देश दिए कि मेडिकल स्टरों पर प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होने कहा कि अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध विधिनुसार सुसंगत धाराओं में कठोरतम कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने औषधि निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि जितने भी ड्रग लाइसेंसधारी है विशेष अभियान चलाकर फिजिकल सत्यापन कराएं और अवैध रूप से कार्य करने वालो के ऊपर नियमानुसार कार्यवाही करें। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## फिर एक निर्भया त्रासदी

चौदह साल पहले दिल्ली में जिस निर्भया कांड ने भारत की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया था, दिल्ली में एक बार फिर उस जैसी त्रासदी की पुनरावृत्ति हुई है। दिल्ली ने एक बार फिर इस भयावह सच का सामना किया किया है कि वहां की सार्वजनिक जगहें महिलाओं के लिये कितनी असुरक्षित व भयावह बनी हुई हैं। दुर्भाग्य से एक बार फिर वही बस अपराध स्थली बनी है, जो सार्वजनिक आवागमन और सुरक्षा के लिये बनी होती हैं। दिल्ली स्थित नांगलोई में एक प्राइवेट स्लीपर बस के भीतर ड्राइवर और कंडक्टर द्वारा एक महिला के साथ कथित रूप से गैंगरेप की घटना ने सभ्य समाज को गहरे तक विचलित किया है। इस घटना ने एक बार फिर से शासन-प्रशासन, पुलिसिंग और परिवहन नियमों के पालन में हुई भारी चूक का एक जीता-जागता सबूत पेश किया है। निःसंदेह, इस घटना की क्रूरता केवल उस हमले में ही नहीं है, बल्कि उत्पन्न परिस्थितियों की भयानक रूप में जानी-पहचानी प्रकृति में भी है। विडंबना देखिए कि जिस बस को महिलाएं सार्वजनिक यातायात के लिये सुरक्षित मानकर चलती हैं, उसी में यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित हुई है। एक बार फिर बस अपराधियों के मंसूबों को पूरा करने वाला साधन बनी। इस घटना ने एक बार फिर से उजागर किया है कि जिन लोगों को यात्रियों के सुरक्षित आवागमन की जिम्मेदारी दी गई थी, वे ही कथित तौर पर दरिंदे बनकर सामने आए। हर बार की तरह तुरंत कार्रवाई का दावा करते हुए गिरफ्तारी को तत्काल कदम उठाने के रूप में दर्शाया जा रहा है। जबकि एक हकीकत है कि हमारी व्यवस्था की विद्रूपताएं जस की तस बनी हुई हैं। सही मायनों में देश के हृदय में वर्ष 2012 के जख्म अभी भरे नहीं हैं। विडंबना देखिए कि निर्भया कांड के बाद सरकारों ने तमाम सुधारों के वायदे जनता के सामने किए थे। तब घोषणा की गई थी कि अपराधियों पर नजर रखने के लिये दिल्ली में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी को व्यापक रूप दिया गया है। लेकिन परिणाम जस के तस रहे। देश को याद है कि वर्ष 2012 के निर्भया कांड के बाद त्वरित फैसले लेने वाली अदालतों की स्थापना करने की घोषणा की गई थी। इसके अलावा महिला सुरक्षा से जुड़ी तमाम योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये व्यापक प्रचार किया गया था। इसके बावजूद एक और निर्भया जैसी घटना बताती है कि अब तक जमीनी हकीकत में बहुत कुछ बदलाव नहीं आया है। देखने में आया है कि तमाम निजी बसें अपर्याप्त निगरानी व लचर सुरक्षा व्यवस्था के साथ चलती रहती हैं। महिला यात्रियों की सुरक्षा के प्रोटोकॉल का पालन अक्सर महज दिखावे के लिये होता है। निस्संदेह, निजी बसों के कर्मचारियों की सख्त जांच के अभाव ने ऐसे वातावरण को तैयार किया है जहां चालक-परिचालक व अन्य अपराधियों की समांतर गुंडागर्दी चलती रहती है। यही वजह है कि गाहे-बगाहे दिल्ली की छवि महिलाओं के लिये असुरक्षित शहर होने के कारण खराब हुई है। जिसका कारण है कि यहां जवाबदेही संस्थागत होने के बजाय सतही तौर पर नजर आती है। यह विडंबना ही है कि हर बार ऐसी घटना के बाद जन आक्रोश में उबाल आता है। लेकिन देखने में आता है कि जल्दी ही राजनीतिक बयानबाजी और कालांतर नौकरशाही की उदासीनता में बदल जाता है। यही वजह है कि महिलाएं इस भय को अपनी नियति मानकर जीने को अभिशप्त हैं। दिल्ली की जागरूक जनता को चाहिए कि वे नांगलोई की घटना को महज एक और गुजरती सुर्खी बनकर न रहने दें। उन्हें इसे ऐसे अपराधों को रोकने की दिशा में एक निर्णायक मोड़ बनाना चाहिए। निस्संदेह, दिल्ली के अधिकारियों को निजी परिवहन संचालकों की व्यापक जांच-पड़ताल करनी चाहिए। जिसमें रियल-टाइम जीपीएस ट्रैकिंग को निजी बसों में अनिवार्य रूप से लागू करना चाहिए। साथ ही निजी बस चालक व परिचालकों की पृष्ठभूमि की कड़ी जांच करनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण यह कि सरकारों को समझ लेना चाहिए कि महिलाओं की सुरक्षा महज बयानबाजी व नारे लगाने से सुनिचित नहीं होगी। साथ ही शासन-प्रशासन को घटना के बाद पुलिस कार्रवाई तक सीमित नहीं होना चाहिए। बल्कि अपराध नियंत्रण की दिशा में भी गंभीर पहल होनी चाहिए।

# अलीगढ़ में सौर क्रांति ने बढ़ाई ऊर्जा आत्मनिर्भरता

आधुनिक युग में ऊर्जा की मांग और उसकी उपलब्धता के बीच का संतुलन किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार होता है। भारत जैसे विशाल देश में, जहाँ ऊर्जा की खपत निरंतर बढ़ रही है, वहां नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों को अपनाना अब केवल एक विकल्प नहीं बल्कि एक अनिवार्य आवश्यकता बन गया है।

प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के साझा प्रयासों से संचालित 'पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना' इसी दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है, जो न केवल मध्यम और निम्न आय वाले परिवारों को बिजली के बिलों के बोझ से मुक्ति दिलाने का वादा करती है, बल्कि देश को एक टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल भविष्य की ओर ले जाने का संकल्प भी रखती है। अलीगढ़ जनपद में यह बदलाव एक शांत लेकिन अत्यंत प्रभावशाली ऊर्जा क्रांति के रूप में आकार ले रहा है। यह क्रांति किसी अचानक आई तकनीकी खोज का परिणाम नहीं, बल्कि आम नागरिकों की समझदारी, सरकारी योजनाओं की सुलभता और सूर्य की असीम ऊर्जा के व्यापक उपयोग हेतु किये गए एक सफल समन्वय का प्रतिफल है। बढ़ते बिजली बिल और स्मार्ट प्रीपेड मीटरों में तकनीकी चुनौतियों ने स्थानीय निवासियों को वैकल्पिक समाधान की ओर प्रेरित किया, जिसका स्थाई समाधान उन्हें छतों पर लगे रूफटॉप सोलर पैनल के रूप में प्राप्त हुआ है।

इस योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया अत्यंत व्यवस्थित और पारदर्शी रखी गई है, जिससे लाभार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। अलीगढ़ के संदर्भ में देखें तो कुछ समय पूर्व तक यहाँ के अधिकांश परिवारों के लिए बिजली का बिल एक बड़ी चिंता का विषय था। सामान्य दिनों में दो हजार से ढाई हजार रुपये और गर्मियों में चार हजार रुपये तक पहुँचने वाले बिलों ने घरेलू बजट को बुरी तरह प्रभावित कर रखा था।

इन्हीं परिस्थितियों में जब केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं धरातल पर उतरीं, तो लोगों के सामने एक विश्वसनीय विकल्प खुल गया। यह योजना न केवल आर्थिक रूप से सुलभ थी, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी थी। धीरे-धीरे लोगों ने इसे अपनाना शुरू किया और देखते ही देखते अलीगढ़ में यह एक जन-भागीदारी का रूप लेने लगा। आंकड़ों के आइने में देखें तो सौर ऊर्जा के प्रति बढ़ती जागरूकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जनपद में मात्र चार महीनों के भीतर सोलर पैनल लगवाने वालों की संख्या में दोगुने से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। बीते दिसंबर माह में जहाँ यह संख्या 576 थी, वहीं अप्रैल आते-आते यह बढ़कर 1185 तक पहुँच गई। यह आंकड़े केवल संख्या मात्र नहीं हैं, बल्कि उस भरोसे का प्रतीक हैं जो आम जन अब सौर ऊर्जा पर जता रहे हैं।



अलीगढ़ में अब तक हजारों घरों में सोलर सिस्टम सफलतापूर्वक स्थापित हो चुके हैं और भविष्य के लिए 21,868 सिस्टम लगाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह दृढ़ता आने वाले समय में ऊर्जा के क्षेत्र में अलीगढ़ को एक मॉडल जिले के रूप में स्थापित करेगी। जब बिजली का उत्पादन उपभोग के स्थान पर ही होने लगता है, तो पारेषण और वितरण के दौरान होने वाली ऊर्जा हानि स्वतः कम हो जाती है, जिसका सीधा लाभ राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को मिलता है। पर्यावरणीय प्रभाव की बात करें तो सौर ऊर्जा केवल आर्थिक लाभ ही नहीं देती, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र के लिए भी बेहद वरदान सिद्ध हो रही है। पारंपरिक तापीय विद्युत संयंत्रों में कोयले और जीवाश्म ईंधनों का उपयोग वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन का मुख्य कारण है। इसके विपरीत, सौर ऊर्जा पूरी तरह स्वच्छ और नवीकरणीय है। अलीगढ़ में सौर पैनलों की बढ़ती संख्या का अर्थ है कि जनपद के कार्बन उत्सर्जन में धीरे-धीरे कमी आ रही है। यह कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित, प्रदूषण मुक्त और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर है। सरकार ने इसे एक ऐसी जीवनशैली के रूप में प्रचारित किया है जहाँ प्रत्येक नागरिक ऊर्जा उत्पादन में भागीदार बनकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकता है। स्कूलों और सार्वजनिक संस्थानों में भी सौर ऊर्जा के लाभों को लेकर दी जा रही जानकारी भविष्य के जागरूक नागरिकों को तैयार कर रही है। जिस गति से सौर ऊर्जा का विस्तार हो रहा है, वह स्पष्ट संकेत है कि आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र पूरी तरह आत्मनिर्भर बन जाएगा। वर्ष 2026-27 तक के लक्ष्यों की प्राप्ति के बाद अलीगढ़ न केवल बिजली के मामले में स्वावलंबी होगा, बल्कि यहाँ का मॉडल अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। यह एक ऐसी मिसाल है जो केवल तकनीक से ही नहीं, बल्कि जन-जागरूकता, दूरदर्शिता और सामूहिक प्रयास से क़दम आगे बढ़ा रही है। जब आम नागरिक और सरकार मिलकर एक साझा लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं, तो बड़े से बड़ा बदलाव संभव हो जाता है।

आर्थिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो सब्सिडी इस योजना की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी है। आम उपभोक्ता के लिए जो सोलर सिस्टम पहले महंगा प्रतीत होता था, वह अब काफी सस्ता और सुलभ हो गया है। वर्तमान में एक किलोवाट के सिस्टम पर जहाँ साठ हजार रुपये का खर्च आता है, वहीं प्रदेश सरकार और केंद्र के सहयोग से पैंतालीस हजार रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इसी प्रकार दो किलोवाट और तीन किलोवाट के सिस्टम पर भी भारी अनुदान उपलब्ध है, जिससे कुल लागत का लगभग 75 प्रतिशत तक हिस्सा सरकार द्वारा वहन किया जाता है। इससे उपभोक्ता का आर्थिक बोझ काफी कम हो गया है और मध्यम वर्गीय परिवार भी आसानी से इसे अपना पा रहे हैं।

अलीगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे शताब्दी नगर, वैष्णो रॉयल सिटी और असदपुर कयामपुर से आए अनुभव इस बदलाव की पुष्टि करते हैं। जिन परिवारों का बिजली बिल पहले हजारों में आता था, सोलर सिस्टम लगाने के बाद वह घटकर कुछ सौ रुपये रह गया है और कई मामलों में तो बिल शून्य तक पहुँच गया है। यह केवल पैसे की बचत नहीं है, बल्कि एक आम आदमी के लिए आत्मनिर्भरता का वह अहसास है जिसने उसे मासिक चिंता से मुक्त कर दिया है।

जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार इस अभियान में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सरकारी प्रयासों के तहत न केवल वित्तीय सहायता दी जा रही है, बल्कि लगातार जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं ताकि विभाग की इन आकर्षक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 और आगामी वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित लक्ष्यों के मुकाबले जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कहीं अधिक तेजी से सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं।

अलीगढ़ में अब तक हजारों घरों में सोलर सिस्टम सफलतापूर्वक स्थापित हो चुके हैं और भविष्य के लिए 21,868 सिस्टम लगाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह दृढ़ता आने वाले समय में ऊर्जा के क्षेत्र में अलीगढ़ को एक मॉडल जिले के रूप में स्थापित करेगी। जब बिजली का उत्पादन उपभोग के स्थान पर ही होने लगता है, तो पारेषण और वितरण के दौरान होने वाली ऊर्जा हानि स्वतः कम हो जाती है, जिसका सीधा लाभ राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को मिलता है।

पर्यावरणीय प्रभाव की बात करें तो सौर ऊर्जा केवल आर्थिक लाभ ही नहीं देती, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र के लिए भी बेहद वरदान सिद्ध हो रही है। पारंपरिक तापीय विद्युत संयंत्रों में कोयले और जीवाश्म ईंधनों का उपयोग वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन का मुख्य कारण है। इसके विपरीत, सौर ऊर्जा पूरी तरह स्वच्छ और नवीकरणीय है। अलीगढ़ में सौर पैनलों की बढ़ती संख्या का अर्थ है कि जनपद के कार्बन उत्सर्जन में धीरे-धीरे कमी आ रही है। यह कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित, प्रदूषण मुक्त और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर है।

सरकार ने इसे एक ऐसी जीवनशैली के रूप में प्रचारित किया है जहाँ प्रत्येक नागरिक ऊर्जा उत्पादन में भागीदार बनकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकता है। स्कूलों और सार्वजनिक संस्थानों में भी सौर ऊर्जा के लाभों को लेकर दी जा रही जानकारी भविष्य के जागरूक नागरिकों को तैयार कर रही है।

जिस गति से सौर ऊर्जा का विस्तार हो रहा है, वह स्पष्ट संकेत है कि आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र पूरी तरह आत्मनिर्भर बन जाएगा। वर्ष 2026-27 तक के लक्ष्यों की प्राप्ति के बाद अलीगढ़ न केवल बिजली के मामले में स्वावलंबी होगा, बल्कि यहाँ का मॉडल अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। यह एक ऐसी मिसाल है जो केवल तकनीक से ही नहीं, बल्कि जन-जागरूकता, दूरदर्शिता और सामूहिक प्रयास से क़दम आगे बढ़ा रही है। जब आम नागरिक और सरकार मिलकर एक साझा लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं, तो बड़े से बड़ा बदलाव संभव हो जाता है।

आज अलीगढ़ का हर वह घर, जिसने सौर ऊर्जा को अपनाया है, न केवल अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहा है, बल्कि देश की ऊर्जा सुरक्षा को भी नई शक्ति प्रदान कर रहा है। 'सूरज की रोशनी' ने वास्तव में लोगों के जीवन में नई उम्मीद और समृद्धि का उजाला भर दिया है, जो आने वाले समय में और भी प्रखर होकर उभरेगा। यह एक ऊर्जा क्रांति है जिसका विस्तार भारत को वैश्विक ऊर्जा पटल पर एक मार्गदर्शक के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक सशक्त आधारशिला है।

## विचार

# मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना से प्रदेश की बदल रही तस्वीर

*केवल राम*

उत्तर प्रदेश सरकार पर्यटन सेक्टर की असीमित संभावनाओं के दृष्टिगत मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना का संचालन किया है। इसके तहत प्रदेश के विधानसभा क्षेत्र को इकाई मानकर एक या एक से अधिक पर्यटन स्थलों को विकास हेतु चयनित किया जायेगा। चयनित पर्यटन स्थल धार्मिक, सांस्कृतिक, नैसर्गिक, पौराणिक या ऐतिहासिक अथवा पर्यटन के दृष्टिकोण से सार्वजनिक उपयोग के लिए महत्वपूर्ण होना चाहिए। सहभागिता आधारित इस योजना में न्यूनतम 25 लाख रुपये तथा अधिकतम 05 करोड़ रुपये तक के प्रस्तावों पर कार्य किये जायेंगे।

इस योजना के तहत 50 प्रतिशत अंशदान की सहभागिता मा. जनप्रतिनिधिगण के अलावा कोई भी प्रतिष्ठित व सक्षम व्यक्ति अथवा सरकारी, अर्द्ध-सरकारी, गैर-सरकारी संस्था/संगठन अपना प्रस्ताव कर सकते है। संबंधित क्षेत्र के मा. सांसद, लोकसभा/राज्यसभा द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना तथा विधान सभा/विधान परिषद क्षेत्र के विधायक अपनी विधायक निधि के अंतर्गत नियमानुसार आच्छादित कार्यों हेतु परियोजना की लागत का 50 प्रतिशत धनराशि का प्रस्ताव दे सकेंगे। सहभागिता आधारित 50-50 प्रतिशत की सहभागिता से इस योजना का संचालन किया जायेगा। चयनित पर्यटन स्थल का आगणन जिलाधिकारी द्वारा पर्यटन विभाग के सूचीबद्ध आर्किटेक्ट से तैयार कराकर जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की संस्तुति सहित महानिदेशक पर्यटन को भेजा जायेगा। पर्यटन विकास हेतु निर्विवादित स्थल का चयन किया जायेगा, जहां कोई न्यायिक स्थगन, भूमि विवाद अथवा अन्य कोई सीमा व स्वामित्व संबंधी विवाद न हो। मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के एक अथवा एक से अधिक सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थल का चयन का प्रस्ताव किया जा सकता है। इस पर्यटन स्थल को एक उच्चस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। चिन्हित अल्पज्ञात पर्यटक स्थलों को विकसित कर पर्यटन सेवा प्रदाताओं को आकर्षित किया जायेगा। चयनित पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पर्यटन स्थलों के संवर्द्धन से स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहन एवं पर्यटन सेवा के क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाना है। पर्यटन गतिविधियों के बढ़ने से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। राज्य सरकार इस योजना के तहत पर्यटन स्थलों के विकास के साथ-साथ प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष निवेश की संभावनाएं तलाशने का काम करेगी। चयनित पर्यटन स्थलों पर जनसुविधाओं का विकास, पर्यटन परिसर की लैण्डस्केपिंग, बैठने की सुविधा हेतु बेंचों का



निर्माण, साइनेज, जलपानगृह, स्टोर रूम, लॉकर, पादुकाघर, चबूतरा रेलिंग, बाउण्ड्रीवॉल, इण्टरलॉकिंग, टाइल्स, सौन्दर्यकरण आदि का कार्य कराया जायेगा। पौराणिक पृष्ठभूमि से जुड़े हुए स्थलों पर भित्तिचित्र, म्यूरल फ्रेस्को परिसर के अंदर पार्किंग, गेट, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, एसटीपी, विद्युतीकरण आदि के कार्य कराये जायेंगे। योजना का क्रियान्वयन जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा कराया जायेगा। इस परिषद के अध्यक्ष जिलाधिकारी हैं। इनके अलावा अन्य 13 विभागों के अधिकारी पदेन सदस्य के रूप में शामिल किये गये हैं। प्रदेश में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए संचालित इस योजना के अंतर्गत चयनित पर्यटन स्थल के विकास हेतु नीति निर्धारित की गई है। पर्यटन विभाग द्वारा संचालित इस योजना के अंतर्गत राज्य के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में एक अथवा एक से अधिक पर्यटन स्थल विकसित करने के लिए विकास की न्यूनतम धनराशि 25 लाख तथा अधिकतम धनराशि 5 करोड़ रुपये तक होगी, जिसमें पर्यटन विभाग द्वारा आंकलित परियोजना लागत धनराशि का अधिकतम 50 प्रतिशत अथवा 2 करोड़ 50 लाख रुपये तक का वित्त पोषण किया जायेगा। चयनित पर्यटन स्थल का कार्य पूरा होने के बाद पर्यटन स्थल का रखरखाव, संचालन, अनुरक्षण का कार्य संबंधित जनपद के जिलाधिकारी द्वारा किया जायेगा। विगत 09 वर्षों के दौरान पर्यटन सेक्टर को मा. मुख्यमंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन में रोजगार सृजन एवं राजस्व अर्जन का महत्वपूर्ण स्रोत मानते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने वाले सभी कारकों को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। पर्यटन संबंधी गतिविधियों को सघन करने के लिए सैलानियों के पसंद के अनुसार अवस्थपना सुविधाएं विकसित की गई है। इसके अलावा कम समय में प्रदेश के एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंचने के लिए कनेक्टिविटी बढ़ाने के साथ पर्यटकों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। निश्चित रूप से मुख्यमंत्री पर्यटन विकास योजना, जो प्रदेश के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में विस्तारित की जायेगी इससे उ0प्र0 पर्यटन के क्षेत्र में पूरे देश में नये आयाम स्थापित करेगा। इससे ''यूपी नहीं देखा तो इण्डिया नहीं देखा'' का संकल्प साकार हो सकेगा। इस योजना के दिशा-निर्देश 15 मई, 2023 को जारी किये गये थे। योजना के सफल क्रियान्वयन से उत्तर प्रदेश के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल तथा पर्यटन संभावनाओं से परिपूर्ण अल्पज्ञात स्थलों को उच्च स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 41 परियोजनायें क्रियान्वित की गयी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 17 परियोजनायें क्रियान्वित की गयी। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 02 परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गयी है एवं अन्य 04 परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान करने की कार्यवायी प्रचलन में है। इस प्रकार पूरे प्रदेश की विधान सभाओं में स्थित प्राचीन, ऐतिहासिक तथा पुरातात्विक महत्व के स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से कायाकल्प किया जा रहा है।

*से0नि0 सूचना अधिकारी*

## साहित्य



### वटवृक्ष की छाँव तले...!

**संजय एम तराणेकर**

*वटवृक्ष की छाँव तले, यूं श्रद्धा का दीप जलें,*
*सावित्री के अटल-प्रण से जीवन फिर सँवरें।*

*माथे पर सिंदूर सजा, मन में प्रेम अपार लिए,*
*नारी ने इस व्रत से सुख के सपने सँजो लिए।*

*सूत्र बाँध वट के तन पर, मांगे जीवन वरदान,*
*पति की लंबी आयु हेतु करती पूजा व ध्यान।*

*सत्यवान संग निभाया, सावित्री ने धर्म महान,*
*यमराज से भी जीता प्रेम का अमिट सम्मान।*

*त्याग, तपस्या, प्रेम, समर्पण बनी हुई पहचान,*
*भारतीय संस्कृति के आँगन इसके सुंदर गान।*

*वट सावित्री का ये पर्व देता जीवन को संदेश,*
*सच्चे प्रेम एवं विश्वास से मिट जाते हर क्लेश।*





## राशिफल

**मेष:-** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**वृषभ:-** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा।

**मिथुन:-** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्क:-** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह:-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कन्या:-** मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंत्रण रख कर्त्तव्यनिष्ठ बने।

**तुला:-** आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिक:-** आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**धनु:-** निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकर:-** मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कार्य की ओर मन केंद्रित होगा। नये कार्य में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभ:-** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीन:-** किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# भारत के संकट में फिर साथ आया रूस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रविवार की अपील के बाद पूरे देश में भाजपा नेताओं में होड़ मची है कि वे पेट्रोल-डीजल बचाने में खुद को पहले स्थान पर दिखाएं। कहीं कोई मोटर साइकिल से काम पर आने का वीडियो बनवा रहा है, कोई मेट्रो में सफर कर रहा है, किसी ने दिखाया कि हमने अपने काफिले में अब केवल चार गाड़ियां रखी हैं, तो कोई बता रहा है कि साल भर तक विदेश यात्रा नहीं करेंगे।

हालांकि अब तक किसी भाजपा नेता ने ये नहीं बताया है कि वो या उनके परिजन सोना न खरीदने की बात पर भी अमल करेंगे या नहीं। क्योंकि सोना न खरीदने की अपील और सोने पर आयात शुल्क बढ़ाने के बाद भी सर्राफा बाजार में बीते दो दिन सोना जमकर बिका है। संपन्न उच्च वर्ग और उच्च मध्यम वर्ग जानता है कि प्रधानमंत्री ने सेंत-मेंत में बचत करने का प्रवचन नहीं दिया है। इसके पीछे कोई बड़ा कारण है, जो अभी देश को नहीं बताया जा रहा। इसलिए किसी भी आपात स्थिति की घोषणा से पहले ही अपना घर और तिजोरी भर ली जाए। इसलिए जिनके पास भी इतनी दौलत है कि वे बढ़ती महंगाई से बेपरवाह सोना-चांदी खरीद सकें, उन्होंने खरीद ली।

इधर सरकार ने यह बता दिया है कि पिछले एक महीने में ही महंगाई दोगुनी से ज्यादा बढ़ गई है। ईंधन, बिजली और कच्चे पेट्रोलियम की कीमतों में तेज बढ़ोतरी के चलते अप्रैल में थोक महंगाई दर बढ़कर 8.30प्रतिशत पहुंच गई। मार्च में यह 3.88प्रतिशत थी। अमूल और मदर डेयरी ने भी दूध में दो रूपए की बढ़ोतरी कर दी है। इस महंगाई का असर सीधे-सीधे रोज के भोजन-पानी पर पड़ने वाला है, यह अलग से बताने की जरूरत नहीं। आम जनता हर दिन इस महंगाई से जूझ ही रही है। अब न कोई रामदेव सामने आ रहे हैं जो बता सकें कि नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने पर कितना काला धन वापस आया और पेट्रोल-डीजल कितना सस्ता हुआ या रूपए की कीमत कितनी चढ़ी। क्योंकि 2014 से पहले रामदेव सरीखे जितने लोग ऐसे भ्रमित करने वाले बयान देते थे, उन सबके अपने हित सध चुके हैं। अब आम जनता की दुख-तकलीफ से किसी को कोई लेना-देना नहीं है। देश एक ऐसे कमजोर प्रधानमंत्री के शासन का खामियाजा भुगत रहा है, जो अपनी मर्जी से यह तय नहीं कर सकते कि हमें अपनी जरूरतों की पूर्ति के लिए कहां से तेल खरीदना है और कहां से नहीं। पाठक जानते हैं कि अमेरिका ने भारत पर रूस से तेल खरीदने की पाबंदी लगा दी है और बात न मानने पर टैरिफ थोपने की धमकी दी है।

ईरान पर युद्ध के बाद जब होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग बंद हुआ और इस रास्ते से आने वाले तेल की आपूर्ति बाधित हुई तो अमेरिका ने सबसे पहले 5 मार्च को भारत के लिए एक विशेष छूट जारी की थी। इसके तहत भारतीय रिफाइनरों को जहाजों में लदे रूसी तेल को खरीदने की अनुमति दी गई थी। एक हफ्ते बाद अमेरिका की ओर से दी गई इस छूट का दायरा वैश्विक स्तर तक बढ़ा दिया गया। एक बार विस्तार मिलने के बाद अब यह छूट 16 मई को समाप्त होने वाली है। शनिवार यानी 16 मई के बाद अमेरिका की पाबंदियों में मिली छूट को अगर आगे नहीं बढ़ाया जाता है तो भारतीय तेल रिफाइनरों के लिए मुश्किल पैदा होगी। उन्हें रूसी कच्चे तेल का आयात कम करने पर मजबूर होना पड़ सकता है। अमेरिका से मिली छूट के कारण मई महीने में अब तक रूसी तेल का आयात रिकॉर्ड स्तर यानी 23 लाख बैरल प्रतिदिन रहा है। लेकिन, मॉस्को से कच्चा तेल लेकर अगर कोई नया जहाज भारत की ओर आता हुआ नहीं दिखता है तो स्थिति बदलेगी। उस स्थिति में पूरे महीने का कुल आयात घटकर 19 लाख बैरल प्रतिदिन तक गिर सकता है। जुलाई 2024 तक भारत के कच्चे तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी बढ़कर 44.6 फीसदी तक पहुंच गई थी। हालांकि, अमेरिकी दबाव और टैरिफ नीतियों के कारण जनवरी 2026 तक यह घटकर 20.6प्रतिशत रह गई। यह बात पढ़ने-सुनने में ही कितनी अपमानजनक लगती है कि अमेरिका ने हमें कुछ दिनों की मोहलत दी कि हम रूस से तेल आयात करें और अब हम फिर उसी मोहलत के मोहताज बने हैं। मानो हम अमेरिका के कोई उपनिवेश हैं या ट्रंप हमारा शासक है।

नरेन्द्र मोदी को इस समय कायदे से अमेरिका को भारत की स्वतंत्रता और संप्रभुता का पाठ पढ़ा देना चाहिए कि हमारे देश को इस समय रूस से तेल खरीदने की जरूरत है और हम ऐसा ही करेंगे। बस इसके आगे किसी और घुड़की में नहीं आना चाहिए। इस समय मोदी के लिए यह कहना मुमकिन हो भी सकता है, क्योंकि अब रूस ने भी भारत का साथ दिया है। भारत में ब्रिक्स विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में शामिल होने से पहले रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि तेल की आपूर्ति में भारत के हितों को कोई नुकसान नहीं होगा। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यह अनुचित खेल, अनुचित मुकाबला हमारे अनुबंधों को प्रभावित न करें। अमेरिका के जापान, भारत समेत अन्य देशों पर रूसी तेल न खरीदने के दबाव को अनुचित बताते हुए लावरोव ने कहा, यह औपनिवेशक (कॉलोनियल) या नव-औपनिवेशक तरीके हैं, आप इसे कुछ भी कह सकते हैं लेकिन यह दूसरों के शोषण करने के तरीकों की बात कर रहे हैं। इसके अलावा लावरोन ने कहा कि भारत की आजादी के बाद लंबे समय तक कोई भी पश्चिमी देश भारत की सैन्य क्षमता विकसित करने में मदद करने के लिए तैयार नहीं था।

रूस ने भारत को न सिर्फ हथियार उपलब्ध कराए बल्कि कई तरह के हथियारों के उत्पादन के लिए तकनीक भी साझा की। रूसी विदेश मंत्री यहां न केवल भारत को रूस की दोस्ती याद दिला रहे हैं, बल्कि शायद नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक का दौर भी याद दिला रहे हैं, जब अमेरिका के आगे रुस को ही भारत ने तरजीह दी। जानकारों का भी मानना है कि इस समय रूस से तेल खरीदना ही हमारे लिए फायदेमंद है, क्योंकि जिन भी देशों से हम तेल खरीदते हैं वह इतने बड़े नहीं हैं कि वह रूस के बराबर तेल दे सकें। हमें तुरंत रूस से अनुबंध करना चाहिए और अमेरिका के गुस्से की जरा भी परवाह नहीं करनी चाहिए।


**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# जनपद की वार्षिक कार्ययोजना की बैठक हुई संपन्न

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद की वर्ष 2026-2027 की वार्षिक कार्ययोजना के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जनप्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग द्वारा जनपद में विभिन्न मदों से कराए जाने वाले कार्यों, जैसे नई सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, सेतु निर्माण, धर्मार्थ कार्य, संपर्क मार्ग एवं निरीक्षण भवन आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही कार्यों के निर्धारित मानकों एवं शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों से भी अवगत कराया।



जनप्रतिनिधियों द्वारा विधानसभावार दिए गए प्रस्तावों पर आवश्यकतानुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनहित एवं क्षेत्रीय आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावों को वरीयता में रखा जाए। उन्होंने कहा कि तैयार की जा रही यह वार्षिक कार्ययोजना जनपद के समग्र विकास की आधारशिला है। क्षेत्रीय आवश्यकताओं एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए मा. जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए प्रस्तावों का स्थलीय भ्रमण कर गहन परीक्षण किया जाए तथा सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए प्रस्ताव शासन स्तर पर प्रेषित किए जाएं, ताकि जनपद के विकास कार्यों को गति मिल सके। इस अवसर पर सांसद नरेश उत्तम, विधायक जहानाबादराजेंद्र सिंह पटेल, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित कर किया सम्मानित



**कुलपहाड़/महोबा।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष के आवास पर मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें करीब आधा दर्जन छात्र छात्राओं को फूलमाला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। नगर के जाने-माने चिकित्सक एवं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ कमलेश सक्सेना के आवास पर आयोजित मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में कुंवर गोविन्द सिंह उर्फ नन्हे राजा, समाजसेवी राकेश अरजरिया, खलील बक्स, हाशिम सिद्दीकी उर्फ बल्लू कम्पाउन्डर, डॉ. चन्द्र प्रकाश, अतीक अहमद, आशिक आदि मौजूद रहे। हाईस्कूल के यशवन्त कुमार, कु निखत, तथा इंटरमीडिएट की छात्रा स्वेता, राखी आदि को डॉ कमलेश सक्सेना व उनकी पत्नी द्वारा फूल माला तथा सप्रेम भेंट देकर सम्मानित किया और छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

### किसानों के मसीहा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई



**पनवाड़ी/महोबा।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के संस्थापक एवम किसानों के मसीहा स्व महेंद्र सिंह टिकैत की 15 वीं पुण्य तिथि पनवाड़ी के महोबा रोड स्थित एक एजेंसी प्रांगण में मनाई गई जिसमें पनवाड़ी ब्लॉक के समस्त पदाधिकारी एवम सदस्य गणों ने पुष्पांजलि देकर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की ।कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता महेंद्र मिश्र ने किया और उन्होंने किसानों के मसीहा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के जीवन और उनके द्वारा किसानों के लिए किए गए संघर्षों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र कुमार, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र, डॉ रामप्रकाश कुशवाहा, मीना राजपूत, रुचि राजौरिया, मीडिया प्रभारी शिवनंदन अग्निहोत्री ने अपने अभिभाषण के साथ बाबा महेंद्र सिंह टिकैत को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की और किसानों को संगठित रहने की अपील की। इस पुण्यतिथि कार्यक्रम में ब्लॉक के सभी पदाधिकारी एवम सदस्य गण उपस्थित रहे ।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पेंशनर्स के साथ की बैठक



**महोबा।** अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में जनपद के पुलिस पेंशनर्स के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुनना तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना रहा। बैठक के दौरान उपस्थित पेंशनर्स द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को अपर पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा गया, जिनमें मुख्य रूप से पेंशन से संबंधित तकनीकी समस्याएं, चिकित्सा सुविधाएं, एवं अन्य प्रशासनिक विषय शामिल रहे। अपर पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वंदना सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग अपने सेवानिवृत्त कर्मियों के प्रति सदैव संवेदनशील है और उनकी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार की बैठकें आयोजित कर पेंशनर्स से संवाद बनाए रखा जाएगा। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण में भाजपा कार्यकर्ताओं को समर्पित भाव से कारने का दिया संदेश



**उरई (जालौन)।** भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महा अभियान का प्रशिक्षण वर्ग जयसवाल क्लासिक गेस्ट हाउस उरई में किया प्रशिक्षण के प्रथम सत्र के वक्ता भाजपा प्रदेश महामंत्री विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता रहे। उन्होंने कार्य पद्धति विषय पर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए संगठन की रीति-नीति, कार्यकर्ता के दायित्व एवं राष्ट्रहित में समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की शक्ति एवं राष्ट्रसेवा के संकल्प का आधार है। प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के वैचारिक एवं संगठनात्मक विकास का सशक्त माध्यम है, जो संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करता है प्रशिक्षण वर्ग 11सत्रों में कराया जाएगा जिसमें प्रत्येक सत्र के अलग अलग वक्ता रहेंगे। पंचम सत्र में मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा एवं राज्यसभा सांसद गीता शाक्य रही। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर वर्ग प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव, क्षेत्रीय मंत्री संजीव उपाध्याय सहित समस्त पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्षगण एवं ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### स्कूटी की टक्कर के बाद दो पक्षों में जमकर चले लात-घूंसे

**कदौरा (जालौन)।** कस्बे के मोहल्ला अंबेडकर नगर में शुक्रवार दोपहर स्कूटी से एक युवती को टक्कर लगने के बाद विवाद ने तूल पकड़ लिया। देखते ही देखते दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों ओर से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। शुक्रवार दोपहर को अंबेडकर नगर निवासी निशा पुत्री कैलाश अपने मोहल्ले में टहल रही थी। इसी दौरान सिद्धार्थ नगर निवासी आशिक पुत्र राजेश की स्कूटी से निशा को टक्कर लग गई। टक्कर लगते ही किशोरी सड़क पर गिरकर चोटिल हो गई।किशोरी को घायल अवस्था में देख उसके परिजन आक्रोशित हो गए और स्कूटी सवार युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी। विवाद की सूचना मिलते ही युवक के पक्ष से भी करीब एक दर्जन लोग मौके पर पहुंच गए। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और सड़क पर ही लात-घूंसे चलने लगे। हंगामे और मारपीट को देख राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई तथा 10 मिनट तक हाइवे जाम बना रहा राहगीरों द्वारा सूचना दिए जाने पर तत्काल पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने सभी घायलों आशिक, सुधा और रिचा तथा दूसरे पक्ष के निशा और अर्चना को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। जहां सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया।

## इलेक्ट्रिक स्कूटी शो रूम का हुआ शुभारंभ



**फतेहपुर।** नारायणा इंटरप्राइजेज के तत्वावधान सीजीएफ इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विधवत् हवन पूजन के साथ शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संचालक किशोर नारायण श्रीवास्तव, अनूप नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि एक बार की चार्जिंग में 100 किलोमीटर तक स्कूटी चलेगी और बैटरी 3 से 5 वर्ष की वारंटी रहेगी। यह स्कूटी चार मॉडल में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि उनके यहां फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है। यह पावरफुल मोटर स्टाइलिश लुक में है और बड़ी बात यह है कि इसमें मेंटेनेंस जीरो है। इस तरीके से इस स्कूटी को खरीदने के बाद ना तो लोगों को पेट्रोल का झंझट रहेगा और ना ही ज्यादा देर तक चार्जिंग करनी पड़ेगी। हर मामले में यह स्कूटी लोगों के लिए हितकर है। वही संचालक ने यह भी बताया कि उनके यहां स्कूटी के सभी पाट्‌र्स उपलब्ध है। सभी प्रकार के चार्जर भी मिलेंगे और सर्विस सेंटर भी है। इस अवसर पर नवनीत कुमार, गिरजेश श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, मनीष, संदीप सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# किसान मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नहर कॉलोनी परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष नवल सिंह पटेल के नेतृत्व में किसान मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह ने भाग लिया। इस अवसर पर चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और उनके बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने हलवे का खूब आनंद लिया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक उत्तम, राम सहाय पटेल, नागेंद्र सिंह, विवेक सिंह, युसूफ तबरेज सहित तमाम लोग मौजूद रहे तो वहीं भारतीय किसान यूनियन (महात्मा) टिकैत के जिलाध्यक्ष मधुसूदन तिवारी की अध्यक्षता में चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तो वहीं भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम के नेतृत्व वृद्धा आश्रम में वृद्धो को फल वितरित किया गया।

### एसडीओ की मनमानी, बिना कारण बताए काटी घरों की लाइन, उपभोक्ता परेशान

**माधौगढ़ (जालौन)।** न्याय पंचायत ईटों क्षेत्र के कस्बा में विघुत विभाग के एसडीओ के द्वारा चेकिंग की जा रही है। यह भी कह सकते है कि एसडीओ निखिल जिन्दल के द्वारा विघुत चैकिंग के नाम पर उपभोक्ताओं को ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है प्रताड़ित किया जा रहा है। उपभोक्ताओं से अबैध तरीके से धन उगाही की व्यवस्था की जा रही है। एसडीओ के द्वारा जिस तरह उपभोक्ताओं को परेशान करके शोषण किया जा रहा है। ग्रामीणों में उपभोक्ताओं में विघुत विभाग के खिलाफआक्रोश पनपता जा रहा है। योगी सरकार में भी भ्रष्ट अधिकारी अपनी कार्य शैली में बदलाव नही कर पा रहा है। एसडीओ पूर्व मे झासी मीटर एसडीओ के पद पर कार्यरत रहा है। वहां इसके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे है द्य बहुत बड़ा भ्रष्टाचार किया है जांच का बिषय है। अभी वर्तमान में एसडीओ निखिल जिन्दल कुठौंद में तैनात है। लेकिन इसकी भ्रष्टाचारी नीति में कोई भी बदलाव नही हुआ है। उपभोक्ता हरिओम निवासी ईटो के द्वारा बताया गया है कि हमारा विघुत बिल जमा है हम हर महीने बिल भरते है। फ़िर हमारी लाईन एसडीओ ने कटवा दी है। एसडीओ ने लाईन मैन से कहकर हमारी डोरी खम्भे से कटवा दी। हमारे कारण पूछने पर कि हमारी लाईन क्यों कटवा दी। तो एसडीओ ने कहा हमने कटवा दी हमारा मन है। बिना कारण बताऐ दबंग स्टाईल मे एसडीओ लाईन कटवा कर चले गये। एसडीओ उपभोक्ताओं से पैसा ऐठने के लिए हर रोज नये नये पैतरे निकाल रहे है। एसडीओ उपभोक्ताओं को मुकदमा लिखा देने की धमकी देकर डराते है धमकाते है। तांडव करते है और जेब भरने का काम करते है। एसडीओ सरकार और सविधान के अनुसार नौकरी नही कर रहे है। अपनी मन मर्जी से नौकरी और कार्य कर रहे है। सरकार और विघुत विभाग की छबि को धूमिल करने का काम कर रहे। जिम्मेदार अधिकारियो को संज्ञान लेना चाहिए और भ्रष्ट और भ्रष्टाचार मे लिप्त एसडीओ की जांच कर कार्यवाही करना चाहिए जिससे ग्रामीणों और उपभोक्ताओं का शोषण होने बच सके।

# पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड के बाद पुलिस लाइन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- एसपी ने परिवहन शाखा, अभिलेखों एवं उपकरणों आदि का निरीक्षण किया

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ग्रहण करने के उपरान्त साप्ताहिक परेड का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए पुलिस बल को अनुशासन, एकरूपता एवं उत्कृष्ट टर्नआउट बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड के बाद पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर विभिन्न शाखाओं एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान परिवहन शाखा का विशेष रूप से निरीक्षण करते हुए वहां रखे अभिलेखों एवं उपकरणों की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान पेशी रजिस्टर का अवलोकन कर अभिलेखों की गुणवत्ता एवं अद्यतन स्थिति की जांच की गई तथा अभिलेखों के समुचित संधारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। पुलिस लाइन परिसर में स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई के उच्च मानकों को बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त डायल-112 वाहनों का निरीक्षण कर उनमें उपलब्ध फर्स्ट एड किट की जांच की गई। इस दौरान सभी आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी सहायता प्रदान की जा सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

IS 15700 : 2018 — उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद — IS 15700

कार्यालय सम्पत्ति प्रबंधक

लोहियापुरम योजना फतेहगढ़/छिबरामऊ योजना

emolfarrukhabad@gmail.com

पत्र सं0 : 221 /सं0प्र0/ दिनांक 12/05/2026

**सर्व साधरण को सूचना**

उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की लोहियापुरम योजना फतेहगढ़, फर्रुखाबाद में भूखण्ड सं0 1/72 श्री हरिश्चन्द्र सक्सेना पुत्र स्व0 होरीलाल के पक्ष कार्यालय पत्र सं0 818/सं0प्र0 दिनांक 31/01/1991 द्वारा आवंटित है। आवंटन पत्र के अनुसार सन्दर्भित भूखण्ड का भुगतान एवं औपचारिकताओं आधार पर कार्यालय द्वारा दिनांक 12/11/1991 को पट्टा विलेख निष्पादित किया गया। मूल प्रदेशन ग्रहिता श्री हरिश्चन्द्र सक्सेना की मृत्यु दिनांक 27/04/2002 को हो जाने की सूचना देते हुए उनके पौत्र श्री आकाश सक्सेना पुत्र श्री अवधेश कुमार द्वारा भूखण्ड सं0 1/72 को अपने पक्ष में अन्तरण हेतु मृत्यु प्रमाण-पत्र, वारिसान प्रमाण-पत्र एवं समस्त वारिसानों के शपथ-पत्र सहित आवेदन कर अनुरोध किया गया है।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड सं0-1/72 को स्व0 हरिश्चन्द्र सक्सेना की मृत्योपरान्त उनके पौत्र श्री आकाश सक्सेना पुत्र श्री अवधेश कुमार के पक्ष नामान्तरण में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इसकी लिखित सूचना साक्ष्य सहित 30 दिन के अन्दर सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय आवास एवं विकास परिषद फर्रुखाबाद में प्रस्तुत करें, अन्यथा आवेदक के पक्ष में परिषद नियमानुसार अन्तरण कर दिया जायेगा इसके पश्चात इस सम्बन्ध में किसी प्रकार का कोई दावा/क्लेम मान्य नहीं होगा।

**सम्पत्ति प्रबन्धक**

### चौबीस घंटे के भीतर पुलिस ने खोज निकाला लापता किशोर, परिजनों को सौंपा

**माधौगढ़ (जालौन)।** ग्राम महतवानी निवासी विजय प्रताप पुत्र रामलखन जाटव ने थाना रेंढ़र में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका 16 वर्षीय पुत्र आदेश कुमार 14 मई की शाम करीब 4 बजे नाराज होकर घर से कहीं चला गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष रेंढ़र ने एसपी विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार तथा क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ अंबुज यादव के निर्देशन में गुमशुदा कि तत्काल खोजबीन शुरू कराई और साइबर सेल की मदद से किशोर के मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रेस कराई गई और अंशुल कुमार से संपर्क किया, वहां से किशोर को सकुशल अपने साथ ले आयी और परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## खुले में रखा गेहूं बना चिंता का कारण, बारिश से नुकसान की आशंका

**रामपुरा (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



नगर के निनावली रोड स्थित आरटीआई कॉलेज के पास बने गेहूं खरीद केंद्र पर किसानों का खरीदा गया गेहूं खुले में रखा होने से बारिश में भीगने और खराब होने की आशंका बढ़ गई है। लगातार बदलते मौसम और मानसून की आहट के बीच किसानों में चिंता का माहौल बना हुआ है। खरीद केंद्र पर अब तक लगभग 500 कुंतल गेहूं की खरीद की जा चुकी है, जबकि केंद्र का गोदाम पूरी तरह भर चुका है। जगह की कमी के कारण काफी मात्रा में गेहूं खुले आसमान के नीचे रखा गया है। यदि बारिश होती है तो खुले में रखा गेहूं भारी नुकसान का शिकार हो सकता है। वहीं गोदामों के ऊपर लगी टीनशेड भी क्षतिग्रस्त बताई जा रही हैं, जिससे अंदर रखा गेहूं भी सुरक्षित नहीं माना जा रहा। दूसरी ओर क्षेत्र के कई किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेहूं लादकर खरीद केंद्र पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि समय पर उठान न होने से परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। खरीद केंद्र प्रभारी ने बताया कि गोदाम भरने की सूचना जिला अधिकारियों को दे दी गई है। एफसीआई गोदाम तक गेहूं पहुंचाने वाले ठेकेदार को भी जल्द उठान के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही गोदाम खाली होगा, किसानों के गेहूं की खरीद में तेजी लाई जाएगी।

**समन विनावर/गजट इनाफसाल मुकदमा**

**(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)**

**ब आदलत उपजिलाधिकारी कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद**

वाद संख्या 4301/2026 — धारा 116 उ0 प्र0 राजस्व संहिता 2006 ग्राम गंगालौ परमानगर परगना श0प0 तहसील कायमगंज

1-रानी दुबे पुत्री रामलडैते पत्नी जितेन्द्र दुबे नि0 नितगंजा तहसील सदर जिला-फर्रुखाबाद

वनाम

1-अनिल कुमार पुत्र रामलडैते नि0 कलुआपुर सानी परगना श0प0 तहसील कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद

2-संतोष पुत्र रामलबैते नि0 कलुआपुर सानी परगना श0प0 तहसील कामयगंज जनपद फर्रुखाबाद

7-गाँव सभा/ग्राम पंचायत गंगलउ परननगर परगना तहसील कायमगंज जनपद फर्रुखावाद ने आपके नाम एक नालिस बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 18 माह 5 सन् 2026 ई व वक्त 11-00 वजे दिन से

असालतन या मार्फत बकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गवाहो ओर कुल उमूरात अहम मुतालिका मुकदमा का जबाव दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जबाव ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जबाबदेही दाबा की करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेजातं पेश करें जिस पर बताइद अपनी जबाबदेही के इस्तदलाल कराना बाहते है।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकद्दमा बगैर हाजिर आपके मजबून और फैसला होगा। दाखिल करे ताकि कार्यवाही इजर या डिग्री कोजो व वक्त मेरे हस्ताक्षर और मुहर आदलत के आज वतारीख 15 माह 5-सन् 2026 को जारी किया गया है।

**उप जिलाधिकारी**
**कायमगंज**

# उरई तहसील में एंटी करप्शन की बड़ी कार्रवाई, कानूनगो समेत एक अन्य व्यक्ति हिरासत में

- तहसील गेट पर हंगामा लेखपालों और अन्य कानूनगो ने किया विरोध धक्का-मुक्की के बाद बबाल की संभावना देख एंटी करप्शन टीम दोनों को एट थाने ले गयी

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय गल्ला मंडी स्थित तहसील परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एंटी करप्शन टीम झांसी ने उरई तहसील में तैनात कानूनगो (राजस्व निरीक्षक) संदीप तिवारी एवं एक प्राइवेट व्यक्ति राजेंद्र श्रीवास्तव उर्फ लम्बरदार को हिरासत में ले लिया। कार्रवाई की खबर फैलते ही तहसील परिसर में कर्मचारियों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। उप जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर लेखपालों एवं अन्य कानूनगो द्वारा जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया तथा एंटी करप्शन टीम के साथ धक्का-मुक्की की स्थिति भी बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एंटी करप्शन टीम काफी देर तक दोनों आरोपियों को सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास में जुटी रही। विरोध कर रहे कर्मचारियों का कहना था कि पूरे मामले की स्पष्ट जानकारी दिए बिना कार्रवाई की जा रही है। हालांकि भारी हंगामे और विरोध के बाबजूद टीम किसी तरह दोनों लोगों को अपने साथ लेकर निकलने में सफल रही। सूत्रों के मुताबिक एंटी करप्शन टीम दोनों को पहले उरई कोतवाली लेकर पहुंची थी लेकिन वहां भी लोगों की भीड़ जुटने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा की दृष्टि से दोनों को एट थाने ले जाया गया जहां आगे की पूंछतांछ और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मामले में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर एंटी करप्शन टीम ने कानूनगो संदीप तिवारी को किस आधार पर गिरफ्तार किया जबकि सूत्रों के अनुसार कथित रिश्वत की रकम करीब दस हजार रुपए एक अन्य व्यक्ति राजेंद्र श्रीवास्तव के हाथ में बरामद होने की सूचना मिली। चर्चा यह भी है कि टीम ने दोनों को कथित रूप से पैसे लेते समय पकड़ा लेकिन रकम सीधे कानूनगो के हाथ में नहीं मिली। ऐसे में कानूनगो की भूमिका को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। फिलहाल बताया गया कि ऐरी रमपुरा निवासी किसान अनिल कुमार राजपूत ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी कि हदबंदी कराने के नाम पर उससे 15 हजार रुपए की मांग की जा रही है। बाद में मामला 10 हजार रुपए में तय हुआ था। शिकायत के आधार पर टीम ने जाल बिछाकर दोनों को पकड़ लिया। बताया गया है और एंटी करप्शन विभाग की ओर से अभी कोई आधिकारिक रूप से यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि मामला किस कार्य से जुड़ा हुआ है और कितनी रिश्वत का था। इस कारण पूरे घटनाक्रम को लेकर तहसील परिसर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। जब इस संबंध में उप जिलाधिकारी सदर एवं तहसीलदार उरई से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो दोनों अधिकारियों ने मामले की जानकारी होने से इनकार करते हुए कहा कि उन्हें अभी इस कार्रवाई की जानकारी नहीं है और वह जानकारी प्राप्त करने के बाद ही कुछ बता पाएंगे। घटना के बाद पूरे तहसील परिसर में दिनभर तनावपूर्ण माहौल बना रहा। कर्मचारियों में नाराजगी देखने को मिली वहीं आम लोगों के बीच भी इस कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। अब सभी की नजर एंटी करप्शन टीम की अगली कार्रवाई और आधिकारिक खुलासे पर टिकी हुई है।

**रिश्वत किसने ली और किसके हाथ में पाई गई? बना सबसे बड़ा सवाल**

सूत्रों के अनुसार एंटी करप्शन टीम ने करीब दस हजार रुपए की रकम राजेंद्र श्रीवास्तव नामक व्यक्ति के पास से बरामद की है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि जब रकम कानूनगो संदीप तिवारी के हाथ में नहीं मिली तो उन्हें किस आधार पर हिरासत में लिया गया। पूरे मामले को लेकर तहसील कर्मचारियों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है और लोग एंटी करप्शन विभाग के आधिकारिक बयान का इंतजार कर रहे हैं।

**कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद-फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः 768/न0पं0 कम्पिल/रा0वि0आ0/ ई0नि0सू0/2026-27 — दिनांक 15/05/ 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पंचायत कम्पिल, फर्रुखाबाद को राज्य वित्त आयोग/नगर निधि के अन्तर्गत कार्यों को कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए अल्पकालीन निविदा नगर पंचायत कम्पिल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में समस्त ठेकेदार/ आपूर्तिकर्ताओं हेतु निविदा पत्र के माध्यम से दिनांक 16/05/2026 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांकः 23/05/2026 को अपरान्ह 03: 00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं एवं समस्त निविदायें दिनांक 23/05/2026 को ही अपरान्ह 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष/द्वारा खोली आयेंगी। निविदा सम्बन्धी अन्य समस्त जानकारी व नियम शर्तों हेतु किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय समय में उपस्थित हो कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (with 18% GST) | जमानत धनराशि | निविदा शुल्क | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत कम्पिल में पट्टी मदारी तालाब के किनारे हद सुरक्षा हेतु वाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 08.90 लाख | 17800 | 900 | एक सप्ताही |

**(अवनीश कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कम्पिल**
**फर्रुखाबाद**

**(राजवती यादव)**
**अध्यक्षा**
**नगर पंचायत कम्पिल**
**फर्रुखाबाद**

# पंचायतें है ग्रामीण विकास की मजबूत इकाई : सतीश चंद्र शर्मा

▸ ग्रामीण विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखना सरकार की है प्राथमिकता राज्यमंत्री



रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास की सबसे मजबूत इकाई हैं और जनहित से जुड़े कार्य बाधित न हों, इसके लिए, सरकार हमेशा संवेदनशील रही है। उन्होंने प्रधान संघ द्वारा उठाई गई मांगों को गंभीर बताते हुए शासन स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। शुक्रवार को विकास खंड बनीकोडर के प्रधान संघ ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव समय पर न होने की स्थिति में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग को लेकर राज्य मंत्री सतीश शर्मा को ज्ञापन सौंपा। प्रधान संघ अध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में पहुंचे ग्राम प्रधानों ने कहा कि वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। यदि समय से चुनाव नहीं होते और कार्यकाल नहीं बढ़ाया जाता है तो ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्य, जनकल्याणकारी योजनाएं तथा आम जनता से जुड़े आवश्यक कार्य प्रभावित हो जाएंगे।

प्रधान संघ अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि पंचायतें गांवों के विकास की आधारशिला हैं। निर्वाचित प्रतिनिधियों के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति प्रभावित होगी तथा लोगों को योजनाओं का लाभ समय से नहीं मिल पाएगा। उन्होंने राज्य सरकार से जनहित को देखते हुए ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने का निर्णय लेने की मांग की।

राज्य मंत्री श्री शर्मा ने इस मौके पर कहा कि ग्रामीण विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रधानों की मांग और समस्याओं को शासन स्तर पर प्रमुखता से रखा जाएगा।इस दौरान ग्राम प्रधान राहुल सिंह, अवधेश कुमार, सुरेश कुमार, शिवबली सिंह, राजेश यादव, दिनेश कुमार, महेंद्र सिंह, संतोष वर्मा, रामलाल वर्मा, रामबरन सिंह सहित क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## दैवीय आपदा के चार मृतकों को राज्यमंत्री ने दी चार-चार लाख की सहायता



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** विधानसभा दरियाबाद क्षेत्र अंतर्गत तहसील रामसनेहीघाट में दैवीय आपदाओं से प्रभावित परिवारों को शुक्रवार को बड़ी राहत मिली। प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने राजस्व विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अहैतुक आर्थिक सहायता योजना के तहत मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि वितरित की। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में एसडीएम अनुराग सिंह एवं तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय की मौजूदगी रही। अधिकारियों ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को शासन स्तर से त्वरित सहायता उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री सतीश शर्मा ने ग्राम खेतासराय निवासी आंधी-तूफान की घटना में मृत मैकूलाल पुत्र रामदास की पत्नी गुरुदेई को चार लाख रुपये तथा इसी घटना में मृत विकास गौतम पुत्र रामतेज गौतम की माता मीरादेवी पत्नी रामतेज को भी चार लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की। वहीं ग्राम वैशन पुरवा मजरे पूरे डलई निवासी सहजराम पुत्र रामलखन की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सुनीता देवी को चार लाख रुपये दिए गए। इसके अलावा ग्राम कुशफर निवासी सुनीता देवी पत्नी उमेश कुमार की सर्पदंश से मौत होने पर उनके वारिस पुत्र वीरेश कुमार, विशेष कुमार एवं पुत्री आदित्य कुमारी को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता सौंपी गई इस अवसर पर ग्रामवासी सहित काफी सख्या में लोग मौजूद रहे ।

## छत के सहारे घर मे घुसे चोर लाखों का माल किया साफ

**मसौली, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बीती रात्रि सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम प्रतापगंज मे छत के सहारे घर मे घुसे चोरो ने 23 हजार की नगदी सहित लाखो रुपये के जेवरात को साफ कर दिया पीड़ित ने थाने पर चोरी की तहरीर दी है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम प्रतापगंज निवासी रोहित कुमार मौर्य पुत्र मुन्नालाल परिजनों के साथ् खाना खाने के बाद अपने अपने कमरों मे सो गये तभी मध्य रात्रि छत के सहारे घर मे घुसे चोरो ने कमरे मे बक्से का ताला तोड़कर कर दो मंगलसूत्र, एक सोने की अंगूठी, एक सोने की चैन, दो जोड़ झुमका, सहित 23 हजार नगदी 5 साड़िया उठा ले गये शुक्रवार की भोर जगे परिजनों ने घर मे अस्त व्यस्त पड़े समान को देख जब देखा तो जेवरात एव नगदी गायब थी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौक़े का जायजा लेते हुए आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे के सहारे छानबीन शुरु कर दी है।

## कोटवाधाम रोड पर सड़क हादसे में दो लोग घायल

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने लोगों को दहला दिया। कोटवासड़क-कोटवाधाम मार्ग पर शांति नगर चौराहे के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और बाइक समेत दोनों युवकों को करीब 500 मीटर तक घसीटता चला गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

हादसे में चित्तापुरवा मजरे सादुल्लापुर निवासी 25 वर्षीय देशराज पुत्र गनेश तथा 27 वर्षीय परशुराम पुत्र भागीरथ गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि दोनों युवक बाइक से अपनी बहन के घर गोपालपुरवा जा रहे थे। इसी दौरान शांति नगर चौराहे के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने किसी तरह वाहन रुकवाया और दोनों घायलों को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथुरा नगर पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आलाकत्ल के साथ हत्यारोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



▸ घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी किया बरामद

स्वाट/सर्विलांस व थाना जैदपुर की सुंयक्त पुलिस टीम द्वारा आलम हत्याकाण्ड का सफल अनावरण कर 03 हत्याभियुक्तों को गिरफ्तार निशानदेही पर आलाकत्ल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया है। बीते नौ मई को वादिनी शमा परवीन पत्नी स्व. आलम निवासी ग्राम बलछत थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी द्वारा बाईस्तवाह 1. अफजाल पुत्र मकबूल निवासी तुरकानी थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी, 2. शाकिर पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम बलछत थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी के विरुद्ध तहरीर दी गई कि दिनांक-06.05.2026 को इन लोगों द्वारा उसके पति मो0 आलम पुत्र शेर मोहम्मद उम्र करीब 27 वर्ष की हत्या कर उसका शव ग्राम टेरा के तालाब के पास फेक दिया गया है, जिसके आधार पर मु.अ.सं.-122/2026 धारा 103(1)/238 बीएनएस पंजीकृत किया गया।

एसपी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा घटना के सफल अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसी क्रम में स्वाट/सर्विलांस व थाना जैदपुर की संयुक्त टीम द्वारा डिजिटल डेटा एवं मैनुअल इंटेलीजेन्स की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए आज दिनांक 15.05.2026 को प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. राकेश कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 बाबूराम, 2. विकास गुप्ता पुत्र राकेश, 3. आकाश कुमार गुप्ता पुत्र राकेश कुमार गुप्ता निवासीगण ग्राम बलछत थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को चंदौली नहर के पास गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगण की निशांदेही/कब्जे से मृतक का 01 अदद मोबाइल व 02 अन्य मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त प्लास, गमछा, हथौड़ी व मोटरसाइकिल बरामद किया गया। विवेचना के क्रम में बाईस्तवाह पंजीकृत नामों की संलिप्तता नहीं पायी गई। आरम्भिक जांच से ज्ञात हुआ कि जमीन बिक्री के रुपयों के कमीशन विवाद के कारण अभियुक्त राकेश व उसके पुत्र विकास गुप्ता ने हथौड़े से उसके सिर पर वार कर दिया तथा दोनों ने गमछे से गला कस दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

इसके बाद रात्रि होने पर राकेश और विकास ने आलम के शव को उसकी ही मोटरसाइकिल पर ले जाकर ग्राम टेरा के पास एक खेत में फेंक दिया तथा अपने दूसरे बेटे आकाश के साथ दोनों मोटरसाइकिल से घर वापस आ गये।

## सड़क हादसे में कानूनगो की मौत, मुंशी घायल



▸ जैदपुर-भानमऊ रोड पर ट्रक की टक्कर से हुआ हादसा, शोक की लहर

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** तहसील नवाबगंज के राजस्व निरीक्षक क्षेत्र सतरिख में तैनात कानूनगो हरि शंकर वर्मा की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद मुंशी अखिलेश वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा जैतपुर-भानमऊ रोड पर उस समय हुआ जब दोनों बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कानूनगो हरि शंकर वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मुंशी अखिलेश वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल मुंशी को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं कानूनगो की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। अस्पताल में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा और इमरजेंसी वार्ड के बाहर गमगीन माहौल देखने को मिला।

कानूनगो हरि शंकर वर्मा निवासी मऊ गोरपुर तहसील रामसनेहीघाट बताए जाते हैं। उनके परिवार में बड़ा बेटा रितेश वर्मा शिक्षक है, जबकि छोटा बेटा हिमांशु वर्मा अभी पढ़ाई कर रहा है। उनकी दो बेटियां हैं, जिनमें बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। हादसे की सूचना मिलते ही डीएम ईशान प्रताप सिंह, एसडीएम, तहसीलदार सहित राजस्व विभाग और लेखपाल संघ के कई पदाधिकारी मौके व अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। घटना के बाद पूरे राजस्व विभाग में शोक की लहर फैल गई है।

## खबरें एक नजर में

### ब्यूटी पार्लर पर चला हाई वोल्टेज ड्रामा

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र जामों अंतर्गत कस्बा जामों में बीच बाजार एक ब्यूटी पार्लर में पैसे के लेन-देन को लेकर घंटों तक हाईवोल्टेज ड्रामा चलता रहा। बताया जा रहा है कि पार्लर संचालित करने वाली महिलाओं ने एक महिला ग्राहक को विवाद के चलते अंदर बैठाए रखा, जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ जुट गई। महिलाओं के बीच तीखी नोकझोंक और हंगामे से बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय व्यापारी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन विवाद बढ़ता ही गया। सूचना पर पहुंची जामों थाना पुलिस ने स्थिति को संभाला और पूछताछ के लिए पार्लर में काम करने वाली महिला, एक अन्य महिला और दो बच्चियों समेत ग्राहक को अपने साथ थाने ले गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### ज्येष्ठ मंगलवार पर बीएसए करेंगे विशाल भंडारा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** ज्येष्ठ मास के तृतीय मंगलवार को जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में ज्येष्ठ मंगलवार के उपलक्ष्य में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। यह आयोजन अधिक ज्येष्ठ मास के तृतीय मंगलवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी द्वारा कार्यालय परिसर में प्रातः 11 बजे से किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी व कार्यालय कर्मचारियों द्वारा सभी इष्ट मित्र व जनपद वासियों से भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की गई है।

### रिजर्व पुलिस लाइन में एसपी ने ली परेड की सलामी



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार को जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय व विभिन्न थानों व शाखाओं के अधिकारी कर्मचारीगण सम्मिलित हुये। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं अच्छी वर्दी धारण करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन का मुआयना करते हुए बैरक, शस्त्रागार, मेस, बैरिक, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आदि क निरीक्षण किया गया पुलिस लाइन में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्वेताभ भास्कर, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा 10 जुलाई तक लागू : डीएम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में 16 मई 2026 को वट सावित्री पूजा, 27/28 मई को ईदज्जुहा (बकरीद), 25/26 जून को मोहर्रम, ज्येष्ठ माह में प्रत्येक मंगलवार आयोजित होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों, पूर्णिमा/अमावस्या, पर्व पर गंगास्नान एवं विभिन्न आयोग एवं भर्ती बोर्ड से आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षायें, प्राविधिक शिक्षा परिषद्/ विश्वविद्यालय की गतिमान वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षाओं के आयोजन, परीक्षा पुस्तिकाओं का मूल्यांकन व संचारी रोगों के प्रभावी रूप से रोकथाम के सम्बन्ध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देश का क्रियान्वयन किया जाना है। उक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत वर्तमान में समयाभाव के कारण पक्षों को सुनने के उपरान्त आदेश पारित किया जाना सम्भव नहीं है। जिला मजिस्ट्रेट सरनीत कौर ब्रोका ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद में लोक परिशान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु एक पक्षीय रूप से 15 मई से 17 जुलाई 2026 तक सम्पूर्ण जनपद में निषेधाज्ञा जारी किया है।

# कुम्भरावा गांव में लगी आग, घर जलकर खाक

सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



कोठी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुम्हरावां मजरे नसीरवापुर में शुक्रवार को गैस सिलेंडर में रिसाव होने से लगी भीषण आग ने एक परिवार की पूरी गृहस्थी को तबाह कर दिया। आग लगने से घर में रखा राशन, कपड़े, फर्नीचर, नगदी और जेवरात समेत लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

घटना के बाद गांव में अफरा तफरी का माहौल बन गया। पीड़ित मेराज अली पुत्र स्वर्गीय यासीन अहमद ने बताया कि उन्होंने शुक्रवार को कोठी स्थित इंडियन गैस एजेंसी से नया सिलेंडर लिया था। शुक्रवार सुबह उनकी पत्नी खाना बनाने के लिए गैस चूल्हा जलाने लगीं, तभी अचानक सिलेंडर से गैस रिसाव होने लगा और देखते ही देखते आग की लपटें पूरे कमरे में फैल गईं। परिवार के लोग किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचा सके। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मिट्टी और बालू तथा पानी की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

ग्रामीणों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। प्रधान प्रतिनिधि व पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिंह पटेल ने हल्का लेखपाल अमित कन्नौजिया को सूचना दी मौके पर पहुंचे और नुकसान का आकलन किया। वहीं कुम्हरावां प्रधान प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिंह पटेल ने पीड़ित परिवार को एक माह की खाद्य सामग्री तथा पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता देकर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। प्रधान प्रतिनिधि ने कहां कि कोई भी गरीब व्यक्ति अगर पीड़ित है तो हमारी सहायता देना पहली प्राथमिकता है वही इस मौके पर ग्राम प्रधान के साथ सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# नहर में मिले शव की हुई शिनाख्त

फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैसुरिया नहर झाल में गुरुवार शाम मिले युवक के शव की पहचान हो गई है। मृतक की शिनाख्त सीतापुर जनपद के थाना बिसवां क्षेत्र के ग्राम मंगरैय्या निवासी महेश कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार महेश कुमार पिछले करीब सात वर्षों से कस्बा फतेहपुर के मोहल्ला पचघरा में अपनी बहन के घर रह रहे थे और कस्बे के एक होटल में काम करते थे।परिजनों ने बताया कि 12 मई को उनकी बहन की पुत्री का विवाह समारोह था।शादी कार्यक्रम संपन्न होने के बाद 13 मई की भोर करीब छह बजे महेश अचानक लापता हो गए थे। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिवार के लोगों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।परिजनों ने पुलिस के साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली, जिसमें महेश सड़क की ओर जाते दिखाई दिए।इसी बीच भैसुरिया नहर झाल में एक अज्ञात युवक का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी।

शुक्रवार को परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, जहां शव की पहचान महेश कुमार के रूप में की गई।उपनिरीक्षक योगेंद्र यादव ने बताया कि शव की शिनाख्त होने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की जलकर मौत

**मसौली बाराबंकी।** शुक्रवार की भोर सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर मजरे दादरा मे एक 50 वर्षीय महिला की उसी के घर मे जल कर मृत्यु हो गयी घटना के समय महिला घर मे अकेली थी सूचना पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिर्जापुर दादरा निवासी अनुप कुमार लखनऊ चिनहट स्थित एस ए मेडिकल गैस एजेंसी मे कार्य करता है तथा 25 वर्षीय पुत्री प्रीति व 20 वर्षीय पुत्र शिवम शहर के लखपेड़ाबाग़ मे रहते है शुक्रवार की सुबह करीब 6 बजे अनुप कुमार की 50 वर्षीय पत्नी गीता घर मे अकेली थी तभी घर से निकल रहें तेज धुए को देख ग्रामीण दौड़े तो देखा गीता की आग मे जल कर मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों के अनुसार गीता की मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण उसका मानसिक का इलाज चल रहा था थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि 50 वर्षीय महिला की जल कर मौत हुई है।

# डीएम ने की बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी विद्यालयों में मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य सम्पन्न कराये जायें तथा शैक्षणिक लक्ष्यों की समय से प्राप्ति सुनिश्चित की जाये। शैक्षणिक लक्ष्यों की प्राप्ति में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं अकादमिक गतिविधियों का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन करने में सहरानीय कार्य करने पर विकास खण्ड परसेण्डी के कम्पोजिट विद्यालय बड़ागॉव के स्टॉफ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी विद्यालयों में मानकों के अनुरूप नामांकन सुनिश्चित किया जाये। स्कूल चलो अभियान व्यापक स्तर पर संचालित कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में मानकों के अनुरूप अवस्थापना सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

## प्रधानमंत्री का अपमान बर्दाश्त नहीं: राजेश शुक्ला

**सीतापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र लोधी द्वारा दिए गए आमर्यादित बयान को लेकर देश में भारी आक्रोश है इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में महिला मोर्चा व अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा भारी विरोध प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया। विरोध प्रदर्शन अटल चौक व विकास भवन स्थित धरना स्थल पर किया गया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि विपक्ष को यह समझ लेना चाहिए भारत के प्रधानमंत्री का अपमान संपूर्ण देश का अपमान है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़े संघर्षों से देश के प्रधानमंत्री पद को ग्रहण किया है है उनको कोई विरासत में पद नहीं मिला है उनका सम्मान भारत की 130 करोड़ जनता का सम्मान है लेकिन समाजवादी पार्टी निरंतर अपने ओछी मानसिकताका का प्रदर्शन कर रही है।

# आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती में धांधली के आरोप

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।




सीडीपीओ अजीत वर्मा पर गंभीर सवाल

विकासखंड गोदलामऊ में तैनात सीडीपीओ अजीत वर्मा पर आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती प्रक्रिया में मनमानी और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग रहे हैं। सूत्रों के अनुसार भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष तरीके से कराने के बजाय मनचाहे लोगों को लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है। आरोप है कि जिन अभ्यर्थियों से दलालों के माध्यम से मोटी रकम ली जाती है, उन्हीं को भर्ती में प्राथमिकता दी जा रही है। ग्रामीणों और स्थानीय सूत्रों का कहना है कि सीडीपीओ अजीत वर्मा रोजाना शाम के समय विकासखंड कार्यालय से लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर दूर कुछ दलालों से मुलाकात करते थे, जहां भर्ती से जुड़े नामों और पैसों का लेनदेन तय किया जाता था। आरोप यह भी है कि जिन लोगों से भुगतान प्राप्त हो जाता था, उन्हें भर्ती प्रक्रिया में शामिल कर लिया जाता था, जबकि पात्र अभ्यर्थियों को नजरअंदाज किया जा रहा था। सूत्रों के मुताबिक यह पहली बार नहीं है जब सीडीपीओ अजीत वर्मा का नाम भर्ती प्रक्रिया में विवादों में आया हो। पूर्व में हुई आंगनबाड़ी भर्तियों में भी उन पर इसी प्रकार के आरोप लग चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीडीपीओ पर केवल धन उगाही और अपने करीबी लोगों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगातार लगता रहा है।

अब इस पूरे मामले को लेकर जिला प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि मामले की निष्पक्ष और गहन जांच केवल कागजों तक सीमित न रहकर वास्तविक स्तर पर की जाए, तो सीडीपीओ अजीत वर्मा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई संभव है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जांच किसी स्वतंत्र अधिकारी से कराई जाए ताकि भर्ती प्रक्रिया में हुई कथित अनियमितताओं की सच्चाई सामने आ सके। फिलहाल मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग जिला प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# गांजा-नकदी सहित तस्कर गिरफ्तार




अमेठी, समृद्धि न्यूज़।

नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान कार्रवाई करते हुए एक महिला गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में ग्राम ब्रम्हनी क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस ने साधना सिंह निवासी ग्राम ब्रम्हनी को रोककर तलाशी ली। तलाशी में उसके कब्जे से 5 किलो 924 ग्राम गांजा तथा गांजा बिक्री से प्राप्त 3,900 रुपये नकद बरामद किया है। पुलिस के अनुसार बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 6 लाख रुपये आंकी गई है। बरामदगी के आधार पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई के दौरान प्रभारी निरीक्षक नन्द हौसिला यादव सहित पुलिस टीम मौजूद रही।

# एनएसबीवीएम में मनाया गया 'राष्ट्रीय लुप्तप्राय प्रजाति दिवस'




रायबरेली समृद्धि न्यूज़।

न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में 'नेशनल एंडेंजर्ड स्पीशीज डे'(राष्ट्रीय लुप्तप्राय प्रजाति दिवस) पर एक कार्यक्रम आयोजित कर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के माध्यम से बच्चों के साथ-साथ समाज के अन्य लोगों तक यह संदेश पहुंचाने की कोशिश की गयी कि यह दिन लोगों को लुप्तप्राय प्रजातियों की स्थिति और उनके संरक्षण के महत्व को रेखांकित करता है। उनके आवासों की रक्षा के लिए सरकारों, संगठनों और व्यक्तियों को प्रेरित करता है। दुनिया भर में हजारों लोग लुप्तप्राय प्रजाति दिवस मनाते हैं, तथा उनके सम्बन्ध में सीखते और खतरे में पड़ी अन्य लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा करने की शपथ लेते हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य श्री तारकेश्वर सिंह जी ने बच्चों के प्रति अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि प्रदूषण, वन्यजीवों के मूल आवासीय क्षेत्रों में इंसानों का अतिक्रमण, अवैध शिकार व विभिन्न आपदाओं के कारण दुनिया भर में कई जीवों का अस्तित्व समाप्त हो चुका है, कई समाप्त होने के कगार पर हैं, अतः आज का दिन हम सभी को संकटग्रस्त और लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सपा प्रदेश सचिव विजय यादव की मदद से सुल्तानपुर पहुंचा विदेश में फंसा युवक



**अमेठी,सुल्तानपुर समृद्धि न्यूज।** रोजी-रोटी के सिलसिले में विदेश गया युवक लगभग 10 महीने से विदेश में फंसा रहा लेकिन आजाद सेवा समिति के संरक्षक राज्यसभा सांसद संजय सिंह के सराहनीय कार्य से युवक आज सुल्तानपुर पहुंच गया समिति के उपाध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव ;पिछड़ा वर्ग विजय यादव ने बताया की 2 मई को बस अड्डे पर परिजनों से मुलकात हूई और विदेश गए युवक के पिता शिवकुमार निषाद जमखुरी थाना लम्भुआ ने रोकर पूरी आप बीती बताई। उसके बाद विजय यादव राज्यसभा सांसद संजय सिंह से पूरी बात को सांसद के सामने रखा उसके बाद विदेश में अपने लोगों से बात करके आज विदेश गए युवक संतोष निषाद को सुल्तानपुर सकुशल बुला लिया गया। सुल्तानपुर पहुंचते ही परिजनों की अपार खुशी हुई।

## सड़क किनारे मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र शिवरतनगंज के अंतर्गत सिंहपुर-तिलोई मार्ग पर गड़रियन का पुरवा के पास सड़क किनारे एक युवक घायल अवस्था में पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान इन्हौना थाना क्षेत्र के गुलाबगंज मजरे राजापुर निवासी सूरज यादव उम्र 25 वर्ष पुत्र राजाराम यादव के रूप में हुई है। घटनास्थल पर उसकी क्षतिग्रस्त बाइक भी मिली है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और युवक की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग करने लगे। कुछ समय तक अस्पताल परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने परिजनों को मामले की गंभीरता से जांच कराने का भरोसा दिया।

# खेल युवाओं को टीम भावना की देते हैं सीख : अरविंद सिंह यादव

## निजामपुर बिराहिमपुर में युवा महोत्सव क्रिकेट टूर्नामेंट व जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



निजामपुर बिराहिमपुर में आयोजित युवा महोत्सव क्रिकेट टूर्नामेंट एवं जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव एवं ब्लॉक प्रमुख सोनू यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के खिलाड़ियों, युवाओं और ग्रामीणों की भारी भीड़ मौजूद रही।

उद्घाटन के साथ ही खेल मैदान में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन किया। क्रिकेट मुकाबले में संतोषा टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए मोहना टीम को 16 रन से पराजित कर जीत हासिल की। वहीं दौड़ प्रतियोगिता में भी युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, संघर्ष और टीम भावना की सीख देते हैं। उन्होंने कहा, ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों की बेहद आवश्यकता है। खेलों से युवाओं को नई दिशा और पहचान मिलती है। सरकार और समाज दोनों को खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के लिए आगे आना चाहिए। पूर्व ब्लॉक प्रमुख सोनू यादव ने कहा कि क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें अवसर देने की है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत प्रत्याशी शैलेन्द्र सिंह यादव, अर्पित शुक्ला, अनंत सिंह निर्देशक, छबिराम यादव, संग्राम यादव, दिनेश यादव, अवनीश यादव, रीनू यादव, पुष्पेंद्र यादव, राहुल यादव, अनुज यादव, कॉमेडी अध्यक्ष एपी यादव, राजोले यादव, अनूप यादव, आकाश यादव, गोलू यादव, अनुराग यादव अंकुर यादव एवं छोटे सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती पर गूंजे राष्ट्र एकता के संदेश

**इंदरगढ़, कन्नौज।** ग्राम कचाटीपुर स्थित सरदार पटेल इंटर कॉलेज में भारत के पूर्व गृहमंत्री लौह पुरुष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति और एकता के संदेशों से गूंज उठा। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कटियार एवं योगेश कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को सरदार पटेल के जीवन संघर्ष, उनके आदर्शों तथा देश की एकता और अखंडता में उनके अतुलनीय योगदान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से सरदार पटेल के विचारों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

# अब्दुलपुर सकरी में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**टीबी मुक्त अभियान**

- 131 ग्रामीणों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण
- संभावित मरीजों की होगी ट्रूनाट जांच

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




सौ दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को एमएमयू के सहयोग से ग्राम अब्दुलपुर सकरी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 131 ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

शिविर में ब्लड शुगर, बीएमआई और बीपी की जांच के साथ हैंडहेल्ड मशीनों के माध्यम से चेस्ट एक्सरे भी किए गए। जांच के दौरान सात संभावित टीबी मरीज चिन्हित किए गए, जिनके बलगम की जांच ट्रूनाट मशीन से कराई जाएगी। कार्यक्रम में माई भारत वालंटियर के 10 प्रतिभागियों ने भी भाग लिया। सभी ने भारत को टीबी मुक्त बनाने की शपथ ली तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता फैलाने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर का निरीक्षण जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. के.पी. त्रिपाठी ने किया। इस दौरान एसटीएस ऋषभ, डीपीपीएमसी कोऑर्डिनेटर पूनम दुबे, सीएचओ अरुणा, एक्सरे टेक्नीशियन मुन्ना राम, डॉट्स प्रोवाइडर अकरम, अर्चना एवं एमएमयू टीम के सदस्य मौजूद रहे।

# जनगणना प्रगणकों व सुपरवाइजरों को दिए परिचय पत्र

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिषद के सभागार में भारत की आगामी जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के लिए प्रशिक्षण प्राप्त प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को बुकलेट एवं परिचय पत्र दिए गए। अप्रैल माह में नगर क्षेत्र के लिए 40- 40 के तीन बीच में कुल 93 प्रगणकों एवं 12 सुपरवाइजरों को मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण दिया था। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी एवं जनगणना के चार्ज अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने परिचय पत्र एवं बुकलेट वितरित करते हुए कहा कि अब आप सभी भारत सरकार के जनगणना निदेशालय के अंतर्गत हैं अतः पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना करें। उन्होंने स्वगणना पर जोर देते हुए कहा कि प्रगणक एवं सुपरवाइजर अपने विद्यालयों में भी स्मार्टफोन पर स्वगणना कराएं। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इस चरण में डिजिटल टूल्स का उपयोग करते हुए हर मकान की सही नंबरिंग, विवरण संकलन और मैपिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्रगणकों से कहा कि वे क्षेत्र का अच्छा ज्ञान रखते हुए हर घर तक पहुंचें और नागरिकों से सहयोग प्राप्त करें। डिजिटल जनगणना के इस ऐतिहासिक अभियान में सही डेटा संकलन से देश के विकास योजनाओं को मजबूती मिलेगी।प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सुपरवाइजर एवं प्रगणक अब क्षेत्र में जाकर मकान सूचीकरण का कार्य शुरू करें। इस अवसर पर नगर पालिका के जनगणना प्रभारी अंकित दुबे, सहायक प्रदीप कश्यप, प्रवेश यादव, तकनीकी सहायक (कंप्यूटर ऑपरेटर) संदेश कुमार और सहायक मोहित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**जनगणना 2027 की तैयारियां तेज**

## तिर्वा में जल्द बनेगा बाईपास और शुरू होगा कैंसर अस्पताल : कैलाश राजपूत

**कन्नौज।** नवनियुक्त राज्य मंत्री कैलाश राजपूत शुक्रवार को मंत्री बनने के बाद पहली बार कन्नौज पहुंचे। लखनऊ से सीधे दो गाड़ियों के काफिले के साथ सर्किट हाउस पहुंचे मंत्री का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने समाजवादी पार्टी और पीडीए को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का पीडीए सिर्फ एक परिवार तक सीमित है। वर्ष 2012 से 2017 के बीच सपा सरकार में इसकी सच्चाई जनता के सामने आ चुकी है। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में भी जनता ने इस सोच को नकार दिया। कैलाश राजपूत ने कहा कि उनकी विधानसभा तिर्वा में रुके हुए विकास कार्यों को जल्द पूरा कराया जाएगा। उन्होंने तिर्वा बाईपास निर्माण, कैंसर अस्पताल और कार्डियोलॉजी सेवाएं शुरू कराने की बात कही। लोधी वोटरों को साधने के लिए मंत्री बनाए जाने संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा कि अब अखिलेश यादव कभी मुख्यमंत्री नहीं बन पाएंगे।

# महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा के लिए शासन ने दी अनुमति

- क्षत्रिय समुदाय ने मिठाई बांटकर मनाया जश्न

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कैलाश पर्वत पर प्रस्तावित महाराणा प्रताप पार्क में भव्य प्रतिमा लगाने के लिए प्रदेश सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। जानकारी होते ही क्षत्रिय समुदाय के लोग बड़ी संख्या में वहां एकत्रित हुए और मिठाई बांटकर जश्न मनाया।

क्षत्रिय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष योगेंद्र भदौरिया ने कहा जनपद के सभी क्षत्रिय परिवारों ने मिलकर प्रयास किया अब यहां पर महाराणा प्रताप के नाम से पार्क, भव्य मूर्ति की स्थापना एवं भवन बनाया जाएगा। विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे लगभग 14 लाख रुपए की लागत से स्ट्रक्चर बनवाएंगी जबकि प्रदेश सरकार की तरफ से महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा दी जाएगी। इसके साथ ही पार्क के निर्माण का कार्य नगर पालिका की तरफ से अध्यक्ष मनोज दुबे कराएंगे। उन्होंने कहा जल्दी ही भूमि पूजन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

शासन स्तर से मिली स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, विधायक अर्चना पाण्डेय एवं पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे के प्रति सभी ने आभार जताया।

इस अवसर पर संजीव चौहान, शैलेंद्र सिंह गौर, विकास भदौरिया, मोहित कुशवाह, भोले भदौरिया, गोविन्द ठाकुर, दीपक कुशवाह, सत्यम ठाकुर, सूरज, मोनी ठाकुर, अजय चौहान, हरिभान सिंह व हिमांशु चौहान आदि उपस्थित रहे।



**जमीन का समतलीकरण प्रारंभ**

**छिबरामऊ।** पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया नगर के कैलाश पर्वत पर लगभग चार बीघा जमीन पर महाराणा प्रताप पार्क का निर्माण होना है। जमीन का समतलीकरण प्रारंभ हो गया है। राजस्व विभाग ने इसकी पैमाइश कराई जाएगी। फिर ड्राइंग तैयार कर पार्क का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पार्क के लिए महाराणा प्रताप की मूर्ति प्रदेश सरकार के सांस्कृतिक विभाग की ओर से मिलेगी जबकि उसका फाउंडेशन विधायक निधि से तैयार कराया जाएगा। इसके अलावा पार्क के सुंदरीकरण, बाउंड्रीवाल, लाइटिंग, घास, पौधारोपण, ओपन जिम, बैठने के लिए बेंच, वाकिंग ट्रैक का कार्य नगर पालिका कराएगी। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि पांच महीने में कार्य पूरा कराने की योजना बनाई गई है।

# खबरें एक नजर में

## दोस्त के बहकावे में युवक ने बेचे मां के जेवर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला कोलियान में एक युवक द्वारा दोस्त के बहकावे में आकर अपनी मां के लाखों रुपये के जेवर बेंच देने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने सर्राफ पर बेहद कम कीमत में जेवर खरीदने और विरोध करने पर धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला कोलियान निवासी मनोज कुमार गुप्ता पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि उनका छोटा बेटा शरारती प्रवृत्ति का है। 25 अप्रैल को बड़े बेटे अभिषेक ने छोटे भाई का मोबाइल चेक किया, जिसमें 80 हजार रुपये ट्रांसफर होने की जानकारी मिली। सख्ती से पूछताछ करने पर छोटे बेटे ने बताया कि उसने अपने दोस्त के कहने पर मां प्रेमलता गुप्ता की सेफ से चार सोने की चूड़ी, झुमकी, अंगूठियां और सोने की जंजीर समेत करीब 55 ग्राम सोने के जेवर निकालकर एक सर्राफ को बेंच दिए। पीड़ित के अनुसार जेवरों की कीमत करीब आठ लाख रुपये से अधिक थी, जबकि युवक को केवल 80 हजार रुपये दिए गए। जब परिवार ने जेवर वापस मांगे तो सर्राफ ने अभद्रता करते हुए जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में कैलाश राजपूत का स्वागत



**तिर्वा/कन्नौज।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार के नवनियुक्त राज्य मंत्री कैलाश राजपूत के प्रथम आगमन पर भव्य एवं गरिमामयी स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर पुष्प वर्षा, घोष दल की धुनों और स्वागत नारों से गुंजायमान रहा। विद्यालय के प्रबंधक त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष ध्रुव प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा सहित वरिष्ठ आचार्यों ने राज्य मंत्री का माल्यार्पण एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इसके बाद आचार्य चंद्रकांत जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच तिलक लगाकर मंगल अभिनंदन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के घोष दल ने गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत कर देशभक्ति और अनुशासन से ओतप्रोत धुनों के माध्यम से मंत्री का सम्मान किया। वहीं छात्राओं एवं आचार्य परिवार ने पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। अपने स्वागत से अभिभूत राज्य मंत्री कैलाश राजपूत ने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने शिक्षा और संस्कार के क्षेत्र में विद्यालय के योगदान की सराहना करते हुए छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान पूरा परिसर उत्साह और उल्लास से भरा दिखाई दिया।

## मोडिफाइड साइलेंसर पर परिवहन विभाग का शिकंजा



**कन्नौज।** जनपद में मोडिफाइड साइलेंसर और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्त अभियान शुरू कर दिया है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सुश्री ईज्या तिवारी ने बताया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के निर्देशों के अनुपालन में विशेष कार्रवाई की जा रही है। उप संभागीय परिवहन कार्यालय कन्नौज में आयोजित बैठक में मोटर गैराज मैकेनिकों एवं रॉयल एनफील्ड शोरूम के तकनीशियनों को ध्वनि प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही सख्त निर्देश दिए गए कि किसी भी दोपहिया वाहन में मोडिफाइड साइलेंसर या तेज आवाज उत्पन्न करने वाले उपकरण फिट न किए जाएं। एआरटीओ प्रशासन ने बताया कि ऐसे वाहनों के खिलाफ चालान और वाहन निरुद्ध करने की कार्रवाई लगातार जारी है। वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस तीन माह के लिए निलंबित करने हेतु नोटिस भी भेजे जा रहे हैं।

# रोविन यादव ने कथा वाचक के साथ कन्याओं को किया सम्मानित



**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम बखरिया मे समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रोविन यादव ने भागवत कथा सुनने के साथ कथा वाचक नीटू शास्त्री एवं उनके समस्त स्टॉफ का स्वागत किया और कलश वाली कन्याओ का भगवान का चित्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रोविन यादव ने कहा भागवत कथा सुनने और आयोजित करवाने का सौभाग्य सबको प्राप्त नहीं होता। भागवत कथा हम लोगो को सिखाती है कि बुराई कितनी भी बड़ी क्यों न हो उसे अच्छाई के सामने हारना ही पड़ता है। हम लोगो को सदैव सच्चे और ईमानदार लोगों के साथ सदैव खड़ा होना है। अंशु यादव, लड्डू गोपाल आदि ने माल्यार्पण करके रोविन यादव का स्वागत किया। इस दौरान धनपाल यादव, श्रीकृष्ण यादव, सतीश यादव, लालू यादव, संकित यादव, पिंटू यादव, राहुल यादव, गौरव यादव, नवनीत यादव, मिथुन यादव, साधु यादव, सोनू यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# कूड़े के ढेरों को मिट्टी डालकर छुपाया, नाले को पटवाया

**समधन, समृद्धि न्यूज।**


साहब! एमआरएफ सेन्टर की बजाय मेन सड़क किनारे डाला जा रहा कूड़ा
समधन, समृद्धि न्यूज।
- सड़क किनारे लगे वन विभाग के पौधे हो रहे हैं नष्ट
- वन विभाग के अधिकारी बेखबर



**खबर का दिखा असर**

नगर पंचायत समधन के मोहल्लों के घरों से निकलने वाला कूड़ा-कचरा को टाउन कार्यालय के जिम्मेदारों द्वारा नगर की मेन सड़क किनारे लगें वन विभाग के हरे-भरे पौधों पर ट्रैक्टर ट्रॉली भर भर कर डाला गया था जिससे स्वच्छ भारत मिशन की पोल भी खुलती दिख रही थी और वन विभाग के क़ीमती पौधे भी नष्ट हुए थे साथ ही इस कूड़े के ढेरो से निकलने वाली दुर्गन्ध से आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

इस खबर को समृद्धि न्यूज ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था खबर छपने के बाद नगर पंचायत हरकत में आ गया। नगर पंचायत कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारीयों ने इस खबर को प्रकाशित होने के बाद हरकत में आकर आनन-फानन में नगर पंचायत की ट्रैक्टर ट्राली से जिस स्थान पर कूड़ा डाला था वहीं पर शुक्रवार को मिट्टी डलवाकर कूड़े के ढेरों छुपाने का काम किया गया यही जिम्मेदार अगर पहले ही ऐसा कार्य न करते जिससे उन्हें दोबारा मेहनत करना पड़ती वही उधर नगर में ही मेन सड़क से सौरखी मस्जिद की ओर जाने वाली गली में नाले का क्रॉस जाल करीब 2 वर्षों से टूटा पड़ा था जिसमें आए दिन दोपहिया वाहन व नन्हे मुन्ने बच्चे गिरकर चुटहिल हो रहे हो रहे थे इस खबर को भी समृद्धि न्यूज अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था शुक्रवार को नाले को नगर पंचायत द्वारा पाटने का काम किया गया जिसमें स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

# चौधरी टिकैत ने की किसानों के हितों की रक्षा: शमीम सिद्दीकी

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



- प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में हवन पूजन कर किया गया पौधरोपण

स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर जलेसर गंगा नदी के किनारे प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में हवन पूजन कर वृक्षारोपण किया गया इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि चौधरी टिकैत ने हमेशा किसनो के हितों एवं उनके अधिकारों की रक्षा की है प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि संघर्ष के योद्धा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने किसानों के हक की आवाज उठाने की बेमिसाल ताकत दी

क्षेत्र के जलेसर स्थित आश्रम में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में विधि विधान से हवन पूजन किया गया इसके उपरांत किसानो की आयोजित बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत ने अपना सारा जीवन किसानों के हकों के लिए समर्पित कर दिया। स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत आज हमारे बीच भले ही ना हो लेकिन वह हम सभी के आदर्श हैं प्रेरणा स्रोत हैं उनके बताए मार्ग पर चलते हुए हम सभी आजीवन किसानों के हितों की रक्षा करते रहेंगे

जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कुसुम चौहान ने कहा कि बाबा टिकैत ने कभी अपने उसूलों से समझौता नहीं किया पुण्यतिथि पर भाकियू संस्थापक की स्मृतियां याद आती हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से सुरेश यादव प्रमोद तिवारी डॉक्टर साजिद हुसैन जिला सचिव ठाकुर धर्मेंद्र सिंह बबलू उपेंद्र आलोक राजपूत, ,रविराजपूत,मानसिंह,नोमान सिद्दीकी, मो शहराज शकील खान, फकरे आलम सत्यम प्रजापति प्रशांत गौतम रामबाबू तिवारी सियाराम श्रीकांत शुक्ला राजा ठाकुर प्रधान प्रतिनिधि रामकिशोर मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# कैंप में किया गया स्मार्ट मीटर समस्याओं का समाधान




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत वितरण उपखंड कार्यालय में आयोजित स्मार्ट मीटर समाधान कैंप विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया गया। इस कैंप में 15 उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया गया। अधिकांश समस्याएं बिल को लेकर थी। कुछ उपभोक्ताओं ने अपने मोबाइल नंबर अपडेट कराए और यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप डाउनलोड कराया।

कानपुर में कार्यवाहक उपखंड अधिकारी अनिल कुमार, अवर अभियंता करन जायसवाल, प्रखर श्रीवास्तव, आशीष बाबू व सतेंद्र आदि मौजूद रहे।

# भव्य धम्म यात्रा के लिए वॉलिंटियर्स को सौंपी जिम्मेदारी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य के ग्राम लक्षीराम नगला स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में 17 मई रविवार को निकलने वाली विशाल धम्म यात्रा के लिए वॉलिंटियर्स के साथ तैयारी बैठक में जिम्मेदारियां सौंपी गई।

बुद्ध वंदना के साथ शुरू हुई बैठक को संबोधित करते हुए ओमकार शाक्य ने बताया कि 17 मई रविवार को दोपहर 2 बजे पश्चिमी बाईपास स्थित नहर निरीक्षण भवन से धम्म यात्रा का शुभारंभ होगा। यात्रा मुख्य बाजार, तिरंगा तिराहा और तहसील मार्ग से होते हुए लक्षीराम नगला में निर्माणाधीन अशोक स्तंभ के पास पहुंचकर समाप्त होगी। यात्रा में भगवान गौतम बुद्ध सहित 10 महापुरुषों की आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी। विशेष आकर्षण 84 फीट लंबा पंचशील का विशाल झंडा होगा, जिसे दोनों ओर से लोग थामकर चलेंगे। यात्रा मार्ग पर 10 स्थानों पर स्वागत पंडाल लगाए जाएंगे। समापन स्थल पर भगवान बुद्ध के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा खीर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। बैठक में 30 सदस्यीय समिति के सदस्यों सहित अध्यक्ष अजय शाक्य, उपाध्यक्ष रचित शाक्य (छोटू), कोषाध्यक्ष जितेंद्र शाक्य तथा महामंत्री ब्रजेश शाक्य और बड़ी संख्या में वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे।

# खरीफ बुवाई की तैयारी तेज, अनुदानित बीज उपलब्ध किसान जल्द कराएं फार्मर रजिस्ट्री

- 70 हजार किसानों की फार्मर आईडी बनना बाकी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में खरीफ सीजन की बुवाई को लेकर किसानों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। धान, मक्का, उड़द और मूंग जैसी फसलों की बुवाई के लिए कृषि विभाग द्वारा विकासखंड स्तरीय राजकीय बीज भंडारों पर प्रमाणित बीज अनुदान पर उपलब्ध करा दिए गए हैं, ताकि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज मिल सके। कृषि विभाग ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार अब बीज अनुदान, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सोलर पंप योजना, कृषि यंत्रीकरण योजना, उर्वरक क्रय तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि समेत विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जनपद में कुल 2.93 लाख किसानों के सापेक्ष अब तक लगभग 2.23 लाख किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री करा ली है, जो कुल संख्या का करीब 76 प्रतिशत है। वहीं अभी भी लगभग 70 हजार किसानों की फार्मर आईडी बनना बाकी है। कृषि विभाग के अनुसार क्षेत्र के खानपुर चौबे, अतिराजपुर, कसावा, त्रिमुखा, जनखत, बनगवां, तालग्राम देहात, मझपुरवा, शरीफाबाद, अटारा निस्फ तिर्वा, तिलपई डिंगसरा, सतौरा, सीहपुर और बलिदादपुर समेत कई गांवों में किसानों की अपेक्षित रुचि नहीं दिख रही है। इन गांवों में कृषि, राजस्व और पंचायत विभाग की टीमें लगातार भ्रमण कर किसानों को जागरूक कर रही हैं। विभाग ने किसानों से अपील की है कि वह जन सेवा केंद्र, मोबाइल ऐप या क्षेत्रीय कर्मचारियों की मदद से जल्द फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करा लें, ताकि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के मिल सके।

# मेंहदीघाट संपर्क मार्ग का असीम अरुण ने किया निरीक्षण



- ग्रामीणों से लिया फीडबैक गुणवत्ता और समयबद्ध निर्माण के दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने शुक्रवार को बाबा विश्वनाथ मंदिर चौधारियापुर से चौराचांदपुर गुमटिया होते हुए मेंहदीघाट संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क निर्माण की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया तथा अधिकारियों को तय समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और सड़क निर्माण को लेकर फीडबैक लिया।

ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए अहम कदम बताया। असीम अरुण ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों तक बेहतर सड़क सुविधा पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं बल्कि विकास और रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करती हैं।

# भोलेपुर में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, वसूला गया जुर्माना

- दुकानदारों में हड़कंप, खोखा सहित कई दुकानें जब्त
- भारी पुलिस बल रहा तैनात


दुकानदारों को चेतावनी देते ईओ मौजूद सीओ


दुकान जब्त करती जेसीबी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शहर के भोलेपुर क्षेत्र में शुक्रवार को नगर पालिका प्रशासन ने सड़क किनारे हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। जिससे दुकानदारों में भगदड़ मच गयी। जिसको जहां जगह मिली, अपना सामान उठाकर फेंकने लगा। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

नगर पालिका ईओ विनोद कुमार व सीओ सिटी अभय वर्मा के नेतृत्व में चले इस अभियान के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस और नगर पालिका की टीम को देखकर सड़क किनारे दुकान लगाए दुकानदारों में हड़कंप मच गया और अपना-अपना सामान लेकर भागने लगे।

अभियान के दौरान सड़क के दोनों ओर बनी नाली के बाहर लगी दुकाने व सामान हटवाया गया और कई सामानों को नगर पालिका टीम ने जब्त भी किया। कार्रवाई के दौरान दो दुकानदारों का करीब दस हजार रुपये का चालान किया गया।

वहीं दुकानों पर प्रतिबंधित पॉलिथीन मिलने पर उसे भी जब्त कर जुर्माना लगाया गया। नगर पालिका के अधिकारियों के साथ पुलिस व उसके आगे-आगे जेसीबी चल रही थी। जिन दुकानदारों ने अपना सामान व लोहे की दुकानें या काउंटर आदि नहीं उठाया उसे जेसीबी से उठाकर ट्रैक्टर में रखकर जब्त कर लिया। नगर पालिका टीम ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि दोबारा अतिक्रमण मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी अभय वर्मा, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार, नगर पालिका संबंधित अन्य कर्मचारियों के अलावा यातायात प्रभारी, फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी, कर्नलगंज चौकी इंचार्ज सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# एएसपी की अध्यक्षता में एसजेपीयू और एएचटी की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

रिज़र्व पुलिस लाइन के सभागार में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में एसजेपीयू और एएचटी की मासिक प्रशिक्षण/ समीक्षा एवं समन्वय बैठक संपन्न की गई। जिसमें बच्चों सम्बन्धी विशेष रेस्क्यू अभियान, भिक्षावृत्ति, बालश्रम की रोकथाम, मानव तस्करी रोकथाम एंव अनैतिक देह व्यापार की रोकथाम के सम्बन्ध में तथा गुमशुदा बालक एवं बालिकाओं की बरामदगी, मेडिकल परीक्षण, धारा 183 बीएनएस के अन्तर्गत बयान सी डब्ल्यू सी के समक्ष प्रस्तुतीकरण, किशोर न्याय अधिनियम के प्रारुप-(क), (ख) एवं विवेचना के दौरान आने वाली समस्याओं एवं समाधानो के सम्बन्ध में गोष्ठी में वृहद चर्चा की गई। कानूनी पक्षों एवं उच्चाधिकारियों द्वारा समय समय पर दिये गये निर्देशों से सभी बाल कल्याण अधि./ कर्मचारीगणों को अवगत कराया गया। बैठक में डिप्टी सी.एम.ओ., बाल कल्याण समिति के सदस्य, श्रम विभाग से श्रम प्रवर्तन अधिकारी, चाइल्ड हेल्प लाइन, वन स्टाप सेंटर, आरपीएफ फर्रुखाबाद, जीआरपी फर्रुखाबाद के बाल कल्याण अधिकारी तथा थाना एएचटीयू के कर्म.गण, महिला सहायता प्रकोष्ठ तथा जनपद के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण, सपोर्ट पर्सन पॉक्सो एक्ट व विधि. सह.परि.अधि. उपस्थित रहे।


बैठक लेते अपर पुलिस अधीक्षक

## जन चौपाल लगाकर सचिवों ने ग्रामीणों की सुनी समस्यायें


समस्यायें सुनते सचिवगण

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही ग्राम जन चौपाल योजना विकासखंड अधिकारी के निर्देशन में ग्राम पंचायत सचिव ने जन चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं सुनी। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत भटासा में शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही जन चौपाल योजना के तहत ग्राम पंचायत सचिव अरविंद कुमार तथा ग्राम प्रधान ने विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान के निर्देशन में जनता की समस्याएं सुनी। ग्राम पंचायत सचिव अरविंद कुमार तथा ग्राम प्रधान गोविंद गंगवार ग्राम जन चौपाल योजना में गांव की जनता की समस्याएं गांव में निस्तारण करने के निर्देश दिए जाते हैं। जिसमें ग्राम पंचायत के सचिवालय में ग्राम जन चौपाल योजना के तहत जनता की समस्याएं सुनी। जिसमें अधिकतर समस्याएं पेंशन संबंधी रहे। जिसमें एडीओ समाज कल्याण अंकुश कटियार ने समस्याओं का निस्तारण करने का जनता को आश्वासन दिया। वहीं ग्राम पंचायत कूड़ा कलेक्शन, फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री करने के लिए गांव के लोगों को सुझाव दिए तथा न करने पर होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी अरविंद कुमार, ग्राम प्रधान गोविंद गंगवार, भटासा एडीओ समाज कल्याण अंकुश कटियार, रविंद्र सिंह, इंदल बाबू मौजूद रहे।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति घायल

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज। तेज रफ्तार पिकअप संख्या यूपी 27 सीटी 3195 ने बाइक संख्या यूपी 27 बीएस 3873 में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दंपत्ति घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम बीघापुर सिंधौली जिला शाहजहांपुर निवासी सचिन पुत्र हीरालाल अपनी पत्नी के साथ फर्रुखाबाद में बीमार भाई को देखने जा रहे थे। उसी समय अचानक ग्राम हरसिंहपुर के पास तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दंपत्ति घायल हो गये। सूचना मिलने पर मौके पर थाना पुलिस पहुंच गई और पुलिस ने पिकअप को अपने कब्जे में ले लिया तथा दंपत्ति को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# मुकदमा दर्ज कराकर लोगों से वसूली करने वाली महिला गिरफ्तार


गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी देते अपर पुलिस अधीक्षक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

साथी अभियुक्तों के साथ मिलकर निजी, आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए लोगों के खिलाफ मिथ्या साक्ष्य रचकर एवं गंभीर धाराओं में क्षेत्र के लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराकर व फंसाने की धमकी देकर रुपये वसूलकर अपने निजी हितो की पूर्ति करने वाली एक महिला को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। घटना के संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 अक्टूबर 2025 को वादी मुकदमा अजय चौहान पुत्र राधेलाला चौहान निवासी बंधौआ थाना कोतवाली फतेहगढ़ की तहरीर व एसआईटी टीम की रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली पुलिस ने धारा 55,111(2), 230, 232, 248इ, 308 (6),610(2), 351 (3), 356 (1) बीएनस बनाम अवधेश मिश्रा निवासी भोलेपुर थाना कोतवाली, 03 व्यक्ति नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

विवेचना के क्रम में मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्ता को थाना जहानगंज पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर अग्निम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ करने पर बताया गया कि मैनें मुकदमें में नामित व अन्य अभियुक्तगणों के साथ मिलकर अपने निजी, आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए लोगो के खिलाफ मिथ्या साक्ष्य गढ़े एवं गंभीर धाराओं में क्षेत्र के लोगो के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराकर व फंसाने की धमकी देकर रुपये वसूले और अपने निजी हितो की पूर्ति की।

# बाइक सवार पर मधुमक्खियों का हमला, दो घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

तहसील क्षेत्र के गांव सुजातपुर निवासी किशन यादव पुत्र राजपाल अपने छोटे भाई आनंद के साथ कायमगंज नवीन मंडी सुबह शुक्रवार को आए हुए थे। जहां से वह अपने कार्यों से निवृत्त होकर वापस बाइक से ही घर लौट रहे थे। जब वह कंपिल मार्ग पर उस्मान नगर के पास पहुंचे। इसी दौरान चलती बाइक पर मधुमक्खियां के झुंड ने हमला कर दिया। जिससे अफरा-तफरी मच गई। मौके पर बाइक को छोड़कर किसी प्रकार किशन यादव और आनंद भाग खड़े हुए। किशन यादव पड़ोसी गांव में घुस गए। जिस पर स्थानीय लोगों ने उनके ऊपर पानी और चादर डालकर मधुमक्खियां के हमले से बचाया। वहीं उनका छोटा भाई आनंद भाग कर एक मक्के की फसल में घुस गया तब वह मधुमक्खियां से बच पाया। हालांकि तब तक मधुमक्खियां दोनों पर हमला कर चुकी थी। कुछ समय बाद दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। डॉ. अमरेश कुमार ने बताया कि मधुमक्खियां के हमले से घायल हुए दोनों मरीज को भर्ती कर उपचार के बाद छुट्टी दे दी।


मधुमक्खियों के हमले से घायल

## खबरें एक नजर में

### कार व टेंपों की भिड़ंत में पांच घायल


अस्पताल में भर्ती घायल मौजूद परिजन

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। सवारी लेकर जा रहे टेम्पो में तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे 5 लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। मोहम्मदाबाद थाना के गाँव नगला सुभान खाँ निवासी टेम्पो चालक मंयक अपने गाँव के सरवन पुत्र ओमकार, किरन पत्नी विकास व कल्पना और वन्दना को अपने टेम्पों में बैठालकर खरबूजा बेंचने कायमगंज मण्डी समिति आया था। उसके बाद वह टेम्पों लेकर गाँव नरैनामऊ पुल के नगला में पहुंचकर गाँव के लोगों को टेम्पों में बैठाल कर वापस घर के लिए लौट रहा था। जैसे ही वह गॉव मीरपुर छाया ग्रह के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही फोर वीलर ने टेम्पो में टक्कर मार दी। जिसमें बैठे टेम्पो चालक सहित 5 लोग घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से सभी घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उपचार जारी है।

### मार्ग दुर्घटना में दुकानदार घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नवाबगंज में सड़क दुर्घटना में दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकीपुर से दुकान बंद कर घर लौट रहे दुकानदार की बाइक को पीछे से आ रही एक अन्य बाइक ने टक्कर मार दी। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। नगर पंचायत के मोहल्ला द्रौपदी नगर निवासी 48 वर्षीय सुशील कुमार पुत्र सुरेशचंद जानकीपुर में खाद की दुकान चलाते हैं। मंगलवार शाम लगभग 8 बजे वे अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे। रास्ते में गांव बबुरारा स्थित पंडित रामलखन स्कूल के सामने, नगला दमू निवासी आदित्य पुत्र रंजीत ने अपनी बाइक से सुशील कुमार की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुशील कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत उनके परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने घायल सुशील कुमार को कस्बे के एक निजी चिकित्सक के पास भर्ती कराया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया। वर्तमान में सुशील कुमार का इलाज राम मनोहर लोहिया अस्पताल में चल रहा है।

### आख्या प्रस्तुत न करने पर कमालगंज थानाध्यक्ष को नोटिस जारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। न्यायालय में आख्या प्रस्तुत न करने के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/अपर सिविल जज (सीडी) श्वेता तिवारी ने कमालगंज थानाध्यक्ष को नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। बरजोर सिंह बनाम विवेक आदि में न्यायालय द्वारा धारा 173 (4) बी0एन0एस0 के अंतर्गत आख्या प्रस्तुत करने हेतु आपको निर्देशित किया गया था किंतु आपके द्वारा कोई आख्या अभी तक प्रस्तुत नहीं की गयी है जो कि अत्यंत आपत्तिजनक है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि आप न्यायालय के कार्य के प्रति लापरवाह एवं उदासीन है। अत: आपको यह नोटिस इस निर्देश के साथ निर्गत किया जा रहा है कि नोटिस के संबंध में 3 दिन के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रेषित करें, आपके द्वारा आदेश का अनुपालन क्यों नहीं किया गया। पैरोकार नोटिस अविलंब थानाध्यक्ष को अनुपालन हेतु प्राप्त कराना सुनिश्चित करे और इसकी आख्या से न्यायालय को अवगत कराए।

# घायल डीजे संचालक की उपचार के दौरान मौत

संकिसा, समृद्धि न्यूज।

दो मई की शाम संकिसा नगर पंचायत के वार्ड अवंतीवाई नगर स्थित एक गेस्ट हाउस के सामने संकिसा मोहम्दाबाद रोड पर डीजे संचालक राजीव कुमार सक्सेना उम्र 25 वर्ष पुत्र स्व लालाराम सक्सेना निवासी ग्राम पहरापुर थाना मेरापुर को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए थे।

परिजन पहले उन्हें फर्रुखाबाद के एक नर्सिंग होम इलाज हेतु ले गए। बाद में फायदा न होने पर राजीव को पंजाब के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां गुरुवार 14 मई को उनकी मौत हो गई तो परिजन उनका शव लेकर गांव पहरापुर देर रात आए तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्राम प्रधान शैलेन्द्र कुमार कश्यप ने बताया कि मृतक राजीव के बड़े भाई की सूचना पर मेरापुर पुलिस ने शव का पंचनामा आदि की कार्यवाही कर पीएम हेतु फतेहगढ़ भेजा। मां कृष्णा देवी पत्नी कामिनी आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक का एक वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। पिता की पूर्व में ही मौत हो चुकी है।


मृतक का फाइल फोटो

## ट्रक चालक पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। ट्रक की टक्कर से छात्रा की मौत हो गयी थी। इस मामले में पिता ने ट्रक चालक के विरुद्ध मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव मझोला निवासी नेत्रपाल पुत्र सुग्रीव ने पुलिस को तहरीर में कहा है कि 14 मई को मेरी पुत्री हिमान्शी कायमगंज से दवा लेकर साईकिल से अपने घर आ रही थी, जैसे ही कायमगंज फाटक से पहले देशी शराब ठेके के पास पहुची, तभी डपर स0 यूपी 82एटी/ 5751 के लदे ओवर लोड ट्रक के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए मेरी पुत्री हिमांशी के जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# प्रधानाध्यापक द्वारा गौरनपूर्वा गोपालपुर के कं.वि. में बच्चों से कराया जाता है काम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विकास खण्ड राजेपुर के गौरनपूर्वा स्थित कम्पोजिट विद्यालय गोपालपुर के प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों से कार्य कराया जाता है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से की है। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों से राशन ढुलवाया जाता है, ईंट की साफ-सफाई भी करायी जाती है और ईंटे भी बिछवाई जाती है।

मासूम एवं अबोध बच्चों का समय शिक्षा के बजाय ऐसे कामों में व्यतीत कराया जाता है। प्रदेश सरकार बाल श्रम के विरुद्ध कानून बना रही है। अध्यापक उन कानूनों की सरेआम धज्जिया उड़ा रहा है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीण अवधेश, धीरज, रीना, सुभाष, धर्मेन्द्र, सलोनी, वेदराम, रानी, आदेश, रामलखन, रामराज, नारद, अशोक, पिन्टू, लज्जाराम, महेन्द्री, रामवरन, अरविन्द कुमार, रामनाथ, कन्हैया, रामऔतार, रामप्रताप आदि ने हस्ताक्षर कर प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।


स्कूल में काम करते बच्चे

# सिपाही को पीटने वाले तीन आरोपी गये जेल, बाकी की तलाश जारी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

सिगरेट फेंकने विवाद में सिपाही को पीटने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों का चालान कर दिया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र की बरतल वाली गली में बुधवार रात 9:30 बजे एक युवक गली में खड़ा होकर सिगरेट पी रहा था। इसी दौरान यूपी 112 पुलिस की पीआरवी 5598 पर तैनात सिपाही विलसन अपने एक साथी के साथ बाइक से गली से गुजरा। युवक ने जानबूझकर जलती हुई सिगरेट सिपाही विलसन के ऊपर फेंक दी। जो सिपाही के गाल पर लगी। सिपाही विलसन के विरोध करने पर युवक गाली-गलौज करने लगा। जिसपर सिपाही ने युवक को थप्पड़ मार दिया। जिससे गुस्साए युवक के परिजन सिपाही विलसन को पीटने लगे। विलसन जान बचाकर भागा, लेकिन भीड़ ने उसे गली में दौड़ा-दौड़ा कर बुरी तरह पीटा। सिपाही ने बचाव के लिए पास के एक घर में शरण ली, लेकिन भीड़ ने विलसन को घर से बाहर खींच लिया और उसे बेरहमी से पीटा। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल सिपाही को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर उसका मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस ने सिपाही विलसन की तहरीर पर जान से मारने की नीयत से गला दबाने व उसके मित्र शिवेंद्र गुप्ता को गाली-गलौज कर मारपीट करने व जानमाल की धमकी देने आदि धाराओं में बरतल निवासी अभिषेक, अजय पाल, नन्हे सिंह, रतन सिंह, कौशल, गौरव, संजय, बीरसिंह, उसकी पत्नी लक्ष्मी, कन्हैया लाल, अनूप समेत 4-5 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने सिपाही को पीटने के आरोपी नन्हे सिंह, बीरसिंह, कन्हैया लाल को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# दूल्हे को मिर्गी का दौरा पड़ने से दुल्हन ने शादी करने से किया इनकार

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

एकगेस्ट हाउस में शादी के भांवर के दौरान दूल्हे को मिर्गी का दौरा पड़ गया। यह घटना देख दुल्हन ने विवाह से इनकार कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ और दूल्हा बिना दुल्हन के ही बारात लेकर वापस लौट गया।

यह घटना बीते दिन की है। जब इटावा के जसवंत नगर से बारात नवाबगंज पहुंची थी। द्वारचार और भोजन के बाद जयमाल का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सुबह जब भांवर की रस्में चल रही थीं, तभी दूल्हे को अचानक मिर्गी का दौरा आ गया। दूल्हे को दौरा पड़ते देख वर और कन्या पक्ष दोनों में हड़कंप मच गया। दुल्हन ने दूल्हे की हालत देखकर शादी करने से साफ इनकार कर दिया। परिवार वालों ने उसे समझाने की बहुत कोशिश की, लेकिन वह अपने फैसले पर अडिग रही। दुल्हन के इनकार के बाद, दोनों परिवारों ने बैठकर आपस में समझौता कर लिया। दोपहर बाद यह समझौता हुआ, जिसके बाद दूल्हा अपनी बारात लेकर जसवंत नगर, इटावा वापस चला गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि उन्हें ऐसी किसी घटना की कोई जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें इस मामले की जानकारी मिलती है, तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## स्व-गणना अभियान के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर के निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना के प्रथम चरण से पूर्व संचालित स्व-गणना अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त मीडिया कर्मियों हेतु एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संचालन जिला सूचना अधिकारी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समस्त मीडिया प्रतिनिधियों को जनगणना के अंतर्गत संचालित स्व-गणना प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा जनगणना-2027 के प्रथम चरण से पूर्व स्व-गणना अभियान 07 मई से 21 मई तक संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। उपस्थित मीडिया कर्मियों को स्व-गणना पोर्टल पर ऑनलाइन स्व-गणना की प्रक्रिया का प्रदर्शन करते हुए स्व-गणना कराई गई। अधिकारियों द्वारा पोर्टल पर उपलब्ध सुविधाओं, आवश्यक दस्तावेजों तथा स्व-गणना की चरणबद्ध प्रक्रिया की जानकारी भी साझा की गई। जिला सूचना एवं सम्पर्क अधिकारी द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों से अपेक्षा की गई कि वे जनसामान्य को स्व-गणना के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने में सहयोग प्रदान करें, ताकि जनगणना प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित मीडिया कर्मियों ने स्व-गणना अभियान की सराहना करते हुए इसे जनसहभागिता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

# खराब प्रगति पर एमओआईसी नौलखा का एक दिन का रोका वेतन

- एमओआईसी कायमगंज व कई कर्मचारियों को नोटिस जारी
- डीएम ने जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की ली मासिक बैठक


बैठक लेती डीएम मौजूद अधिकारीगण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की ए.एन.सी. जांच की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जनपद की सभी गर्भवती महिलाओं की समयबद्ध ए.एन.सी. जांच सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने जनपद में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एच.आर.पी.) के कम चिन्हीकरण पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि सभी एच.आर.पी. महिलाओं की पहचान कर उन्हें समय पर समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाए। डीएम ने यह भी जानकारी प्राप्त की कि कितनी एच.आर.पी. महिलाओं को आयरन सुक्रोज दिया गया है तथा सभी एम.ओ.आई.सी. को निर्देशित किया कि गंभीर एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं का समय से निदान कर उपचार सुनिश्चित करें। डीएम ने जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत सी.एम. डैशबोर्ड पर डी रैंक प्राप्त होने तथा केवल 40 प्रतिशत भुगतान होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए व्यवस्था में त्वरित सुधार के निर्देश दिए। हीटवेव की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने सभी पी.एच.सी. एवं सी.एच.सी. पर पंखे, कूलर, ए.सी. एवं वाटर कूलर को क्रियाशील रखने, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा ओ.आर.एस. की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी एम.ओ.आई.सी. को निर्देशित किया कि तीन दिवस के भीतर सभी आशा कार्यकर्ताओं की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आई.डी. बनवाना सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में 18,639 बच्चों का चिन्हीकरण किया गया है। जिलाधिकारी ने 102 एम्बुलेंस सेवा की सी.एम. डैशबोर्ड पर 55वीं रैंक आने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एम्बुलेंस सेवा का रिस्पॉन्स टाइम कम करने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रस्तुत एच.आर. निविदा एवं वाहन निविदा के समय विस्तार संबंधी प्रस्ताव को जिलाधिकारी द्वारा निरस्त कर दिया गया तथा निर्देश दिए गए कि नई निविदाएं पुनः आमंत्रित की जाएं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों के नवीनीकरण एवं वेतन वृद्धि संबंधी प्रस्ताव को स्थगित करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कर्मचारियों के कार्य प्रदर्शन का मूल्यांकन कर उसी के आधार पर नवीनीकरण एवं वेतन वृद्धि की कार्यवाही की जाए। वहीं रीजेंट क्रय संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। आर.आई. कार्यक्रम में खराब प्रगति पाए जाने पर एम.ओ.आई.सी. कायमगंज को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा एम.ओ.आई.सी. नौलखा का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने यू-विन पोर्टल पर टीकाकरण संबंधी डाटा समय से अपलोड करने, सभी नवजात बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने तथा 0 से 9 माह तक के बच्चों का डाटा अपलोड करने में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में विधिक सेवा दिवस का हुआ आयोजन



कार्यक्रम में मौजूद न्यायिक अधिकारी व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्मिशन शक्ति कार्यक्रम एवं विधिक सेवा दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विधिक सेवाओं, अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं धन्वंतरि वंदना के साथ हुआ। मुख्य अतिथियों का मंच पर स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्या, उप-प्राचार्य एवं विभिन्न शिक्षकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुकेश विश्वकर्मा ने किया। मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव बिंदिया भटनागर रहीं। कार्यक्रम में वक्ताओं के रूप में पूर्व अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन जवाहर सिंह गंगवार, चीफलीगल एंड डिफेंस काउंसिल शिव नरेश सिंह, डिप्टी चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सुरेंद्र कुमार, असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सीता सिंह, असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल प्रशांत गुप्ता तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रशासनिक अधिकारी राम सिंह मौर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वयन जिला बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव देवेंद्र सिंह यादव द्वारा किया गया। जवाहर सिंह गंगवार ने विधिक सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने न्याय व्यवस्था पर बढ़ते मुकदमों के भार के बारे में बताते हुए कहा कि यदि लोग विधिक सेवा केंद्रों का अधिक से अधिक उपयोग करें तो अनेक मामलों का निस्तारण बिना लंबी कानूनी प्रक्रिया के किया जा सकता है। इससे लोगों का समय एवं धन दोनों की बचत होगी। मुख्य लीगल एंड डिफेंस काउंसिल शिव नरेश सिंह ने जिला कारागार में दी जाने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जाति, लिंग एवं आयु के भेदभाव के बिना सभी को विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों की सहायता, डिजिटल अरेस्ट तथा साइबर अपराध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से जानकारी प्रदान की। बिंदिया भटनागर ने समाज में कानूनी कर्तव्यों एवं उनके महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने श्मिशन शक्ति कार्यक्रम की उपयोगिता बताते हुए महिला सशक्तिकरण को समाज की आवश्यकता बताया। उन्होंने सभी से कानूनों का दुरुपयोग न करने तथा एक जिम्मेदार नागरिक एवं चिकित्सा पेशेवर के रूप में समाज के उत्थान में योगदान देने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों की भी जानकारी होना आवश्यक है। मुख्य अतिथियों एवं वक्ताओं को शॉल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। उप प्राचार्या डॉ नीतूश्री ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सभी मुख्य अतिथियों एवं वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया। जिससे विद्यार्थियों एवं समाज में कानून एवं व्यवस्था के प्रति जागरूकता बढ़ सके। उन्होंने निदेशक, चेयरमैन, प्राचार्या, सभी शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों, तकनीकी स्टाफ तथा विद्यार्थियों का कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## डिप्टी आरएमओ रोली सिंह ने गेहूं खरीद केंद्र का किया निरीक्षण


निरीक्षण करती डिप्टी आरएमओ रोली सिंह

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नवीन मंडी समिति में डिप्टी आरएमओ रोली सिंह और पुरुषोत्तम दास क्षेत्रीय विपणन अधिकारी का जनपद आगमन हुआ। सरकारी खरीद का निरीक्षण करते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश मार्केटिंग इंस्पेक्टर को दिए। उन्होंने गेहूं के रखरखाव एवं खरीद की आवक का निरीक्षण किया। पूर्व में जिलाधिकारी ने भी गेहूं भीगने के संबंध में मार्केटिंग इंस्पेक्टर को प्रतिकूल प्रविष्टि दी थी। इस संक्षेप में इन अधिकारियों का दौरा हुआ। वहीं भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय मंत्री/जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री, जिला मंत्री नीरज राठौर, जिला संगठन मंत्री पिंटू कौशल आदि लोग उपस्थित थे। डिप्टी आरएमओ रोली सिंह के साथ, मंडी सचिव शैलेंद्र कुमार वर्मा, सीनियर मार्केट मार्केटिंग गल्ला इंस्पेक्टर जितेंद्र, जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री सहित टीन सेट की व्यवस्था को देखा गया। खरीद का गेहूं वहां पर रखने का, एवं जो दुकाने खाली पड़ी हुई है उनके टीन मे भी सरकारी गेहूं को रखा जाएगा।

## पीडीए कोई नारा नहीं बल्कि आंदोलन है: डॉ. जेपी वर्मा


पीडीए कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के नेता एवं जिला कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ0 जेपी वर्मा ने भोजपुर विधानसभा के बझेरा मलिक पट्टी, कतरौली पट्टी, खेरे नगला, तलैया नगला, पैगूपुर, ककरिया आदि गांव में पीडीए जन जागरण एवं सदस्यता अभियान के अंतर्गत जनसंपर्क किया।

जिला प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया कि उन्होंने वर्तमान भाजपा सरकार पर हमलावर होते हुए कहा यह सरकार किसी भी वर्ग के लिए हित में नहीं है, जहां किसान आज अपनी उपज का वाजिब मूल्य नहीं पाने से परेशान है। वहीं युवा वर्ग इस सरकार की पेपर लीक पॉलिसी से तंग आ चुका है।

कई प्रतिभाशाली होनहार छात्रों ने तो आत्महत्या तक कर ली है। आज समाज के हर वर्ग में निराशा है, सरकार अपने उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचाने में लगी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो पीडीए का नारा दिया है वो सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि अब एक आंदोलन का आकार ले चुका है और यह आंदोलन आंधी बनकर आने वाले 2027 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अहंकार का पतन करेगा। इस दौरान लाल सिंह लोधी, लालाराम वर्मा, राकेश दुबे, हरपाल सिंह बाथम, जब्बर सिंह कठेरिया, कमलेश कठेरिया, अखिलेश सक्सेना, विपिन राजपूत, अतुल सिंह राजपूत, गौरव राजपूत, मुन्नालाल बाथम, विश्राम सिंह राजपूत, हरिदास लोधी मौजूद रहे।


शपथ ग्रहण के दौरान मौजूद विधायक व सभासद

## नगर पंचायत नवाबगंज में मनोनीत सभासदों को दिलायी गई शपथ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत नवाबगंज कार्यालय में शासन द्वारा मनोनीत किए गए तीन सभासद बलवीर कठेरिया, पिंकी भारद्वाज, संजीव गुप्ता को एसडीएम अतुल कुमार सिंह ने शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण समारोह में अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत, उप जिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह मौजूद रहे। पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार, मंडल महामंत्री देशराज शाक्य, सभासद शिवमंगल सिंह, ललित श्रीवास्तव, भूपेंद्र शाक्य, अरविंद सिंह राजपूत, अरविंद पाल एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## महिला आरक्षण को लेकर व्यापारियों ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार संगठन के व्यापारियों ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के समर्थन में राज्यपाल संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम को सौंपा। 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने की मांग की। उप्र उद्योग व्यापार संगठन ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में एकजुट होकर प्रदर्शन किया।

संगठन के आवाह्न पर व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर जिलाअध्यक्ष सुबोध गुप्ता मंसाराम के नेतृत्व में जिला व नगर कमेटियों के मुख्य पदाधिकारियों ने एकता का परिचय देते हुए महिला आरक्षण बिल के समर्थन में नारे लगाए। इस दौरान विरोध करने वाले विपक्षी दलों के प्रति नाराजगी भी व्यक्त की गई। जिलाध्यक्ष सुबोध गुप्ता मंसाराम ने कहा कि सशक्त नारी से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

उन्होंने जोर दिया कि महिला सशक्तिकरण किसी एक वर्ग का नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के विकास का आधार है।

सुबोध गुप्ता ने केंद्र और राज्य सरकार से नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग की। इसका उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। इस मौके पर प्रमोद वर्मा, अनुराग कौशल, हिमांशु शर्मा, नरेश शर्मा, महेश वर्मा, अजय गुप्ता, शिवमंगल कौशल, विपिन गुप्ता, रचित अग्रवाल, शरद कुमार, नरेश बाथम, निशांत गुप्ता, सरवन कौशल, मनोज गुप्ता, गौरव अग्रवाल, ओमी अरोड़ा, श्याम गुप्ता, शिवम वर्मा, मुकेश गुप्ता, अनूप गुप्ता, रामू शर्मा, भानु प्रताप सिंह, प्रभात अग्रवाल, अनुज गुप्ता उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर की साफ-सफाई की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में व्याप्त गंदगी एवं कूड़े के ढेरों की साफ-सफाई हेतु जिलाधिकारी संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने मांग की कि कलेक्ट्रेट परिसर में गंदगी व्याप्त है। जगह-जगह कचरे के बड़े-बड़े ढेर जमा है। नियमित सफाई नहीं हो रही है। इस भीषण गर्मी में कूड़े के ढेर से बदबू आती है, और मच्छरों का प्रकोप बना रहता है। अधिवक्ता व वादकारी एवं कर्मचारी के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। प्रशासन का मुख्य केंद्र कलेक्ट्रेट परिसर को स्वच्छ वातावरण बनाये रखने की मांग है। कूड़े के ढेरों में जमा प्लास्टिक दूषित कचरा, आवारा गाय व अन्य पशु परिसर में आ जाते है, जिससे गंभीर संक्रमित बीमारी होने का खतरा है। ऐसे में कचहरी परिसर को साफ सफाई शीघ्र कराये जाने की मांग की है। ज्ञापन देने के दौरान अधिवक्ता शिवेन्द्र मोहन मिश्रा, राजेश पाठक, सत्येन्द्र कुमार दुबे, संदीप कुमार, धीरेन्द्र मिश्रा, अमित कुमार, सुनील कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### पीड़ित परिवार को नहीं मिला न्याय तो लोधी समाज करेगा आंदोलन

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** चाचूपुर में हुई दर्दनाक घटना और उसके बाद भड़के बवाल को लेकर अब माहौल और गर्म हो गया है। लोधी समाज के प्रतिनिधि एवं समाजसेवी रामू राजपूत ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि निष्पक्ष जांच न हुई और निर्दोष लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तो समाज शांत नहीं रहेगा और उग्र आंदोलन और हाइवे जाम करेंगे। मृतक बृजेश की मौत अपने आप में एक बड़ा सवाल है, लेकिन उससे भी बड़ा सवाल यह है कि आखिर हालात इतने बिगड़े कैसे कि पुलिस और ग्रामीणों के बीच पथराव की नौबत आ गई। उन्होंने आरोप लगाया कि मृतक के परिजनों की मांग थी कि पहले एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराई जाए, लेकिन राजेपुर थाना पुलिस ने इस दिशा में संवेदनशीलता नहीं दिखाई और असली गुनहगारों को बचाने का काम कर रही है। वहीं निर्दोष लोगों को पकड़कर जेल भेज रही है। लोधी समाज ने साफकर दिया है कि यदि निर्दोष लोगों को परेशान किया गया तो चाचूपुर-इटावा-बरेली हाईवे जाम किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। चाचूपुर में देसी शराब के ठेके को लेकर शुरू हुआ विवाद अब बड़े जनाक्रोश में बदल चुका है। मृतक बृजेश को लेकर ग्रामीणों में अभी भी गुस्सा है और लोग न्याय की मांग पर अड़े हुए हैं।

### महिला आरोग्य समिति की सदस्य डायरिया नियंत्रण में निभाएंगी भूमिका


बैठक में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आगामी 16 जून से शुरू होने वाले डायरिया रोको अभियान को सफल बनाने के लिए अभी से विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। शुक्रवार को डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत शहर के मोहल्ला कूंचा भवानी दास में नगरीय स्वास्थ्य केंद्र रकाबगंज की चिकित्साधिकारी डॉ. शोभा सक्सेना की अध्यक्षता में महिला आरोग्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने समिति की सदस्यों से डायरिया नियंत्रण अभियान को सफल बनाने की अपील के साथ ही बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने के जरूरी टिप्स भी दिए। डायरिया ग्रसित दो बच्चों को देखा गया और उनको ओआरएस और जिंक निर्धारित मात्रा में देते हुए उसके प्रयोग के बारे में भी विस्तार से जानकारी भी दी गयी। बैठक में उपस्थित लोगों को टीकाकरण, आयुष्मान भारत योजना, परिवार नियोजन के साधनों के उपयोग व अन्य स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। डॉ. शोभा ने कहा कि बच्चों की सही देखभाल के साथ स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखा जाए, ताकि बच्चे डायरिया समेत अन्य संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित बने रहें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 सर्वेश यादव ने बताया कि आगामी 16 जून से चलने वाले डायरिया रोको अभियान को सफल बनाने के लिए और बच्चों को डायरिया जैसे जानलेवा रोग से बचाने के लिए जनसामान्य का भी सहयोग लिया जाएगा। बैठक के दौरान अनुपम मिश्र, एएनएम योगेंद्रवती, महिला आरोग्य समिति की अध्यक्ष कोमल, आशा पारुल सहित लोग मौजूद रहे।

## किसानों के मसीहा स्व. महेंद्र सिंह टिकैत को पुण्यतिथि पर किया याद


पुण्यतिथि कार्यक्रम में मौजूद किसान नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

किसानों के मसीहा स्व0 चौ0 महेंद्र सिंह टिकैत की 15वीं पुण्यतिथि जिला कार्यालय नेकपुर चौरासी पर किसानों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीपक जलाकर उन्हें याद किया। जिला संरक्षक छविनाथ शाक्य ने कहा कि आज के युवाओ को बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के पदचिन्हों पर चलना चाहिए और उनके उद्देश्यों को घर घर पहुंचना चाहिए। प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य एवं कानपुर मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी शंकर जोशी ने कहा कि जो किसान बाबा महेंद्र सिंह टिकैत को सच्ची श्रद्धांजलि देना चाहते है तो संगठन में ज्यादा से ज्यादा किसानों की हिस्सेदारी बढ़ाए। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने आज तक जो भी लड़ाईयां लड़ी है वही जीती है। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि सबसे पहले हम बाबा महेंद्र सिंह टिकैत को नमन करते है और अब इस जनपद का किसान भी जाग गया है और वह अपना अधिकार लेना सीख गया है, अब कोई भी सरकार किसान का उत्पीड़न नहीं कर सकती है, क्योंकि यह सब बाबा टिकैत ने ही करवाया है। उन्होंने कहा कि हम लिंक एक्सप्रेसवे पर लड़े और बहुत ही अच्छा रिज़ल्ट रहा। संचालन गोपी शाक्य ने किया। अध्यक्षता सुशील दीक्षित ने की। इस अवसर पर अफरोज मंसूरी, कृष्ण गोपाल मिश्रा, ब्रजेश गंगवार, संजीव सोमवंशी, अभय यादव, अरविंद गंगवार, अनुज राजपूत, पुजारी कटियार, सुग्रीव पाल, बिजनेश यादव, गुड्डू यादव, दिनेश सिंह, कश्मीर गंगवार, सोनू सोमवंशी, रामप्रकाश पाल, टिंकू यादव, सतीश कठेरिया, राजू सिंह, अजीत सोमवंशी उपस्थित रहे।

## आपातकालीन स्थिति के बारे में ग्रामीणों को किया गया जागरुक


ग्रामीणों को जागरुक करते अग्निशनम अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में अग्निशमन एवं आपात सेवा फतेहगढ़ विभाग द्वारा अग्नि सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान अग्निशमन एवं आपात सेवा प्रभारी प्रांशु अवस्थी ने ग्रामीणों को आग लगने के कारणों, बचाव के उपायों तथा आपातकालीन स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग एवं समय रहते सूचना देने के महत्व के बारे में भी बताया गया।

## नोशनल वेतन वृद्धि की गायब फाइलों की जानकारी देने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद के जिला संयोजक विजय बहादुर यादव की अध्यक्षता में पूर्व शिक्षकों की समस्याओं को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। संचालन बलवीर सिंह यादव ने किया। सेवानिवृत्त शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में मांग की गई कि अध्यापकों की सेवा पुस्तिकायें प्राप्त करायी जाये। जिस स्तर से गायब हुई है उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाये। नोशन वेतन वृद्धि लगाये जाने के आदेश किये जाये। पूर्व में भी अवगत कराया गया कि कानपुर भेजी गई फाइलों की जानकारी दी जाये। जिससे कानपुर कोषागार में सम्पर्क किया जाये। नोशनल वृद्धि की समस्या का निदान हो सके। ऐसे में संगठन मांग करता है कि शिक्षकों के सम्मान की लड़ाई के लिए धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त शिक्षक मौजूद रहे।


बैठक को संबोधित करते विजय बहादुर यादव

## किसानों ने आलू दागी होने के कारण औने-पौने दामों में बेचा


मण्डी में पड़ा दागी आलू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सातनपुर आलू मण्डी में शुक्रवार को दागी आलू 101 रुपये से 251 रुपये में बिका। डंप किया गया आलू दागी होने लगा। सामान्य हाईब्रिड 251 रुपये से 351 रुपये, वहीं सिल्चर क्वालिटी का सुपर आलू 471 रुपये प्रति कुंतल बिका। शुक्रवार को मण्डी में लगभग 50 मोटर की आमद रही। आलू दागी होने के कारण सस्ते दामों में बिका। वहीं दागी होने से आलू सड़ने लगा। जिससे मण्डी में दुर्गंध भी सड़े आलू की आने लगी। सफाई व्यवस्था पर ध्यान न दिये जाने पर आलू आढ़ती नाराज दिखे। उन्होंने मण्डी सचिव से मांग की कि मण्डी में सड़ा आलू बदबू मार रहा है। जिसकी सफाई करायी जाये। इन दिनों मण्डी में आलू की आमद का आखिरी महीना है। जून शुरु होते ही आलू की आमद बंद हो जाती है। इस बार आलू मण्डी में लेट आने के कारण आमद अब भी जारी है। आलू किसान आज भी परेशान है, क्योंकि अच्छे भाव मिल पाने के कारण आलू को डंप किये था। ज्यादा गर्मी पड़ने से आलू दागी हो गया और भाव में एकदम गिरावट आ गयी। किसानों ने अपना सड़ता हुआ आलू देख औने-पौने दामों में बेंचकर राहत की सांस ली। ऐसे में दागी आलू की बिक्री सुस्त रही।

### अवैध फीस वसूली के खिलाफ भाकियू ने डीएम से की शिकायत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन अखण्ड प्रदेश ने जिलाधिकारी संबोधित ज्ञापन सौंपकर कायमगंज के कन्या विद्या पीठ इंटर कालेज एवं आदर्श इंटर कालेज पितौरा में फीस वसूली, भ्रष्टाचार, उत्पीड़न की जांच कराने की मांग की है। भाकियू नेताओं ने डीएम से शिकायत कर मांग की है कि विद्यालय में फीस वूसली, भ्रष्टाचार व पुस्तकों को जबरन बेंचना है। पिछली बार तत्कालीन डीएम के आदेश पर तीन सदस्यीय टीम ने जांच की थी, अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। ऐसे में छात्र-छात्राओं का हनन हो रहा है। यूनियन जिला महासचिव गिरीश चन्द्र का निधन हो चुका है। उन्होंने आंदोलन किया था। पूर्व प्रधानाचार्य द्वारा मानसिक उत्पीड़न किया गया था। शैक्षिक गुणवत्ता सुधारी जाये और ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। जिससे छात्र-छात्राओं का उत्पीड़न बंद हो। सात दिन के अंदर अगर कोई कार्यवाही नहीं की गई तो धरना प्रदर्शन किया जायेगा। राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राजेश दीक्षित बबलू व प्रदेश अध्यक्ष नरेश सोमवंशी आदि ने कार्यवाही की मांग की है।

## सीपी विद्या निकेतन में स्विमिंग की जोनल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



विजेता छात्र मौजूद विद्यालय स्टाफ

सीपी विद्या निकेतन में स्विमिंग की जोनल स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतिभाग करने वाले विद्यालय में सीपी विद्या निकेतन कायमगंज, हर्टमन कॉलेज बरेली, एलपीएस स्कूल लखीमपुर खीरी ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सऊद हसन खान, आदित्य राठौर, पल्लवी मिश्रा एवं राघवेंद्र सिंह ने विद्यालय की तरफसे खेल शिक्षकों के रूप में अपने दायित्वों का भली भांति निर्वहन किया। कार्यक्रम की कंपेरिंग हरीश पचौरी ने की एवं समस्त दर्शकों को विभिन्न सेगमेंट्स की अलग अलग इवेंट्स की जानकारी दी। प्रतियोगिता के विभिन्न मुकाबले प्रारंभ हुए। जिनमें खिलाड़ियों ने अनुशासन, खेल भावना एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए पूरे आयोजन को जीवंत बना दिया। 50 मीटर फ्री स्टाइल बॉयज, 50 मीटर फ्री स्टाइल गर्ल्स,100 मीटर फ्री स्टाइल बॉयज, 100 मीटर फ्री स्टाइल गर्ल्स, 50 मीटर बैक स्ट्रोक गर्ल्स, 50 मीटर बैक स्ट्रोक बॉयज, 200 मीटर बैक स्ट्रोक बॉयज, 50 एवं 100 मीटर ब्रैस्ट स्ट्रोक, 200 एवं 400 मीटर रिले बॉयज, 200 एवं 400 मीटर रिले गर्ल्स अलग-अलग सेगामेंट्स में अलग-अलग खिलाडी विजेता हुए जो की रीजनल्स में प्रतिभाग करने जायेंगे। प्रतियोगिता के अंत में विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य आरके बाजपेई ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों में आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास होता है।

## संगठनात्मक क्षमता नेतृत्व विकास और विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध: रामशंकर कठेरिया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग पांचाल घाट स्थित नारायण आश्रम में शुरू हुआ। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में शुरु हुआ। उद्घाटन सत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री रामशंकर कठेरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अन्य सत्रों में पूर्व मंत्री अर्चना पांडे, महिला कल्याण निगम अध्यक्ष कमलावती सिंह ने वक्ताओं के रूप में संबोधन दिया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री राम शंकर कठेरिया ने कहा पार्टी द्वारा जिला प्रशिक्षण वर्ग में अपेक्षित कार्यकर्ताओं में संगठनात्मक क्षमता नेतृत्व विकास और विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करना मुख्य उद्देश्य होता है। भाजपा का संगठन एक ऐसा राष्ट्रवादी संगठन है जो राजनीतिक क्षेत्र में उतरकर जन सेवा को अपना माध्यम बनाकर समाज में समान विचारधारा को जन-जन तक पहुंचना है, जनसंघ से शुरू होकर 1980 में भारतीय जनता पार्टी के रूप में एक राजनीतिक दल की स्थापना हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 वर्ष तक स्वर्ण आभूषणों की खरीद को रोकने एवं पेट्रोल और डीजल का उपयोग कम करने के लिए आवाह्न किया, लेकिन कुछ राजनीतिक दल के लोग जनता को भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का हर फैसला देश हित के लिए होता है। दूसरे सत्र में पूर्व मंत्री अर्चना पांडे ने कहा नए कार्यकर्ताओं में नेतृत्व क्षमता को निखारने के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित होते हैं।



प्रशिक्षण वर्ग में मौजूद मंचासीन अतिथि

इससे संगठन की विचारधारा कार्य पद्धति और जिम्मेदारियां के प्रति कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाता है। पार्टी संगठन का संगठन तभी मजबूत होगा, जब उसका कार्यकर्ता अनुशासित होगा। प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं में राष्ट्र हित के प्रति समर्पण और सेवा का भाव भी विकसित होता है। तीसरे में महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह ने कहा भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। भारत में सबसे ज्यादा कार्यकर्ता भाजपा संगठन के पास है, लेकिन हर कार्यकर्ता संगठन की नीति रीति को जाने इसके लिए प्रशिक्षण वर्ग एक माध्यम होता है। संगठन के माध्यम से कार्यकर्ता जन सेवा का कार्य करें। पूर्व जिला अध्यक्ष कन्नौज नरेंद्र राजपूत ने कहा 2014 से पहले का भारत और वर्तमान के भारत में बहुत अंतर हो गया है। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में अपेक्षित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति को क्षेत्रीय व प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा। उद्घाटन सत्र से पूर्व प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। जनपद के 1980 से सभी पूर्व जिला अध्यक्षों की जानकारी को प्रदर्शित किया गया है। 250 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। संचालन अमरदीप दीक्षित ने किया। इस अवसर पर अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौड़, सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, कुलदीप गंगवार, विमल कटियार, सत्यपाल सिंह, दिनेश कटियार, डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, रूपेश गुप्ता, भास्कर दत्त द्विवेदी, अनुराधा दुबे, पुष्पराज सिंह, अनिल राजपूत, पल्लव सोमवंशी, हिमांशु गुप्ता, गोपाल राठौर, अनुराग दुबे, रश्मि दुबे, अशनील दिवाकर, जितेंद्र सिंह, डीएस राठौर, वीरेंद्र सिंह राठौड़, बबीता पाठक, ममता सक्सेना, मीरा सिंह, किरण सिंह, प्रतिभा राजपूत, संदेश राजपूत, अभिषेक बाजपेई, सुशील राजपूत, रजनीश मिश्रा, शिवांग रस्तोगी, तरुण महेश्वरी, कृष्ण मुरारी राजपूत, सील चंद्र राजपूत, प्रभात अवस्थी, अवनीश शाक्य, कुलदीप दुबे, शिव मोहन सिंह, हिना दवे, सर्वेश कुशवाहा, डॉ0 मीना मिश्रा, श्वेता दुबे, आदित्य मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## एक और जिंदगी को आंखों की रोशनी देकर डॉ. महेन्द्र गुप्ता ने दिया नया जीवन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तमाम लोग ऐसे हैं जो रोशनी में भी दुनिया को देख नहीं सकते, कोई उनको नेत्रहीन, सूरदास, अंधा, कमज्योति वाला या किसी भी दूसरे शब्दों से संबोधित करते हैं। कस्बा कायमगंज के समाजसेवी डॉ. महेंद्र गुप्ता ने ग्राम मिशतनी शिवारा नेमचंद्र पुत्र आलोक को रोशनी देकर नई जिंदगी प्रदान की है। उसकी आंखों की रोशनी चली गई थी। कस्बा कायमगंज निवासी डॉ0 महेंद्र गुप्ता ने अभी तक हजारों लोगों की आंखों की रोशनी वापस लाकर उन्हें नई जिंदगी प्रदान की है। उनकी दुनिया में कितनी खुशियों के रंग भर गए होंगे। जिनकी आंखें चली गई हो इसकी कल्पना करके ही खुशियों का एहसास होता है। कायमगंज की सर जमी पर रोज सूरज निकलता है, लेकिन तमाम लोग ऐसे हैं जो सूरज की रोशनी में भी दुनिया को नहीं देख सकते। उन्हें आप नेत्रहीन, सूरदास, अंधा, कम ज्योती वाला या किसी भी दूसरे शब्दों से संबोधित करते हैं। आपका संबोधन कभी उन्हें आहत करता है और कभी बेचारगी का एहसास कराता है। अंधे लोगों की आंखों में रोशनी भरने का काम कर रहा है जो अपने नाम से नहीं काम से डॉ. महेन्द्र गुप्ता जाने जाते है। उन्होंने हमेशा गरीब बेसहारा की मदद की है।

## खबरें एक नजर में

### रोटरी मंडल 3120 की आधिकारिक बैठक में रो. आशुतोष अग्रवाल का स्वागत



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** रोटरी मंडल 3120 की आधिकारिक बैठक में रो. आशुतोष अग्रवाल के आगमन पर नगर में भव्य स्वागत किया गया। रिलायंस पेट्रोल पंप पर रो. अरविंद गुप्त रामजी, राजीव गुप्ता, अतुल राजपूत एवं पंकज पुरवार ने उनका स्वागत वंदन किया। इसके बाद उन्हें भगवान भोलेनाथ मंदिर में दर्शन कराए गए। कार्यक्रम के अगले चरण में रो. अनुराधा पुरवार के निवास पर बैठक आयोजित की गई, जहां रो. आशुतोष अग्रवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान उन्होंने रोटरी संगठन के संदेशों एवं सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया। इस अवसर पर रो. अरविंद गुप्ता द्वारा उन्हें शाल ओढ़ाकर, स्मृतिचिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं मीनाक्षी अग्रवाल एवं अनुराधा पुरवार ने बुके भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने फूल–मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। बैठक में एजी रो. योगेश कन्नौजिया का भी अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मान किया गया। इस दौरान रोटरी सेंट्रल के भावी अध्यक्ष रो. पंकज पुरवार की उपस्थिति भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में अध्यक्ष रो. अरविंद गुप्त रामजी, सचिव अनुराधा पुरवार, मनोज गोयल, मीनाक्षी अग्रवाल, शिव गोपाल गुप्ता, राजीव गुप्ता, अतुल राजपूत, नीलू भारती, मिली गुप्ता, मंजू भारद्वाज, विवेक वर्मा, योगेश सिंह सहित अनेक गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

### टीसी न मिलने से छात्र का भविष्य अधर में, मां ने बीएसए व जिलाधिकारी से लगाई गुहार

**निघासन खीरी।** निघासन तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोतीपुर गांव निवासी एक महिला ने अपने पुत्र को स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) न दिए जाने के मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। मामले को लेकर अभिभावकों में भी चिंता का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोतीपुर निवासी शीलू वर्मा पत्नी आनंदपाल वर्मा ने अपने पुत्र कार्तिकेय वर्मा उर्फ अथर्व मनार का प्रवेश बेलरायां स्थित सरजू सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु कक्षा में कराया था। छात्र ने विद्यालय में शिशु कक्षा से लेकर कक्षा पांच तक की पढ़ाई पूरी की। परिजनों का कहना है कि विद्यालय की समस्त फीस समय से जमा की गई और विद्यालय द्वारा कक्षा पांच उत्तीर्ण होने का परिणाम भी जारी किया गया। आरोप है कि विद्यालय में आगे की कक्षाएं संचालित न होने के कारण जब अभिभावकों ने दूसरे विद्यालय में प्रवेश के लिए स्थानांतरण प्रमाण पत्र मांगा, तो विद्यालय प्रशासन ने ऑनलाइन त्रुटि का हवाला देते हुए टीसी देने से इंकार कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पर यह आरोप लगाया गया है कि उन्होंने छात्र के ऑनलाइन डाटा में समस्या बताकर प्रमाण पत्र जारी करने में असमर्थता जताई। पीड़ित मां शीलू वर्मा ने पूर्व गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी व जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि विद्यालय की लापरवाही के कारण उनके बच्चे की आगे की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और भविष्य संकट में पड़ गया है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है। अभिभावकों ने मांग की है कि शिक्षा विभाग ऐसे मामलों को गंभीरता से लेकर छात्रों के हित में त्वरित समाधान सुनिश्चित करे।

### सिद्ध पुरुष के मार्ग दर्शन से ही सबका कल्याण सुनिश्चित है: पीसी झा

**महराजगंज।** ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्धन मठ पूरी पीठाधीश्वर श्रीमान् जगद्गुरु शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा प्रतिष्ठित एवं संचालित पीठ परिषद और उसके अन्तर्गत आदित्यवाहिनी, आनन्दवाहिनी हिन्दू राष्ट्रसंघ सनातन संत समर्पित एवं राष्टोत्कर्ष अभियान के संयोजकत्व में हिन्दू राष्ट्र संगोष्ठी का आयोजन आज बुधवार को मनोज मिश्र के आवास पर आयोजित की गई। इस आयोजन के मुख्य वक्ता जगद्गुरु शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती के शिष्य पीसी झा रहे। कार्यक्रम शुरू होने के पूर्व मुख्य अतिथि का माल्यार्पण किया गया उसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा मनोज मिश्र एवं आनन्द मिश्र को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया । तत्पश्चात उन्होंने कहा कि गौ रक्षा, राष्ट्र रक्षा, धर्म रक्षा,धरा रक्षा करना प्रत्येक हिन्दू का धर्म है। इसलिए हिन्दूओं के अस्तित्व और आदर्श की रक्षा,देश की रक्षा एवं अखण्डता की चिंता हर हिन्दू को करना चाहिए तभी देश हिन्दू राष्ट्र बन सकता है। अंत में उन्होंने कहा कि सिद्धपुरूष के मार्ग दर्शन से ही सबका कल्याण सुनिश्चित है। इस दौरान विन्देश्वरी मणि, अर्जुन मिश्र, चंद्रप्रकाश दूबे राकेश मणि, देवीशरन दूबे, राजेन्द्र तिवारी, सतगुरु, प्रभाकर उपाध्याय, महादेव चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार विशुनदेव त्रिपाठी, सहित भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल रहे। आयोजित कार्यक्रम का संचालन प्रवीण त्रिपाठी द्वारा किया गया।

### खमरिया बी-पैक्स समिति में यूरिया की कालाबाजारी का आरोप, किसानों में आक्रोश



**ईसानगर,खीरी।** बी–पैक्स खमरिया समिति में यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाजारी को लेकर किसानों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। किसानों का आरोप है कि समिति पर खाद लेने के लिए घंटों लाइन में लगने के बावजूद उन्हें सिर्फ 2 बोरी खाद नहीं दी जा रही है, जबकि दलालों और ब्लैक करने वालों को 20–20 बोरी तक यूरिया बेची जा रही है। किसानों ने बताया कि सुबह 9–10 बजे से ही समिति परिसर में लाइन लग जाती है। आधार और अंगूठा लगवाने के बाद भी कई किसानों को शाम तक इंतजार करना पड़ता है, फिर यह कहकर लौटा दिया जाता है कि खाद खत्म हो गई है। किसानों का आरोप है कि यूरिया 300 से 350 रुपये प्रति बोरी तक ब्लैक में बेची जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि समिति परिसर से टेम्पो और ऑटो रिक्शा में बड़ी मात्रा में खाद लादकर बाहर भेजी जा रही है, जिससे कालाबाजारी की आशंका और गहरा गई है। मौके पर लगी भीड़ और यूरिया से लदे वाहन व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। वहीं समिति सचिव अनुपम ने कहा कि सुबह से शाम तक लगातार खाद का वितरण किया जाता है। उन्होंने कहा कि यहां किसान और दुकानदार दोनों आते हैं, सभी को संतुष्ट कर पाना संभव नहीं है। यदि किसी किसान को आज खाद नहीं मिल पाई तो उसे अगले दिन दी जाएगी।

# बबौना गौशाला में अव्यवस्था देख बिफरे एसडीएम, सुधार के दिए निर्देश

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



गौ संरक्षण केंद्रों की जमीनी हकीकत परखने के लिए शुक्रवार को एसडीएम मधुसूदन गुप्ता ने क्षेत्र की ग्राम पंचायत बबौना स्थित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिलीं खामियों और अव्यवस्थाओं पर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित जिम्मेदारों को जमकर फटकार लगाई और एक सप्ताह के भीतर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने को कहा है। एसडीएम मधुसूदन अचानक बबौना गौशाला पहुंचे, जिससे वहां मौजूद कर्मचारियों में खलबली मच गई। उन्होंने मौके पर गोवंश के रखरखाव, पेयजल और छांव के पुख्ता इंतजामों की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान गौशाला में कुल 122 टैग लगे गोवंश मौजूद मिले। राहत की बात यह रही कि मौके पर पर्याप्त मात्रा में चारा व भूसा उपलब्ध था और कोई भी पशु बीमार या कमजोर नहीं पाया गया। निरीक्षण के दौरान गोवंश के लिए पेयजल और छांव की कमी दिखने पर एसडीएम ने मौके पर ही नाराजगी जताई। उन्होंने पेयजल संकट को देखते हुए पानी की नादों (चरही) को दोनों साइड बढ़ाने तथा गोवंश को धूप से बचाने के लिए टीन शेड का दायरा बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए। इसके साथ ही पारदर्शिता के लिए गौशाला के मुख्य गेट पर ग्राम पंचायत और संबंधित सचिव का नाम अनिवार्य रूप से अंकित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान लेखपाल अमित भारती ग्राम प्रधान व सचिव मौजूद रहे।

## मजदूर संगठनों ने खण्ड विकास अधिकारी मितौली को सौंपा ज्ञापन

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



ग्रामीण एवं खेतिहर मजदूर एवं मनरेगा संगठनों के संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आवाहन पर मजदूरों ने ब्लॉक मितौली पहुंचकर खंड विकास अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम संबोधित मांग पत्र सौंपा गया। ज्ञापन में वीबी ग्राम जैसे मजदूर विरोधी कानून को रद किया जाय मनरेगा कानून को यथा स्थिति में सही तरीके से लागू किया जाय, फेस हाजिरी की वाधता समाप्त की जाए और पुरानी सरल हाजिरी व्यवस्था लागू की जाए, मनरेगा में हर ग्रामीण को 100 दिन की जगह 300 दिन का कार्य दिया जाए, मजदूरी बढ़कर 700 रुपए प्रतिदिन की जाए, मनरेगा में समय से काम और समय से मजदूरी की गारंटी दी जाए, गांव में जरूरत के अनुसार नये काम खोले जाए जिससे मजदूरों का पलायन न हो समस्त योजनाएं सुचारु रूप से संचालित करने की मांग की गई। खंड विकास अधिकारी मितौली ने समता मजदूर संगठन के पदाधिकारी को पूर्व में समस्त ग्राम पंचायत को रोजगार के संबंध में दिए हुए आदेश दिखाते हुए उन्हें पूरी तरीके से संतुष्ट कर भेजा और कहा हमारा प्रयास आप लोगों को सत प्रतिशत गांव में रोजगार दिलाने का प्रयास रहता है इस दौरान मजदूर संगठन के कई पदाधिकारी एवं ग्रामीण मजदूर मौजूद रहे।

## 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

- श्री गुरु नानक देव पब्लिक स्कूल में मेधावियों को किया गया सम्मानित, अभिभावकों में खुशी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



श्री गुरु नानक देव पब्लिक स्कूल, बांसी-अलीगंज खीरी में सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित कर सफल विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला।

विद्यालय की छात्रा सिमरन दीप कौर ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं गुरलीन कौर ने 83 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रीतपाल सिंह ने 71 प्रतिशत अंक अर्जित कर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा पलकदीप कौर एवं हरमनदीप सिंह ने 70-70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया, जबकि नवदीप कौर ने 69 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसी तरह कुछ दिनों पूर्व हाईस्कूल परीक्षा परिणाम भी शानदार रहा था। जैसे सुमनप्रीत कौर ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया था, जबकि पवनदीप कौर ने 87 प्रतिशत अंक अर्जित कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं रीवा श्रीवास्तव ने 79 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया था। इन मेधावी छात्रों को भी ट्रॉफी आदि देकर सम्मानित किया गया । सम्मान समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम सक्सेना ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय लगातार सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी उचित मार्गदर्शन एवं कठिन परिश्रम के बल पर बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

विद्यालय के मैनेजर देवेंद्र सिंह ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। प्रबंधन समिति ने भी सभी को आश्वासन दिया कि वह सदैव अपने विद्यार्थियों तथा विद्यालय की सफलता के लिए निरंतर तत्पर है और आगे भी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों एवं अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए अपने - अपने विचार साझा किये ।विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साह बढ़ाया। समारोह में उपस्थित लोगों ने छात्रों की उपलब्धियों पर तालियां बजाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया ।

### निघासन में सड़क हादसे में युवक की मौत, पिता घायल, प्राथमिकी दर्ज

**निघासन (खीरी)।** थाना क्षेत्र में पांच मई दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दुर्घटना की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बबुरी मजरा मूड़ा बुजुर्ग निवासी दीपक कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पिता सीताराम (50) और भाई पप्पू साहनी (29) पांच मई को बजाज प्लेटिना बाइक से किसी काम से निघासन जा रहे थे। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे झंडी छोटे चौराहे के पास सामने से आ रही हीरो एचएफ डीलक्स बाइक के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से गलत दिशा में आकर उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सीताराम और पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि घटना के बाद सीताराम ने मोबाइल फोन से घर पर सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों को पता चला कि पुलिस दोनों घायलों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन भेज चुकी थी। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने पप्पू साहनी को मृत घोषित कर दिया, जबकि सीताराम का इलाज शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नेपाल की नई नीति से सीमावर्ती मंडियों में कारोबार ठप, व्यापारियों में भारी नाराजगी

- बेलरायां, तिकुनिया व पलिया और संपूर्णानगर मंडियों पर पड़ा असर, हजारों कारोबारियों के सामने संकट

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



भारत-नेपाल सीमा से सटे बेलरायां, पलिया, बनगवां, तिकुनिया और संपूर्णानगर क्षेत्र की मंडियों में नेपाल सरकार की नई व्यापारिक नीति का सीधा असर देखने को मिल रहा है। सीमा पार होने वाले व्यापार पर सख्ती और नई शर्तें लागू होने के बाद इन मंडियों में कारोबार लगभग ठप पड़ गया है। इससे सीमावर्ती व्यापारियों, आढ़तियों, ट्रांसपोर्टरों और मजदूरों में भारी नाराजगी है। व्यापारियों का कहना है कि वर्षों से भारत-नेपाल के बीच सहज व्यापारिक व्यवस्था के चलते सीमावर्ती क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था मजबूत रही है, लेकिन हाल ही में लागू नई नीति से सामान की आवाजाही प्रभावित हो गई है। कई व्यापारियों के ट्रक सीमा पर फंसे हुए हैं, जबकि मंडियों में खरीद-बिक्री भी काफी कम हो गई है। पलिया और बेलरायां तिकुनिया मंडी के व्यापारियों ने बताया कि रोजाना लाखों रुपये का कारोबार प्रभावित हो रहा है। खासकर खाद्यान्न, किराना, फल-सब्जी, निर्माण सामग्री और दैनिक उपयोग के सामान के व्यापार पर सबसे ज्यादा असर पड़ा है। मंडियों में पहले जैसी चहल-पहल नजर नहीं आ रही और मजदूरों के सामने रोजगार का संकट भी खड़ा हो गया है। व्यापार मंडल से जुड़े लोगों ने सरकार से मामले में हस्तक्षेप कर नेपाल प्रशासन से वार्ता करने की मांग की है, ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों के व्यापार को राहत मिल सके। व्यापारियों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो आने वाले दिनों में आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती है। सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों का मानना है कि भारत-नेपाल व्यापार केवल कारोबार तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों देशों के लोगों की आजीविका और सामाजिक संबंधों से भी जुड़ा हुआ है। ऐसे में व्यापार प्रभावित होने से पूरे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।

### गुमशुदा महिला का शव तालाब में मिला

**महराजगंज।** नगर पंचायत आनंदनगर वार्ड नंबर एक आंबेडकरनगर रतनपुर खुर्द से गायब महिला का शव बीते दिनों बगल के गांव में स्थित एक तालाब में उतराता हुआ मिला। जब जानकारी परिजनों को हुई तो घर में चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फरेंदा थाना क्षेत्र के रतनपुर खुर्द निवासी सरोज उम्र 45 वर्ष डड़वार बुजुर्ग के कंपोजिट विद्यालय में अनुचर के पद पर कार्यरत रही। बीते बुधवार की शाम महिला घर से निकली जो देर रात तक घर नही पहुंची। परिजनों ने काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं पता नही चला। घटनास्थल पर लोग पहुंच कर शव का शिनाख्त किए सूचना पर पहुंची फरेन्दा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद है मौत के कारण की जानकारी होगी।

### डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील पट्टी में आज

**प्रतापगढ़।** माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन के परिप्रेक्ष्य में आज 16 मई को जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में तहसील पट्टी में किया जायेगा। जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, डीएफओ एवं विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शेष अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा, जिसमे तहसील स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर जनसमस्याओं का अनुश्रवण कर शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करेंगे।

### सीबीएसई की नई शिक्षा नीति के तहत चार परीक्षा केंद्रों पर गणित की परीक्षा संपन्न

**प्रतापगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत दूसरी बोर्ड परीक्षा का आयोजन प्रतापगढ़ के चार परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुआ। पहली बार लागू किए गए इस सिस्टम के तहत छात्रों को साल में दो बार परीक्षा देने का अवसर दिया जायेगा, जिससे वे अपने प्रदर्शन में सुधार कर सकें। सीबीएसई ने इसके लिए प्रतापगढ़ में चार केंद्र न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, संस्कार ग्लोबल स्कूल, आइंस्टीन पब्लिक स्कूल लालगंज तथा जेएमजी पब्लिक स्कूल कालाकांकर को बनाया है। जहां शुक्रवार से परीक्षाएं शुरू हुईं। कल शुक्रवार को गणित विषय की परीक्षा हुई जिसमें प्रतापगढ़ के 47 सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के 1358 परिक्षार्थी रजिस्टर्ड थे, जिसमें 1273 परीक्षार्थी शामिल हुए तथा 85 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर तथा न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल बिपिन कुमार सोनी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीबीएसई आब्जर्वर की देख रेख में परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा केंद्र पर सभी छात्रों को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले आई कार्ड के साथ ड्रेस कोड में पहुंचना था। एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की चेयर पर्सन डॉ शाहिदा ने बताया कि सीबीएसई कक्षा दस की दूसरी बोर्ड परीक्षा 21 मई को समाप्त होगी। शनिवार 16 मई को अंग्रेजी विषय की परीक्षा होगी।

## उपजिलाधिकारी के स्थानांतरण की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का धरना पांचवें दिन जारी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

- रेवन्यू बार एसोसिएशन को सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन का मिला समर्थन

अधिवक्ताओं ने लगातार तीसरे दिन भी उपजिलाधिकारी फरेंदा के मनमानेपन, तानाशाही रवैया एवं भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। आंदोलन के तीसरे दिन अधिवक्ताओं ने न्यायलयों के बहिष्कार के साथ ही उपनिबंधक कार्यालय में बैनामा दस्तावेज का पंजीकरण भी ठप करा दिया। वहीं स्टांप वेंडर द्वारा स्टांप की बिक्री भी नहीं होने से लोग परेशान रहे। बाद में अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी कार्यालय के सामने अनिश्चित कालीन धरना जारी रखा। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जितेंद्र सैनी व मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि फरेंदा के एसडीएम, एसओसी व नायब तहसीलदार के न्यायालय का बहिष्कार कुछ दिनों से चल रहा है। जिम्मेदारों द्वारा मनमानी व विधिक प्रक्रिया के विरूद्ध जाकर मुकदमों में आदेश पारित किया जा रहा है। जिससे अधिवक्ताओं व वादकारियों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि उपजिलाधिकारी फरेंदा के मनमानेपन, तानाशाही पूर्ण रवैया एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध उनका धरना उपजिलाधिकारी के स्थानांतरण तक जारी रहेगा। आंदोलन को सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन फरेंदा के मंत्री अजीत मणि त्रिपाठी ने बार के तरफ से समर्थन पत्र दिया गया।इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेराज अहमद खां, परमात्मा सिंह, परमात्मा त्रिपाठी, ओमप्रकाश शुक्ला, जगदंबा यादव,सरोज मिश्र, राघवेंद्र उपाध्याय, अष्टभुजा वर्मा, सनद त्रिपाठी असफाक संजय मिश्रा, अवधेश उपाध्याय, रत्नेश उपाध्याय, रविन्द्र पासवान, स्वामीनाथ, अनूप गुप्ता, अरविंद उपाध्याय उर्मिला, विवेक श्रीवास्तव, व उमाकांत विश्वकर्मा सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## आकांक्षाओं को मिला विकास का आधार, धौरहरा बना बदलाव की नई मिसाल

**धौरहरा, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

- तेजी से बदलती तस्वीर के साथ विकास की नई इबारत लिख रहा धौरहरा



कभी घाघरा और शारदा नदियों के कटान, बाढ़ और पिछड़ेपन की पहचान रखने वाला विकास खंड धौरहरा अब तेजी से बदलती तस्वीर के साथ विकास की नई इबारत लिख रहा है। आकांक्षात्मक विकास खंड के रूप में चयनित धौरहरा में बीते एक वर्ष के दौरान हुए नवाचार और जनहितकारी कार्यों ने इसे जिले में अलग पहचान दिलाई है।

322.61 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैले इस विकास खंड में 49 ग्राम पंचायतें और 59 राजस्व ग्राम शामिल हैं। पिछड़े क्षेत्र की श्रेणी में आने के कारण उत्तर प्रदेश सरकार और नीति आयोग भारत सरकार ने इसे आकांक्षात्मक विकास खंड के रूप में चयनित किया था। अब यही क्षेत्र विकास और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मिसाल बनता नजर आ रहा है। संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत धौरहरा ने 6 प्रमुख इंडिकेटर्स पर 100 प्रतिशत प्रगति हासिल कर नीति आयोग से गोल्ड मेडल प्राप्त किया। जिला प्रशासन और मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में विकास खंड में कई अभिनव योजनाओं को धरातल पर उतारा गया। ग्राम पंचायत सरसवां में मनरेगा के अंतर्गत आधुनिक हाट बाजार का निर्माण कराया गया, जहां 48 स्थायी दुकानों और 54 फुटपाथ दुकानदारों को व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराया गया। बाजार में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग शौचालय, वाहन स्टैंड और जनसुविधा केंद्र की व्यवस्था की गई है। इससे पहले दुकानदार खुले में कारोबार करने को मजबूर थे। वहीं हरदी, अदलीशपुर, बबुरी और देवीपुरवा ग्राम पंचायतों में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों में बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल, पोषण वाटिका और बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराया गया है। अमेठी ग्राम पंचायत के महादेव कंपोजिट विद्यालय में मॉडल एमडीएम किचन शेड का निर्माण कराया गया, जबकि कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा अन्नपूर्णा शॉप स्थापित कर पात्र लोगों को राशन सुविधा से जोड़ा गया। निराश्रित पशुओं की समस्या के समाधान के लिए विभिन्न ग्राम पंचायतों में अस्थायी गौशालाओं का निर्माण कराया गया, जहां 2290 पशुओं को संरक्षित किया गया है। मुख्यमंत्री जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत 49 ग्राम पंचायतों में 1213 लाभार्थियों का चयन भी किया गया है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि धौरहरा में पिछले एक वर्ष में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। ग्रामीणों के मुताबिक खंड विकास अधिकारी के स्तर पर शिकायतों का तत्काल संज्ञान लिया जाता है और अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर समस्याओं का समाधान करते हैं। खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उनका प्रयास रहता है कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो और विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर मौके पर जाकर देखा जाता है। लगातार हो रहे विकास कार्यों और नवाचारों से धौरहरा अब पिछड़े विकास खंड की छवि से बाहर निकलकर विकास की नई पहचान गढ़ता दिखाई दे रहा है।

### न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में होगा सीबीएसई नेशनल कबड्डी टूर्नामेंट

**प्रतापगढ़।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, प्रतापगढ़ को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई)ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। सीबीएसई द्वारा आयोजित नेशनल कबड्डी टूर्नामेंट 2026-27 की मेजबानी का अवसर न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल को प्रदान किया गया है। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉक्टर शाहिदा ने बताया कि सीबीएसई द्वारा नेशनल लेवल के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के आयोजन की जिम्मेदारी मिलना न केवल विद्यालय बल्कि पूरे प्रतापगढ़ जिले के लिए गर्व की बात है। इस टूर्नामेंट में सम्पूर्ण भारत ही नहीं बल्कि यूएई, सऊदी अरब, ओमान, कतर, सिंगापुर, जापान इत्यादि विदेशी सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूलों की यू-14, यू-17 और यू-19 आयु वर्ग की बालक की टीमें हिस्सा लेंगी।विद्यालय प्रबंधन ने आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कबड्डी कोर्ट, खिलाड़ियों के रहने-खाने की व्यवस्था, मेडिकल टीम और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। अनुमान है कि 1500 से अधिक खिलाड़ी और 100 से अधिक ऑफिशियल्स इस टूर्नामेंट में प्रतिभाग करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार सोनी ने कहा कबड्डी भारत का पारंपरिक खेल है।सीबीएसई के इस टूर्नामेंट से ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच मिलेगा। हमारा प्रयास रहेगा कि खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं मिलें और प्रतापगढ़ का नाम खेल के नक्शे पर रोशन हो।जिला खेल अधिकारी श्रीमती पूनम लता राज ने भी स्कूल को बधाई देते हुए कहा कि इस आयोजन से जिले में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा मिलेगी और स्थानीय युवाओं को प्रेरणा मिलेगी।